आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 11 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 107, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया 16

पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग 15

## बेटे की चाह में पिता ने की जुड़वा नवजात की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- मारने के बाद घर के पास दफना दिया, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पत्नी को बताया कि बीमारी की वजह से हो गई बच्चियों की मौत

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बेटे की चाह रखने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी और उन्हें अपने घर के पास दफना दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी नीरज सोलंकी को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक सोलंकी ने तीन जून को अपनी बेटियों की हत्या कर दी थी। गोयल ने कहा कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद शवों को पांच जून को बाहर निकाला गया। डीसीपी ने बताया कि सोलंकी ने अपनी तीन दिन की बेटियों को इसलिए मार डाला क्योंकि वह बेटा चाहता था।

बच्चियों का जन्म हरियाणा में एक निजी अस्पताल में हुआ था। सोलंकी अपनी पत्नी से यह झूठ बोल कर बच्चियों को दिल्ली लाया था कि किसी बीमारी की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# 7720 चयनित लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र, 4700 पदों पर भर्ती शीघ्र

## कर्तव्यों के प्रति रहें सजग, लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें लेखपाल : योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मिशन रोजगार कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 7720 लेखपालों को बुधवार को नियुक्ति दिया गया, जबकि 4700 खाली पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चयनित लेखपालों को उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि लेखपाल लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें।



लोकभवन में चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- मुख्यमंत्री ने लोकभवन में वितरित किए नियुक्ति पत्र

### नई भर्ती के लिए भेजा जा चुका है प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 2022 में राजस्व विभाग ने अपना प्रस्ताव अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दिया था। चयन की प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ आयोग ने संपन्न की, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें रोड़ा अटकाने का कार्य किया। राजस्व विभाग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इसके लिए लड़ा और अंततः सफलता मिली। उन्होंने कहा कि 4700 और नई नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही यह प्रक्रिया भी पूरी होगी। इससे सृजित व खाली पड़े 3837 लेखपालों की संख्या भी पूरी हो जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी।

ऐसे में लेखपालों की जिम्मेदारी बनती है कि वे प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ ही गरीबों की 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए कार्य करें। लोगों को निर्धारित समय सीमा में जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र मुहैया कराने में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें।

वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्यवाही समय से पूरी हों। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच में अच्छी छवि बने, ताकि लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष मिशन रोजगार को लेकर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। लोकभवन के साथ ही मंडलायुक्त कार्यालयों में कार्यक्रम का लाइव आयोजन किया गया। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ. रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

#### डोडा में आतंकवादियों की तलाशी का अभियान तेज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जंगलों में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने बुधवार को तलाशी अभियान तेज कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि डोडा में आज तड़के फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। कल देर रात अंधेरे के कारण तलाशी अभियान रोका गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। डोडा के जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण तलाशी अभियान निलंबित कर दिया गया था।

#### डीजीसीए ने जारी किए सुरक्षा मानदंड

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी आवश्यकताओं सहित हवाई अड्डों पर विमान संचालन सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षा मानदंड जारी किए हैं। डीजीसीए ने यह कदम हवाई यातायात में वृद्धि के बीच हवाई अड्डों पर विमानों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत उठाया है। कुछ हवाई अड्डों पर विमान को नुकसान पहुंचने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में भी ये नियम बनाए गए हैं। डीजीसीए ने बुधवार को कहा कि नया 'सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स' (सीएआर) विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया है जो निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा।

# टैंकर से टकराई बस, 18 की मौत

## उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को भोर में हुआ हादसा, 19 घायल

## बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करते समय टैंकर में पीछे से भिड़ी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तेज धमाके के बाद मची चीत्कार रोड पर बिखरे पड़े मिले शव
- मृतकों के परिजनों को 2 लाख घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोगीकोट गांव के पास बुधवार भोर में एक डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे दूध लदे टैंकर में जा घुसी। जिससे बस, टैंकर चालक सहित 18 यात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। तेज धमाका सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक्सप्रेस-वे पर लाशें बिखरी पड़ी थीं और घायलों में चीख-पुकार मची थी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। शासन ने मृतकों व घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ हर संभव मदद देने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने दुर्घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है।

बुधवार भोर करीब साढ़े 4 बजे गौरीगंज अमेठी से दूध लदा टैंकर दिल्ली जा रहा था। बिहार प्रांत के शिवहर शहर से 70 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टैंकर में पीछे से घुस गई। तेज धमाके के साथ बस के परखचे उड़ गए। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी पलट गया और ढक्कन खुलने से दूध सड़क पर बह गया। हादसे से बस दो हिस्सों में बंट गई। बाद में यूपीडा के साथ पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और आसपास के सरकारी अस्पतालों से बुलाई गई 10 एंबुलेंस से घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां 18 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में बस और टैंकर चालक भी शामिल हैं। डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे। बाद में सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ गंभीर घायलों को केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को दूसरे वाहन से जिला प्रशासन ने गंतव्य को भेजा। मृतकों में टैंकर चालक सुनील सहित तीन लोगों की ही पहचान हो सकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर चार किमी दूर तक वाहनों की कतार लग गई। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि स्लीपर बस शिवहर बिहार से दिल्ली जा रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि डाक्टरों की टीम इलाज में लगी है।



हादसे के बाद क्रेन से हटाई जा रही दुर्घटनाग्रस्त बस। ● एजेंसी

उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री।

उन्नाव में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। **-योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में 18 लोगों की मौत का कारण सरकार की लापरवाही है। ये जांच का विषय है कि एक्सप्रेस-वे पर विशेष पार्किंग जोन होते हुए भी कोई वाहन बीच रास्ते में क्यों खड़ा था। सीसीटीवी लगे रहने के बावजूद खड़े वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। **-अखिलेश यादव**, पूर्व मुख्यमंत्री।

# तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह कोई दान नहीं, बल्कि महिला का अधिकार
- अदालत ने कहा- सीआरपीसी की धारा-125 सभी महिलाओं पर लागू

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी का यह धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी।

दोनों न्यायाधीशों ने अलग लेकिन समवर्ती आदेश दिए। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था। समद ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है।

# सरकारी गोशाला में कई गोवंश की मौत, दो अधिकारी निलंबित



गोशाला में बीमार गाय को दुलारते डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया।

- प्रशासन ने की छह की पुष्टि, ग्रामीणों में 15 से 20 के मरने की चर्चा
- सीवीओ और बीडीओ समेत चार अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** विकास खंड संभल के गांव शरीफपुर की अस्थायी गोशाला में कई गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। जिला प्रशासन ने छह गायों की मौत की पुष्टि की है। मौत की वजह बाजरा खाने से फूड प्वाइजनिंग होना बताया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी और पशुधन प्रसार अधिकारी को निलंबित कर दिया है। जबकि सीवीओ और बीडीओ संभल समेत चार अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

ग्रामीणों में चर्चा है कि गोशाला में करीब 15 से 20 गोवंशीय पशुओं की मौत हुई है। ग्रामीण गोशाला पहुंचे तो जहां-तहां पशुओं के शव पड़े थे। प्रधान सुरेंद्र सिंह भी पहुंचे लेकिन अधिकारियों को सूचना नहीं दी। ग्रामीणों की सूचना पर सीवीओ दिनेश चंद्र, बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह, कार्यवाहक एसडीएम दीपक चौधरी गोशाला पर पहुंचे। अधिकारियों ने जेसीबी से गड्ढे खोदवाकर पशुओं के शव दफन कराने का काम शुरू कराया। उस समय भी एक मृत गोवंश पानी के गड्ढे में उतराता दिखाई दे रहा था जबकि दो पशुओं की टांगें मिट्टी से बाहर दिख रही थीं। गोशाला में छह पशुओं के शव इधर-उधर पड़े थे। इस बीच मृत पशुओं के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने गोशाला पहुंचकर हालात का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि बाजरा खाने के कारण फूड प्वाइजनिंग हुई। बाकी सैंपल आईवीआरआई बरेली भेजे गए हैं। छह गोवंशीय पशुओं की मौत हुई है और छह बीमार पशुओं को ड्रिप लगाई गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ कुमार सिंह और पशुधन प्रसार अधिकारी शुभम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नोडल ऑफिसर एआर कोआपरेटिव वीरेंद्र सिंह, डिप्टी सीवीओ डॉ.राजपाल वर्मा, सीवीओ दिनेश चंद्र और बीडीओ संभल प्रेमपाल से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम ने प्रधान समेत दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## सीबीआई जांच के लिए राज्य की सहमति जरूरी

- सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल सरकार की याचिका को सही ठहराया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस वाद को विचारणीय माना जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य की ओर से 16 नवंबर 2018 को आम सहमति वापस लिए जाने के बावजूद सीबीआई विभिन्न मामलों में जांच जारी रखे हुए है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राज्य के वाद पर कानून के अनुरूप और गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की। शीर्ष अदालत ने आठ मई को इस संबंध में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था कि राज्य द्वारा दायर वाद सुनवाई योग्य है अथवा नहीं। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि राज्य ने 16 नवंबर 2018 को अपनी सहमति वापस ले ली है तो ऐसे में केंद्र जांच एजेंसी को जांच के लिए राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं दे सकता।

# नेपाल व उत्तराखंड से छोड़े गए पानी से आई बाढ़ ने प्रदेश में मचाई तबाही : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेपाल व उत्तराखंड से छोड़े गए पानी के कारण प्रदेश में बाढ़ ने तबाही मचाई है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी व पीलीभीत का हवाई सर्वे व नाव में बैठकर स्थिति का जायजा लिया। पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने अधिकारियों से राहत कार्यों की जानकारी हासिल कर इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों व महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल समाधान के आदेश दिए। साथ ही लोगों से खुद प्रार्थना पत्र प्राप्त किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को खुद राहत सामग्री वितरित की और बाढ़ शरणालय पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना। बाढ़ से ऊफनाई नदियों का जायजा भी लिया। सीएम ने निरीक्षण के दौरान दोनों जिलों में मीडिया प्रतिनिधियों से राहत कार्यों से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख समेत स्थानीय विधायक आदि भी मौजूद रहे।



पीलीभीत में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर व पीलीभीत का किया हवाई सर्वे
- राहत सामग्री बांटी, अफसरों को दिए राहत कार्य में तेजी के निर्देश

## आईटीबीपी ने लद्दाख में 108 किलो सोना पकड़ा

**लेह।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने भारत-तिब्बत सीमा पर तस्करी कर लाए गए सोने की 108 ईंटे जब्त की हैं। प्रत्येक ईंट का वजन एक किलोग्राम है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बल के एक अधिकारी ने बताया कि सोना के अलावा दो मोबाइल फोन, एक दूरबीन, दो चाकू और कई चीन निर्मित खाद्य सामग्री जैसे केक और दूध भी जब्त की गई है। आईटीबीपी द्वारा सोने की यह सबसे बड़ी जब्ती है। जब्त सामग्री को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। आईटीबीपी को श्रीरापले में तस्करी की खुफिया जानकारी मिली थी।

**सड़क हादसा** आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से सुरक्षा तंत्र पर उठ रहे सवाल, नवागत एडीजी यातायात ने शुरू किया अभियान, जिलों से मांगी रिपोर्ट

# साढ़े चार वर्ष में 96 हजार से ज्यादा लोगों ने हादसों में गंवाई जान

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह हुई बस दुर्घटना में 18 यात्रियों के मरने के बाद अब सड़क सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। यातायात निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार साल दर साल हादसों और इससे होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। जिस गति से सड़कें बन रही हैं, उससे दोगुनी गति से वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में यातायात विभाग दुर्घटनाओं को रोक पाने में असफल साबित हो रहा है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2021 से जून 2024 तक (साढ़े चार वर्षों में) हुईं सड़क दुर्घटनाओं में 96 हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। एक लाख 20 हजार से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। उक्त वर्षों में एक लाख 76 हजार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क हादसों को रोकने को भारी-भरकम स्टाफ कार्य कर रहा है। लेकिन, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं सरकारी तंत्र को कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

| वर्ष | कुल हादसे | घायलों की संख्या | मृतकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2020 | 34200 | 22400 | 19100 |
| 2021 | 37710 | 24800 | 21000 |
| 2022 | 41740 | 28500 | 22500 |
| 2023 | 44500 | 31000 | 23600 |
| 2024 (जून तक) | 18680 | 13600 | 10000 |

**खुले कट्स हादसों का बड़ा कारण :** जिलों से निदेशालय पहुंच रही रिपोर्ट पर गौर किया जाए तो डिवाइडर पर खुले कट्स हादसों के लिए सबसे बड़े कारणों के रूप में सामने आ रहे हैं। चौराहों पर विद्युत व्यवस्था न होना। सिंगल और डबल लेन सड़क भी असुरक्षित हैं। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरे हो गए हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### टूरिस्ट परमिट पर चल रही बसें, जिम्मेदार मौन

टूरिस्ट परमिट पर डबल डेकर बसें धड़ल्ले से चल रही हैं। इन बस संचालकों पर न नियम लागू हो पा रहा न ही कोई कार्रवाई हो पा रही है। डबल डेकर बसें दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बन रही हैं। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के एक व्यावसायी इन बसों को चलवा रहे हैं। यह बसें नेपाल बार्डर से जुड़े जिलों से चलकर पंजाब, दिल्ली और गुजरात तक जाती हैं। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों से भी यह बसें लगातार चल रही हैं।

यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग जिस तरह से काम कर रहा, उसका परिणाम एक-दो महीने में देखने को मिलेगा। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिलों के अधिकारियों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं। प्रचार के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। कुछ नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। **- के. सत्यनारायण**, एडीजी यातायात।

### संविदा पर रखे गए ड्राइवर भी बड़ी वजह

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि परिवहन विभाग के ज्यादातर ड्राइवर संविदा पर हैं। ऐसे में उन्हें इस जिम्मेदारी का एहसास नहीं होता कि उनके कंधों पर कई जिंदगियां टिकी हुई हैं। उनको पता है कि उनकी नौकरी अस्थायी है, वह कभी भी निकाले जा सकते हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं के रूप में उनकी लापरवाही भी सामने आती है।

## शहर में आज



☞ इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस सुबह 8 :30 बजे।

☞ चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5 :00 बजे।

☞ लाल मस्जिद में जिक्र ए शहीदाने कर्बला कार्यक्रम रात 9 :00 बजे।

## एक नजर



मंडी समिति परिसर में पसरी गंदगी।

### मंडी में गंदगी के विरोध में निदेशक को पत्र लिखा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवीन फल-सब्जी मंडी में फैली गंदगी को लेकर मंडी के आढ़तियों ने मंडी प्रशासन का विरोध किया। आढ़तियों ने निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद एवं संभागीय उपनिदेशक मंडी परिषद को पत्र भेजा है। जिसमें मंडी परिसर में सफाई की लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। जिलाधिकारी, मंडी की सभापति और सचिव को लिखे शिकायती पत्र में भी मंडी में संक्रामक रोग फैलने की आशंका जताई है। बारिश ने मंडी समिति में साफ सफाई की पोल खोल दी है। मंडी परिसर में सड़कों पर नाले का गंदा पानी व कीचड़ भरा है। आढ़तियों का कहना है कि पहले भी कई बार मंडी प्रशासन से अव्यवस्था की शिकायत की गई। लेकिन, फर्क नहीं पड़ा। बुधवार को मंडी के आढ़ती मोहम्मद अली ने मंडी की सचिव, सभापति व जिलाधिकारी को भी मंडी में फैली गंदगी को लेकर पत्र लिखा है।

### पीर का बाजार और मियां कालोनी की बिजली गुल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बारिश के चलते सीतापुरी फीडर से जुड़े पीर का बाजार और मियां कालोनी के ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया, जिसकी सूचना मिलते ही जेई और लाइन स्टाफ मौके पर पहुंचे। पहले पीर का बाजार में ट्रांसफार्मर ठीक कराया, इसके बाद मियां कॉलोनी के ट्रांसफार्मर की डेमेज लीड को बदलवाया गया। इस दौरान कई इलाके में दो से तीन घंटे बिजली गुल रही। जेई मुलायम सिंह यादव ने बताया कि दो ट्रांसफार्मरों में फाल्ट हो गया था जिसकी वजह से कई इलाकों में बिजली की दिक्कत हो गई थी।



ग्राम काफियाबाद के जंगल में तेजी से बढ़ता बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार

### बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग ने भी संभाला मोर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बाढ़ क्षेत्र के गांवों में डॉक्टर-पैरामेडिकल कर्मियों की टीमें पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगा रही हैं। मूंढापांडे के रानीखेर, हरपाल नगर गांव में डॉ. मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम पहुंची। टीम में शामिल नेत्र सहायक विवेक कुमार, लैब टेक्नीशियन राहुल, टीबीएचवी बब्लू सिंह व फार्मासिस्ट मनोज कुमार ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें दवाएं दी हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अशरफ ने निरीक्षण भी किया। अधीक्षक ने बताया कि दोनों गांवों में स्वास्थ्य टीमों ने कुल 70 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें दवाएं दी हैं। दूसरी तरफ सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों को विभिन्न रोगों से बचाने और संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना तैयार की है। 30 बाढ़ चौकी बनाई गई हैं। इनमें कुल 234 गांव शामिल हैं। इन गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य टीमें बाढ़ चौकी वार तैनात की गई हैं।



ग्राम काफियाबाद में बाढ़ के पानी में कुछ इस तरह गुजर रहे ग्रामीण। ● अमृत विचार

# ढेला और गागन नदी का जलस्तर बढ़ने से परेशानी

## सदर तहसील में रामगंगा व ढेला नदी के तटीय क्षेत्रों में पहुंचा पानी, फसलें जलमग्न होने से बढ़ी चिंता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पहाड़ों में हो रही बारिश से मैदानी क्षेत्रों में नदियों का जलस्तर घट बढ़ रहा है। मुरादाबाद में गागन नदी का जलस्तर बढ़ते क्रम में हैं। वहीं स्थानीय ढेला नदी का पानी सदर तहसील के कई गांवों में घुस गया है। इससे आवागमन प्रभावित हो गया है। रामगंगा नदी कालागढ़ डैम से पानी छोड़ने से जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि मुरादाबाद में कटघर रेलवे पुल के पास रामगंगा नदी का जलस्तर अब घटने के क्रम में होने से राहत है। तटीय इलाकों में रहने वाले पूरी तरह सतर्क हैं।

दो दिन के बाद बुधवार की सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी से उमस से थोड़ी राहत मिली। वहीं नदियों का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों के गांवों व मोहल्लों में रहने वालों की चिंता बढ़ गई है। सदर तहसील में गागन व स्थानीय ढेला नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में पानी घुस गया है। काफियाबाद, इस्लामनगर में खेतों में बारिश व नदी का पानी घुसने से आवागमन भी प्रभावित है।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में स्थापित बाढ़ कंट्रोल रूम से बुधवार दोपहर बाद मिली जानकारी के अनुसार चारों तहसीलों में बारिश शून्य रिकॉर्ड किया गया है। नदियों का जलस्तर घट बढ़ रहा है। मुरादाबाद में कटघर रेलवे पुल के पास रामगंगा नदी का जलस्तर 189.61 मीटर रिकॉर्ड किया गया जो घटाव के क्रम में है। गागन नदी का जलस्तर 189.20 मीटर रहा जो बढ़ते क्रम में है। रामगंगा नदी कालागढ़ बांध पर जलस्तर 336.470 मीटर रिकॉर्ड किया गया। यह बढ़ने के क्रम में है। बताया कि सदर तहसील के मूंढापांडे विकास खंड के गड़ईखेड़ा व रनियाठेर में बाढ़ का पानी पहुंचा है। नदियों के जलस्तर पर कंट्रोल रूम से नजर रखी जा रही है। जलस्तर की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जा रही है। जिससे जरूरी प्रबंध किए जा सकें।



बाढ़ के पानी से जलमग्न धान की फसल। ● अमृत विचार



रामगंगा नदी में जान जोखिम में डालकर पशुओं के लिए चारा लेने जाता किसान।

| जनपद स्तरीय बाढ़ कंट्रोल रूम के फोन नंबर | |
|---|---|
| फोन नंबर | 0591-2412728 |
| मोबाइल नंबर | 9454416867 |

- कई जगह आवागमन बाधित नदियों के जलस्तर बढ़ने पर है अधिकारियों की नजर

### 232 प्रशिक्षित आपदा मित्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करेंगे लोगों की मदद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में बाढ़ व अन्य दैवीय आपदा से निपटने के लिए 232 प्रशिक्षित आपदा मित्र तैयार हैं। इन दिनों मानसून की बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए इन आपदा मित्रों के अलावा 23वीं वाहिनी पीएसी के जवानों को भी सतर्क किया गया है। जिले की चारों तहसीलों को मिलाकर बाढ़ की स्थिति में लोगों की मदद के लिए 29 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। जिसमें सदर तहसील में सर्वाधिक 16, कांठ में 2, बिलारी में 7 और ठाकुरद्वारा तहसील में 4 राहत शिविरों में प्रभावितों को शरण देने के लिए चिह्नित किया गया है। यहां जरूरत पर सभी प्रबंध उपलब्ध रहेंगे। वहीं इसके अलावा बाढ़ में प्रभावित होने वाले संभावित 193 गांवों में संबंधित तहसीलों के अधिकारी व बाढ़ चौकियों पर ड्यूटी करने वालों को सतर्क किया गया है। जिससे कहीं भी बाढ़ की स्थिति होने पर तत्काल राहत व सहायता मिल सके। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। तहसीलों से समन्वय कर हर स्थिति पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हर स्थिति पर नजर रखे है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी जरूरी प्रबंध कराया जा रहा है। जिले में आपदा की स्थिति में राहत के लिए 232 प्रशिक्षित आपदा मित्र हैं। इसके अलावा 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद व गाजियाबाद जिले के राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) की टीम भी बाढ़ व अन्य आपदा की स्थिति में हर संभव मदद करेगा।

### अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें तहसील स्तर के अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नदियों के जलस्तर बढ़ने व बारिश का पानी भरने वाले क्षेत्रों में तहसील स्तर के अधिकारियों को सतर्क होकर निगरानी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर के कंट्रोल रूम से मानीटरिंग करें। जिला व तहसील प्रशासन व संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर काम करेंगे तो किसी भी स्थिति से निपटा जा सकता है।

## एडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जाना लोगों का हाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अपर जिलाधिकारी ने राहत एवं बचाव के उपायों में तेजी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश
- बोले- सभी टीमें क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर ग्रामीणों के संपर्क में रहें ग्रामीण भी बाढ़ के पानी से रहें दूर

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र ने बुधवार को सदर तहसील के मूंढापांडे ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों का हाल जाना। राहत एवं बचाव के उपायों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

अपर जिलाधिकारी ने मूंढापांडे विकास खंड के ग्राम भीलखेड़ा, दुपेड़ा, रनियाठेर, हीरापुर, हरपाल नगर, गदईखेड़ा का निरीक्षण किया। बाढ़ चौकी राहत शिविर में भी पहुंचे। अपर जिलाधिकारी ने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है। उन्होंने बाढ़ के पानी से दूर रहने के लिए जागरूक किया। कहा कि अभी आबादी में बाढ़ का पानी नहीं आया है। मार्ग पर पानी आया है। अपर जिलाधिकारी ने टीमों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी टीमें लगातार भ्रमण कर ग्रामीणों के संपर्क में रहें। बाढ़ का पानी बढ़ने पर बैरियर लगाकर ग्रामीणों को रोकने का कार्य किया जाए। चिकित्सा टीम को हरपालपुर के लिए भेजा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर लोगों से जानकारी लेते अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, साथ में सदर तहसील के उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल।

# सर्वे की 26 आपत्तियों का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम के जोन तीन के टाउनहाल स्थित जोनल कार्यालय में बुधवार को जीआईएस (जियोग्राफिकल इनफारमेशन सर्वे) से संबंधित आपत्तियों के निस्तारण के लिए शिविर लगा। इसमें 49 आपत्तियां आईं, जिसमें से 26 को मौके पर निस्तारित किया गया। टीम ने शिविर में 2,17,758 रुपये का कर भी जमा कराया।

जीआईएस सर्वे को लेकर भवन व प्रतिष्ठान स्वामियों की आपत्तियों के निस्तारण के लिए शिविर में आने वाले लोगों ने तय जगह से अधिक दायरे में निर्माण दिखाकर टैक्स बढ़ाकर देने की शिकायत की। जिसका नक्शे से मिलान कर और मौके पर टीम भेजकर सत्यापन कराया गया। 49 में से 26 शिकायतों को निस्तारित किया। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार मौजूद रहे। इसी क्रम में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक अरविंद कुमार ने नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार के साथ कांठ रोड पर बनाए जा रहे हेरिटेज ट्राएंगल के अन्तर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। दोनों ने हरथला, खुशहालपुर रोड पर भ्रमण कर पुराने पेड़ों के संरक्षण, ग्रीन बेल्ट का निर्माण, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने आदि कार्यों को देखा।



शिविर में जीआईएस सर्वे से संबंधित शिकायतों को सुनतीं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी।

### मोहर्रम के जुलूस मार्ग पर ठीक कराई नाली व पुलिया

नगर निगम की निर्माण विभाग की टीम ने मोहर्रम के जुलूस निकाले जाने वाले मार्ग पर वार्ड नंबर 67 अंडावालान में मुख्य सड़क की मरम्मत कराई। डिप्टीगंज चौराहे के पास मैनहोल के साइड में मिट्टी भरा गया। कांठ रोड, दिल्ली रोड व अन्य मार्गों पर सड़क किनारे पड़ा मलबा व ईंटों को हटाया गया। पंडित नगला, शिवनगर, भोलानाथ कॉलोनी में जलनिकासी का प्रबंध निगम की टीम ने कराया।

## बारिश में खुली स्वच्छ भारत अभियान की पोल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** एक तरफ पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है, वहीं क्षेत्र के हुसैनपुर पचतौर गांव में बारिश ने अभियान की पोल खोलकर रख दी है। गांव के मुख्य रास्तों और प्राथमिक विद्यालय के नजदीक चारों और गंदगी है। इस ओर ग्राम प्रधान एवं प्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

गांव में स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ कागजों में ही दर्ज होकर रह गया है। ग्रामीणों के शिकायत करने पर भी समस्या के समाधान का कोई प्रयास नहीं किया गया। गांव में जिस स्थान पर पानी भरा है, वह गांव का मुख्य रास्ता है। ग्रामीणों का कहना था कि यहां बारिश से पहले भी गंदगी थी। पास ही स्कूल होने से बच्चों को भी संकरण का खतरा है। मैनाठेर क्षेत्र के हुसैनपुर पचतौर गांव के बीच से होकर निकलने वाली मुख्य सड़क पर गंदगी होने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं।।

# बिना सुरक्षा उपकरण काम कर रहे कर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के उपकरणों में फाल्ट होने का सिलसिला बारिश में बढ़ गया है। लेकिन फाल्ट सही करने वाले लाइनमैन बिना सुरक्षा उपकरणों के जान जोखिम में डालकर फाल्ट सही करने में जुटे हैं। हालांकि इस लापरवाही से स्मार्ट सिटी परियोजना में कार्य कर रही कार्यदायी संस्था के चार कर्मी करंट से झुलस गए थे। उस वक्त बिजली विभाग को घटना में झुलसे मजदूरों को मुआवजा देना पड़ा था।

पिछले एक साल से महानगर में आरडीएसएस योजना और स्मार्ट परियोजना के अंतर्गत बिजली विभाग के लाइनमैन कार्य कर रहे हैं। इनमें बिजली के खंभों से गुजर रहे से पेड़ों के कटान हो या फिर जोड़ना व ट्रांसफार्मरों में हुए फाल्ट को सही करने का कार्य हो। इन सभी कार्यों को लाइनमैन बिना सुरक्षा उपकरणों के ही जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं।



बिना सुरक्षा उपकरण के जान जोखिम में डालकर विद्युत लाइन ठीक करता कर्मी।

हालांकि इस बात से बिजली विभाग के अधिकारी खुद को अनजान बता रहे हैं। लेकिन यह बात हकीकत से अलग है। हर फाल्ट को सही करने या योजना परियोजना का कार्य को सही करने का निर्देश अधिशासी अभियंता द्वारा ही किए जाते हैं। कार्य के वक्त एसडीओ व जेई भी लाइनमैन के साथ मौजूद रहते हैं। इसी लापरवाही के चलते आठ महीने महिला थाना चौराहे पर स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्य कर रहे चार लोगों को करंट लगने से जान का खतरा बना गया था। उनके इलाज के लिए बिजली विभाग को मुआवजा भी देना पड़ा था।

इस संबंध में मुख्य अभियंता वितरण खंड मुरादाबाद आरके बंसल ने बताया कि बिना उपकरणों के कार्य कर रहे लाइनमैन की जान का खतरा है। सभी नियमित लाइनमैन को उपकरण देना विभाग की जिम्मेदारी है। संविदाकर्मियों को उपकरण देना ठेकेदार की जिम्मेदारी है। बिना उपकरण कार्य करने वाले लाइनमैन को कार्य करने से रोक देना चाहिए।सभी लाइनमैन उपकरण पहनने के बाद कार्य करेंगे।

## छात्र-छात्राओं को बताए पौधरोपण के लाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा के स्थापना दिवस व सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को कंपोजिट विद्यालय मंगूपुरा में पौधरोपण किया गया। औषधीय गुण वाले 10 पौधे लगाए गए। इसमें बेल, बरगद, नीम, पीपल और तुलसी आदि के पौधे शामिल हैं।

पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे धरती हरी भरी रहे। शाखा अध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा व सचिव एसके दीक्षित ने कहा कि हमें प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए। डॉ. नूतन आर्य ने खून की कमी से होने वाली एनीमिया को दूर करने के उपाय बताए। इस दौरान दीपक अग्रवाल, स्नेहलता, सरिता, रश्मि, गीता, आरती, कल्पना, प्रियंका, सोनू, मनीषा मौजूद रहीं।

**प्रशंसनीय** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी और मूंढापांडे के अधीक्षकों को मिला पुरस्कार

# बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएम-एसएमए) के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मामलों में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सभी ने एक-दूसरे का उत्साह भी बढ़ाया। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने सम्मानित चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ के कार्य की सराहना की।

उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में जिन स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों ने सर्वाधिक गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं। ऐसे 24 लोगों को पुरस्कार व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. भारत भूषण, डॉ. संजीव बेलवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. रणवीर सिंह, जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।



मूंढापांडे सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अशरफ को सम्मानित करते सीएमओ।

### इनको मिली शाबाशी

सीएचसी भोजपुर के डॉ. असलम, बिलारी के डॉ. हरीश चंद्रा, मूंढापांडे सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अशरफ को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक गर्भवती महिलाओं की जांच मामले में तीन अस्पतालों को सम्मान मिला है। इनमें जिला महिला अस्पताल, सीएचसी बिलारी व कांठ हैं। इसी तरह तीन महिला चिकित्सकों में बिलारी की डॉ. श्वेतांबरी त्यागी, कुंदरकी की डॉ. पूजा बंसल, कांठ की डॉ. स्तुति को भी सम्मान मिला है। थ्री-बेस्ट काउंसलर में ठाकुरद्वरा सीएचसी की सरोज देवी, मूंढापांडे की प्रियंका गौतम व जिला महिला अस्पताल की शिक्षा कश्यप हैं।

### मूंढापांडे सीएचसी पर हुए 3000 प्रसव

मूंढापांडे सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अशरफ ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए हर महीने की एक, नौ, 16 व 24 तारीख को विशेष तौर से जांच होती है। निशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए कुल 17 केंद्र पंजीकृत हैं, जहां महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा जाता है। इसके लिए उन्हें ओटीपी नंबर दिया जाता है। सरकार केंद्र संचालक को हर अल्ट्रासाउंड पर 300 रुपये देती है। पिछले साल उन्होंने 674 गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड कराए। 6000 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई है। सीएचसी पर 3000 सुरक्षित प्रसव कराएं हैं। कुछ ऑपरेशन वाले थे, जिन्हें जिला महिला अस्पताल रेफर किया था।



विहान आवासीय विद्यालय में ड्रेस वितरित करते सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार।

## छात्र-छात्राओं को बांटी स्कूल ड्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वित्त पोषित विहान बालक -बालिका आवासीय विद्यालय में नये शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। मुख्य अतिथि सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार ने छात्र-छात्राओं को मेहनत से पढ़ाई कर अपना भविष्य बनाने की सीख दी।

मुख्य अतिथि सहायक श्रमायुक्त ने बालिका विद्यालय में छात्राओं को सलवार सूट, दुपट्टा, शूज, मोजा और बालक आवासीय विद्यालय के छात्रों को ड्रेस में पैंट, शर्ट, जूता-मोजा वितरित किया। इस दौरान बालिका विद्यालय की प्रभारी वार्डन मधुरिमा, शोभा तिवारी, मोहसिन अहमद खान लेखाकार, प्राची वर्मा, सकेत मिश्रा, रोहिताश सिंह, दीपक खोसला, सुभाष पाल, राखी, मोहम्मद ताहिर, नईम फातिमा, रिंकी, आकांक्षी, प्रबल, बलबीर, धर्मवीर, राम कीर्ति, रामसिंह आदि मौजूद रहे।

### मामूली बात पर मां-बेटी को पीटा

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में बछड़े के खेत में धान चरने की शिकायत करने पर महिला और उसके बेटी के साथ मारपीट की गई। मैनाठेर थाना क्षेत्र के निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि बुधवार को उसके धान के खेत में गांव के व्यक्ति का बछड़ा चला गया था। इसकी शिकायत करने पर आरोपी ने महिला व उसकी बेटी को पीट दिया।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
• 12A Registration
• 80G Registration
• Website for Ngo
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• LLP Company Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

धूप निकलेगी, साथ ही कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:24 | सूर्यास्त 07:17

**एक नजर**

## भाकियू की महिला प्रदेश अध्यक्ष ने लगाए आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी की महिला प्रदेश अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया ने संगठन के सदस्यों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ठाकुरद्वारा के गांव बथुआ खेड़ा में चल रहे धरने के दौरान किसानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से हो रहे नाजायज मुकदमे लिखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसएसपी ने किसानों की समस्याओं को सुना और मुकदमों पर निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन का दिया। इस दौरान विनय फोगाट, टिया जैन, मूलचंद दलाल मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश-झारखंड में बेचते थे चोरी के मोबाइल

## चार आरोपी गिरफ्तार, दिल्ली-यूपी से चुराए थे 80 मोबाइल, चार बाइकें और तमंचा बरामद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एसओजी व सर्विलांस टीम ने मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी शहर में मोबाइल चुराने के बाद झारखंड व मध्य प्रदेश में सप्लाई करते थे। बुधवार को पुलिस टीम की छापेमारी के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें कई अपराधी नाबालिग हैं। पुलिस ने आरोपियों से 80 मोबाइल और चार चोरी की बाइकों समेत अन्य सामग्री जब्त की है। ये सभी फोन दिल्ली-यूपी के अलग-अलग हिस्सों से चोरी किए थे। पुलिस फोन मालिकों को ट्रेस कर रही है, ताकि उन्हें फोन लौटाए जा सकें। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं दो को किशोर अपराध न्यायालय में पेश किया है।



मोबाइल चोरी का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मझोला पुलिस और एसओजी व सर्विलांस सेल ने मझोला के जयंतीपुर से फोन चोरी करने वाले जुजेन्द्र उर्फ जीविन्द्र पुत्र सलमान उर्फ जोजन निवासी ग्राम मुन्धीखेडी तहसील जावर फुद्रा जिला सिहोर मध्यप्रदेश और जैनपाल पुत्र बालसरकार निवासी ग्राम मुन्धीखेडी तहसील जावर फुद्रा जिला सिहोर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। इनके साथ दो नाबालिग भी हैं, जो इनकी मदद करते थे। इनके कब्जे से पुलिस ने 80 मोबाइल फोन, एक तमंचा और चोरी की 4 बाइकें बरामद की हैं। ये सभी फोन इन चोरों ने दिल्ली-यूपी के अलग-अलग हिस्सों से चोरी किए थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शहर में भी गिरोह को फैलाना चाहते थे। एसपी सिटी ने बताया है आरोपी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में घटना को अंजाम देते थे। शहर के कई हिस्सों से भी मोबाइल चोरी किए थे। उन्होंने बताया है कि मोबाइल चोर गिरोह शहर में रहते हैं। इसके बाद मोबाइल चोरी करते हैं। चोरी के मोबाइलों को झारखंड के किसी युवक को बेच देते हैं। उन्होंने बताया है कि यह गिरोह कई राज्यों में फैला हुआ है। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। जल्दी ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

> एसओजी व सर्विलांस टीम ने मोबाइल चोर गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से दो नाबालिग हैं। आरोपियों के पास 80 मोबाइल व चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। चोरों ने ये मोबाइल दिल्ली-यूपी के अलग-अलग हिस्सों से चोरी किए थे। गिरोह के कई राज्यों में तार फैले हुए हैं। ये आरोपी चोरी के मोबाइल झारखंड में किसी युवक को बेचते थे। अन्य राज्यों की पुलिस से संपर्क किया गया है। जल्दी ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
> **-अखिलेश भदौरिया,** एसपी सिटी

### गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

शहर में मोबाइल चुराने के बाद आरोपी झारखंड में किसी युवक को बेचते थे। यूपी, मध्य प्रदेश, दिल्ली व झारखंड समेत अन्य राज्यों में भी गिरोह के तार फैले हुए हैं। जहां पर भीड़-भाड़ वाले इलाके में पहले डेरा डालते हैं इसके बाद नाबालिगों के सहयोग से वारदातों को अंजाम देते हैं। फिर चोरी के मोबाइल झारखंड में बैठे सरगना को बेच देते हैं। पैसों में थोड़ा हिस्सा बच्चों को भी दे देते हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि गिरोह में शामिल अन्य आरोपी की तलाश के लिए अन्य राज्यों की पुलिस से संपर्क किया गया है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का पालन न करने पर किए 11,000 चालान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर की प्रमुख सड़कों पर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर अब यातायात पुलिस सख्त है। बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग और बिना सीट-बेल्ट के वाहन चलाने पर ट्रैफिक पुलिस ने जून में 11 हजार से अधिक चालान काटे हैं। जबकि वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर 100 से अधिक चालान किए गए हैं।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया है कि यातायात पुलिस की टीमें नियमों का पालन करने के लिए यातायात सप्ताह के माध्यम से लगातार लोगों को जागरूक कर रही हैं। महानगर की प्रमुख सड़कों पर वाहन चालक बिना सीट बेल्ट के और बिना हेलमेट के मोबाइल पर बात करते हुए निकल जाते हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। ऐसे वाहन चालकों पर यातायात पुलिस सख्ती कर रही है। जून में सड़कों पर बिना हेलमेट के फर्राटा भर रहे बाइक सवारों के 10 हजार से अधिक चालान किए गए हैं। वहीं मोबाइल पर बात करते समय 102 वाहन चालकों के चालान कटे हैं। उन्होंने बताया है कि 402 वाहन चालक बिना सीट-बेल्ट के चार पहिया वाहन चला रहे थे। इनके खिलाफ भी ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। यातायात की पुलिस टीम ने जून में सभी प्रकार के 21,312 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

> पिछले माह वीआईपी कल्चर की समाप्ति व यातायात नियमों की अनदेखी पर 21 हजार से अधिक वाहनों के चालान काटे गए। नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस सख्त कदम उठा रही है। जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। **-सुभाष चंद्र गंगवार,** एसपी यातायात

### अनदेखी पर कार्रवाई

- ☞ बिना हेलमेट के 10,226 बाइकों के चालान हुए।
- ☞ बिना सीट-बेल्ट के 402 वाहनों के चालान कटे।
- ☞ बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 2641 वाहनों के चालान कटे।
- ☞ बाइक पर ट्रिपल राइडिंग पर 1600 के कटे चालान।

# डाक निर्यात केंद्र से मिल रहा कारोबार को बढ़ावा, 25 निर्यातकों ने कराया पंजीकण

कार्यालय संववाददाता, मुरादाबाद

**पहल**

- निर्यात केंद्र से उत्पादों को विदेश भेजने में होगी आसानी
- डिजिटल इंडिया के अंतर्गत केंद्र स्थापित करना ऐतिहासिक कदम

**अमृत विचार:** भारतीय डाक सेवा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। डाक विभाग की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। यही कारण है कि केन्द्र सरकार की ओर से शुरू की गई डाक निर्यात केंद्र योजना (डीएनके) के तहत मंडल में बेहतर परिणाम सामने आ रहे है। छोटे और मझोले उद्यमियों के कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है। योजना के तहत मंडल में अब तक दो दर्जन से अधिक निर्यातकों ने पंजीकरण कराया है।

वरिष्ठ प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया की हमारी प्राथमिकता सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की है। प्रचार प्रसार के माध्यम से लगातार योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। डाक निर्यात केंद्र के माध्यम से अब तक मंडल से 25 से अधिक निर्यातक पंजीकरण करा चुके हैं। हमारा




लक्ष्य इसे बढ़ाने का है। निर्यातकों से समय समय पर बातचीत कर योजना का फीडबैक लिया जा रहा है। मुरादाबाद मंडल में डाक विभाग के माध्यम से उद्यमी अपने सैंपल (नमूने) को विदेश भेज रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मुरादाबाद खासतौर से पीतल नगरी के नाम से विश्व में जाना जाता है। यहां बने पीतल वा अन्य धातु के उत्पाद विदेशों को निर्यात किए जाते हैं। इसलिए निर्यातक पंजीकरण कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठा सकते हैं।

> निजी कोरियर कंपनियां आए दिन अपने रेट बढ़ा रही हैं। ऐसे में निर्यातकों के सामने अपने प्रोडक्ट को बाहर भेजना एक चुनौती बना था। अब निर्यातक दुनिया के लगभग 100 से अधिक देशों में अपने प्रोडक्ट को भेज सकेंगे। डिजिटल इंडिया में भारत सरकार का डाकघर निर्यात केंद्र स्थापित करना निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक कदम है। निजी कोरियर कंपनी के मुकाबले यदि डाक निर्यात केंद्र एक सप्ताह के अंदर निर्यातकों के सैंपल बायर्स तक भेज दें तो ये योजना निर्यातकों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।
> **-नवेद खान,** निर्यातक



> हमारी प्राथमिकता सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। निर्यात केंद्र के माध्यम से अब तक 25 निर्यातकों ने पंजीकरण कराया है। हमारा लक्ष्य इसे बढ़ाने का है। ज्यादा से ज्यादा निर्यातक सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से जुड़कर इसका लाभ उठाएं। **-अमित दत्त,** प्रवर डाक अधीक्षक, मुरादाबाद मंडल

## घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में युवती को घर में अकेला देख युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर छींटाकशी करने लगा। इसी दौरान अचानक से युवती का भाई घर पहुंच गया। भाई ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने तहरीर में बताया है कि शुक्रवार को वह घर पर अकेली थी। युवती का भाई और मां निजी कंपनी में काम पर गए थे। इसी दौरान कॉलोनी का ही रहने वाला केशव शर्मा शुक्रवार देर रात उसके घर आया। आरोप है इसी दौरान केशव युवती के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। खींचकर वह कमरे ले गया। जहां पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद अचानक से पीड़िता की भाई भी घर पहुंच गया। पीड़िता के भाई ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मनचले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नवनियुक्त लेखपाल को नियुक्ति पत्र देते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त व अन्य अधिकारी।

# 91 लेखपालों को मिला नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बांटे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार:** नवनियुक्त लेखपालों को बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने 91 लेखपालों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित करने के लखनऊ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन रोजगार के अन्तर्गत निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र दिया जा रहा है। राजस्व विभाग के कार्यों में लेखपालों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय स्तर पर बिलारी तहसील के 30, ठाकुरद्वारा तहसील के 28, सदर तहसील के 20 और कांठ तहसील के 13 सहित कुल 91 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया गया। विधान परिषद सदस्य ने नियुक्ति पत्र पाने वाले लेखपालों को बधाई दी। कहा, मुख्यमंत्री के निर्देश पर पारदर्शी व्यवस्था के तहत चयन प्रक्रिया पूरी हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी लेखपाल शुचिता व पारदर्शिता के साथ अपना काम करें। लोगों की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों, असहायों और अन्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता व ईमानदारी से करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लाइनपार, हिमगिरी समेत कई मोहल्लों में गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधवार सुबह हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। लेकिन, बिजली की समस्या ने लोगों को मंगलवार रात और बुधवार को बारिश के बीच खूब परेशान किया। महानगर के विभिन्न मोहल्लों व कॉलोनियों में बारिश के बीच घंटों बिजली गुल रही। इससे क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता परेशान रहे।

बिजली विभाग की लचर कार्यशैली से लोग परेशान हैं। महानगर में बिजली कटौती रुकने का नाम नहीं ले रहीं है। बारिश हो या गर्मी बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है। बुधवार को लाइनपार, हिमगिरी, मझोला समेत अन्य मोहल्लों में बिजली घंटों गुल रही। तो मंगलवार रात भी बिजली ने परेशान किया। हालांकि कोई बड़ा फाल्ट होने की खबर सामने नहीं आई। लेकिन, छोटे-छोटे फाल्ट लोगों को खूब परेशान कर रहे हैं। अधिशासी अभियंता प्रथम सुधाकर कुमार ने बताया कि लाइनपार और टीपी नगर में छोटे फाल्ट हुआ थे। जिनको तुरंत सही कराया गया है। जिसके बाद बिजली सुचारू करा दी गई।



सेंट मीरा अकादमी में विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम में मौजूद बच्चे और स्टॉफ।

## बच्चों को ओम लिखना सिखाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधवार को कांशीराम नगर स्थित सेंट मीरा अकादमी में विद्यारंभ संस्कार के अवसर पर प्राथमिक कक्षा के छात्रों को स्लेट पर वैदिक संस्कृति का प्रतीक ओम लिखना सिखाया। ओम के माध्यम से बाल विद्यार्थियों में श्रद्धा और भक्ति का विकास होता है।

कार्यक्रम का आरंभ निदेशक अक्षरी प्रकाश ने किया। साथ ही छोटे बच्चों का तिलक कर कहा कि बालक को अक्षर ज्ञान, विषयों के ज्ञान के साथ श्रेष्ठ जीवन के सूत्रों का बोध और अभ्यास कराते रहें। प्रधानाचार्या पारूल अग्रवाल ने कहा कि विद्यारंभ संस्कार को जीवन निर्माण करने वाली हितकारी विद्या के रूप में उपयोगी और महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर रुचिका सिंह, उप-प्रधानाचार्या श्वेता सेठी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**सीएए** मंडल में पहला आवेदन 30 मार्च को मिला, सभी आवेदन रामपुर जिले से

# नागरिकता के लिए ऑनलाइन मिले 526 आवेदन

कार्यालय संववाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भाजपा की केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल में लाए नागरिकता संशोधन अधिनियम - 2015 (सीएए) के तहत मुरादाबाद मंडल के जनपद रामपुर से कुल 526 लोगों ने भारतीय नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। जबकि मंडल के अन्य जिलों मुरादाबाद, संभल व अमरोहा से एक भी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन करने वालों में सर्वाधिक बांग्लादेशी हैं।

नागरिकता संशोधन अधिनियम 2015 के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जानी है। मुरादाबाद मंडल में 14 अप्रैल 2023 से नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हुई। भारतीय नागरिकता के लिए सबसे पहला ऑनलाइन आवेदन 30 मार्च 2024 को प्राप्त हुआ। आवेदन करने वालों में सर्वाधिक शरणार्थी मंडल के रामपुर जिले के बिलासपुर में रहते हैं। रामपुर के 523 बांग्लादेशी शरणार्थियों ने भारतीय नागरिकता के लिए सीएए वेब पोर्टल पर अपॉइंटमेंट लिया है। जबकि एक-एक आवेदन इन्डोनेशिया, यूएई और आईसलैंड से नागरिकता के लिए सीएए वेब पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं।

आवेदकों को 29 दस्तावेजों में से नौ दस्तावेजों से साबित करना होगा कि वह बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के नागरिक हैं। जबकि 20 दस्तावेज बताएंगे कि आवेदक ने किस तारीख को भारत में प्रवेश किया है। सीएए के तहत शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता के लिए http://indiancitizenshiponline.nic.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना है। जिसमें आवेदकों को बताना होगा कि वह भारत कब आए।

> भारतीय नागरिकता के लिए पोर्टल पर लगातार आवेदन आ रहे हैं। सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन का काम जल्द शुरू किया जाएगा। मूल दस्तावेज के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए आवेदकों को ईमेल व एसएमएस के माध्यम से समय व तारीख के बारे में सूचित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा अग्रिम आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश आने पर जल्द ही नागरिकता तय की जाएगी।
> **-अमित दत्त,** प्रवर अधीक्षक मुरादाबाद मंडल



# मरम्मत के चलते दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हादसों के चलते पुलिस अधीक्षक यातायात ने उठाया कदम
- भारी वाहन मिनी बाईपास, संभल कट होते हुए हाईवे पर निकलेंगे

**अमृत विचार:** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर पुलिस अधीक्षक यातायात ने 152 किमी तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है। जर्जर मार्ग का मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। इसलिए एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने महानगर से दिल्ली को ओर जाने वाले भारी वाहनों के रूट में बदलाव किया है।

बता दें, बीते दो सप्ताह में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन सड़क हादसे हुए। दुर्घटना में लगभग नौ लोगों की जान चली गई। अधिकतर हादसों का कारण जर्जर रोड पर बिना सुरक्षा के वाहन चलाना था। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 152 किलोमीटर जर्जर मार्ग को प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने बताया है कि क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। इसलिए रूट में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया है कि महानगर से दिल्ली व बरेली की ओर जाने वाले भारी वाहन अब मिनी बाईपास व टीपीनगर से गागन तिराहे से संभल कट होते हुए हाइवे पर निकलेंगे। रूट डायवर्जन मंगलवार देर रात से लागू हो गया है। अगले आदेश तक यह नियम लागू रहेगा।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। किशोरी के परिजनों ने 3 जुलाई आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी संदीप मिश्रा के मुताबिक गोण्डा के कोतवाली थाना क्षेत्र के रूदीयपुर्वा निवासी बंटी 3 जुलाई को किशोरी को घर के पास से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इसके बाद किशोरी के परिजनों ने बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई। कार्रवाई के दौरान बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को परिजनों को सौंप दिया। पूछताछ में आरोपी बंटी ने बताया कि वह यहां रहकर मजदूरी करता था। वह काफी समय से किशोरी पर नजर रखे हुए था। 3 जुलाई को मौका पाकर वह साथ में भगा ले गया। आरोपी ने इस बीच किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

# तीसरे मुहर्रम पर इमाम हुसैन की याद में निकाला अलम का जूलूस

संवाददाता, अगवानपुर

- अगवानपुर में मोहल्ला सादात के अजाखाना तेहजीबुल हसनैन से जुलूस निकाला गया

**अमृत विचारः** नगर पंचायत के मोहल्ला सादात के अजाखाना तेहजीबुल हसनैन से तीसरे मुहर्रम पर इमाम हुसैन की याद में अलम का जूलूस निकाला गया। इसमें मकामी अंजुमन तनजीमे हुसैनी व मेहमान अंजुमन अकबरी ने शिरकत की।

जुलूस में अंजुमन अकबरी के नोहेख्वान रजा हसनैन व अंजुमन तनजीमे हुसैनी के नोहेख्वानों ने नोहेख्वानी की। जुलूस तेहजीबुल हसनैन के इमामबाड़े से शुक्रवार का बाजार, जामा मस्जिद, मोहल्ला नियारियान, इमामबाड़ा मनिहारान, तारा वाला कुआं, सोमवार का बाजार होते हुए तकिये वाला इमामबाड़ा, मोहल्ला सादात, इमामबाड़ा मुतालिब हुसैन पहुंचा।

इसके बाद जुलूस मोहल्ला कलालपुरी इमामबाड़ा वाजिद अली, मोहल्ला कुरैशियान, स्टेशन रोड से मोहल्ला सराय फारूक इमामबाड़ा पंजेतनी व इमामबाड़ा सफदर हुसैन से वापस होता हुआ मोहल्ला सेफियान इमामबाड़ा से इमामबाड़ा मीर खैरात अली से होकर तेहजिबुल हसनैन के इमामबाड़े में सम्पन्न हुआ।

जुलूस में कमरूल हसन उर्फ हसन नवाब, तालीमुल हसनैन उर्फ बब्बू, तहसीनुल हसनैन एडवोकेट, शहजाद, डॉ. अली रजा, अजादार हुसैन, फैजी नकवी, जिया एडवोकेट, अली सफदर, गुलरेज रजा, अली नवाज, नवाज, अलमदार हुसैन आदि मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा।

## तीसरे मुहर्रम पर सुबह से रात तक होती रही मजलिसें, अजादारों ने किया मातम, गूंजी हाय हुसैन की सदाएं

# इमाम हुसैन के दोस्त की शहादत सुनकर रो पड़े अजादार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बुधवार को तीसरे मुहर्रम पर शिया समुदाय में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। महानगर के अलग-अलग स्थानों पर हुई मजलिसों में कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों पर हुए जुल्म की दास्तां सुनकर अजादार रोने लगे। वहीं सुन्नी समुदाय द्वारा जिक्र-ए-कर्बला में नबी की सीरत की जानकारी हासिल की।

मुहर्रम की तीसरी तारीख को सुबह के समय पहली मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर हुई। मजलिस में हाजी शबी हैदर ने मर्सिया खुवानी की। वहीं मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना हसन मुज्तबा ने कर्बला में इमाम हुसैन पर हुए जुल्मों ज्यादतियों का जिक्र किया। उन्होंने कर्बला में इमाम हुसैन के बचपन के करीबी दोस्त रहे हजरत मुस्लिम की शहादत बयान की। जिसको सुनकर अजादार रोने लगे और उन्होंने हाय हुसैन- हाय हुसैन की सदाएं बुलंद की। मजलिस के बाद नावेद यावर ने नोहा पड़ा। जिसमें अजादरों ने मातम किया। शाम को महानगर के चौमुखापुल स्थित इमामबाड़ा मीर सआदत में हुई दूसरी मजलिस को मौलाना अली मोहम्मद ने खिताब किया। जिसमें उन्होंने तीसरी मुहर्रम को कर्बला में हुआ वाक्या बयां किया। रात को तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमाम बाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। यहां मजिलस के दौरान अजादारों ने मातम भी किया।

इस दौरान हाजी अनीस, डॉ. सिब्ते नबी, नकी हैदर नकवी, मोहम्मद अब्बास, डॉ. तनवीर, हाजी अमीरूल हसन, काशिफ हसनैन, गुलरेज हैदर रिजवी, मोहम्मद आलम आब्दी, आसिम यावर, जावेद यावर, हाजी शबी अकबर, मोहम्मद शाहनवाज नकवी, दिलनवाज, शबाब हैदर, गौहर मिर्जा, ताबिश रिजवी, आसिफ रजा, कौसर अली, जमा हैदर, मोहम्मद आरिज अब्बास समेत अन्य अजादार शामिल रहे।



आजाद नगर इमामबाड़े में मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

### अमन के लिए जरूरी है नबी की सीरत को पढ़ना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की लाल मस्जिद में चल रहे 10 रोजा जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला के दूसरे दिन बुधवार को मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने सीरते नबवी की अहमियत पर खिताब किया। उन्होंने बताया कि अगर मुसलमान कामयाब और कामरान होना चाहते हैं तो सीरतें नबवी पर अमल करें। अपनी जिंदगी को सीरतें नबवी के आइने में ढालने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि नबी की सीरत हमें बेहतरीन ज़िंदगी जीने का सलीका और करीना सिखाती है। नबी की हर सुन्नत के अंदर शिफा है और कामयाबी भी है। नबी की सीरत से हमें पता चलता है कि जिंदगी को आसान बनाने के लिए हमें खुदा की इबादत के साथ-साथ मख्लूक़ की खिदमत भी करनी चाहिए। हमारे नबी ने जिंदगी के हर गोशे पर हमारी रहनुमाई फरमाई। हमारे नबी ने वादा पूरा करने का हुक्म दिया है और झूठ बोलने से हमें रोका है। हराम कामों से बचते रहने की हमें हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में अमन और शांति के लिए प्यारे नबी की सीरत पाना जरूरी है। इस मौके पर रिजवानुर रहमान, शुजात अशरफी, अहमद अशरफी, सालीम अशरफी, आसिफ अकरमी, मुनव्वर अकरमी, हाफिज फाजिल, मास्टर महमूद, फुरकान आदि शामिल रहे।

# रूट डायवर्जन : 19 से कांवड़ पथ पर भारी वाहनों पर रोक

## शासन के निर्देश पर श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** आगामी कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के लिए पुलिस प्रशासन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है। एसएसपी लगातार संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रहेगी। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग की सुरक्षा को लेकर 19 जुलाई से शाम से रूट डायवर्जन लागू होगा। जो पांच सोमवार तक अस्थाई रूप से रहेगा। यह सिलसिला 19 अगस्त शाम तक चलेगा।

एसपी यातायात ने बताया कि त्योहारों को लेकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिससे श्रद्धालुओं को समस्या न हो, किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न आए।

उन्होंने बताया कि 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास आरंभ हो रहा है। इसमें श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। श्रावण में परंपरागत कांवड़ यात्रा को लेकर 19 जुलाई शाम 6 बजे से 22 जुलाई शाम चार बजे तक मार्गों पर वाहनों के आने जाने के रुट में बदलाव किया गया है।

जबकि 26 से 29 जुलाई तक फिर 30 से पांच अगस्त तक, 9 से 12 अगस्त तक इसके बाद 16 से 19 अगस्त तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। कांवड़ पथ पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

- 19 अगस्त की शाम तक जारी रहेगा रूट डायवर्जन



कांठ रोड से गंगा जल लेने हरिद्वार जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार

### हरिद्वार से गंगा जल लेने जाने लगे कांवड़ियों के जत्थे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को बारिश के बीच महानगर की सड़क पर कांवड़ियों के एक दो जत्थे हरिद्वार के लिए जाते दिखाई दिए। बोल बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए कांवड़िये गंगाजल लाने हरिद्वार जा रहे थे। जल लाकर कांवड़िये 22 जुलाई को सावन के पहले सोमवार को पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। 22 जुलाई से सावन मास का आरंभ हो रहा है। पहले दिन ही प्रथम सोमवार है। दूर दराज के कांवड़ियों ने गंगा जल लेने हरिद्वार जाना शुरू कर दिया है। बुधवार को बारिश के बीच दूर दराज के कुछ जत्थे महानगर से होकर गुजरे। कांवड़िए बम-बम भोले के जयकारों के साथ जाते दिखाई दिए। अब बरेली, रामपुर व आसपास के जिलों में कांवड़ियों के जत्थे बढ़ेंगे। लेकिन, कांठ मार्ग पर गड्ढों से कांवड़ियों को आने जाने में मुश्किल होगी। लेकिन, अधिकारी अभी भी बेपरवाह बने हुए हैं।

### इन प्रमुख मार्गों से ऐसे गुजरेंगे भारी वाहन

- महानगर से बिजनौर, हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैण्ड (प्रेम वंडल लैण्ड फ्लाई ओवर के नीचे) थाना कटघर होकर जाएंगी।
- महानगर से बिजनौर जाने वाले हल्के वाहन टीएमयू से होकर गुजरेंगे।
- बिजनौर / हरिद्वार/मुजफ्फरनगर को जाने व आने वाले भारी वाहन मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा जसपुर अफजलगढ़, धामपुर होकर बिजनौर के रास्ते जाएंगे।
- बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन (रोडवेज बसें / बसें / ट्रक आदि) वाया मिलक से दिल्ली जाएंगे।
- रामपुर से शहर की ओर आने वाला भारी वाहन वाया-शाहबाद, बिलारी होकर अस्थाई बस स्टैण्ड आजाद नगर कटघर में रुकेंगे।
- शहर से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैंड आजाद नगर कटघर से बिलारी, शिकारपुर, बुलन्दशहर से होकर दिल्ली-मेरठ के लिए रवाना होंगे।
- अमरोहा से रामपुर/बरेली की ओर जाने वाले भारी वाहन कैलशा, बागड़पुर, डींगरपुर तिराहा पाकबड़ा से डींगरपुर, कुन्दरकी, बिलारी, शाहबाद होकर रामपुर जाएंगे।
- बिजनौर रोड से बरेली/ रामपुर जाने वाले हल्के वाहन कोठीवाल डेन्टल कॉलेज कट से ठाकुरद्वारा बाईपास होकर भोजपुर होते तिराहा होते हुए रामपुर / बरेली जाएंगे। कांवड़ियों की संख्या एवं मार्ग की व्यस्तता के दृष्टिगत बिजनौर की तरफ से आने वाला हल्का वाहन अगवानपुर बाईपास से टीएमयू की तरफ से हाईवे होकर रामपुर-बरेली की तरफ पास कराया जा सकता है।
- छजलैट से कांठ-स्योहारा मार्ग पर भारी एवं हल्के वाहनों का संचालन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।



कांठ क्षेत्र के मूंढाखेड़ी गांव में बैठक में संचारी रोग के संबंध में चर्चा करतीं महिलाएं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बढ़ा रहीं जागरूकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण के मामले में आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांवों में पहुंचकर महिलाओं के साथ बैठकें कर रही हैं। उन्हें संचारी रोग के संबंध में समझा रही हैं। बचाव के उपाय भी बता रही हैं। पोस्टर और पंफलेट बांट रही हैं।

प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी कार्यक्रम हो रहे हैं। फॉगिंग व साफ-सफाई का कार्य भी हो रहा है। 11 जुलाई से आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संचारी रोग अभियान के तहत घर-घर दस्तक शुरू करेंगी। फिलहाल, महानगर व ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के बाहर स्टीकर लगाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फॉगिंग व सफाई कार्य में महानगर में नगर निगम की टीमें भी लगी हैं। कस्बा और गांवों में सफाई अभियान चल रहा है।

अभियान में लगे कर्मी लोगों को अपने आसपास गंदे पानी को एकत्रित न होने देने की सलाह दे रहे हैं। 31 जुलाई तक चलाए जाने वाले अभियान में टीम विभिन्न बीमारियों से बचाव से बारे में तौर-तरीके बता कर जागरूक करेंगी।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पीएन यादव ने बताया कि इस अभियान में मुख्य जिम्मेदारी आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सौंपी गई है। अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों तथा विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीजों को सूचीबद्ध भी किया जाना है। कुपोषित बच्चों की सूची बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को सौंपी जाएगी। इसके माध्यम से बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में रेफर किया जाएगा। इसी तरह टीबी के मरीजों की सूची क्षय रोग विभाग को भेजी जाएगी। इसके लिए पूर्व में ही आशा को प्रशिक्षित किया जा चुका है।



पार्क में पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## पूर्व सांसद की याद में किया पौधरोपण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समरसता पार्क में पूर्व सांसद स्व. कुंवर सर्वेश सिंह की याद में पौधरोपण किया।

वन महोत्सव के तहत क्षेत्र में वन विभाग, भाजपा कार्यकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। बुधवार को भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कोर्ट रोड स्थित दुकानदारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पूर्व सांसद स्व. कुंवर सर्वेश सिंह की याद में समरसता पार्क में पौधे लगाए। इस मौके पर मोहम्मद एहसान सैफी, नितिन विश्नोई, साक्षी चौरावल, मोहम्मद फैजान आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के प्रयास में 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट के आदेश के बाद जांच में जुटी मुगलपुरा थाना पुलिस
- पुलिस ने आरोपियों का 151 में चालान कर दबा दिया था मामला

**अमृत विचार :** मुगलपरा थाना क्षेत्र में रिश्तेदार ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। युवती के विरोध करने पर उसे जबरदस्ती घर से खींचकर अपने साथ ले जाने लगे। घर में मौजूद युवती की मां ने इसका विरोध किया तो आरोपी पीड़िता की मां के साथ भी मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए थे। यह पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों का 151 में चालान कर मामला दबा दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने तहरीर में बताया है कि नागफनी के किसरौल निवासी जुबैर, शहनबाज, सलमान व रेहान महिला के रिश्तेदार हैं। चारों का घर आना-जाना था। 30 अप्रैल को देर शाम चारों रिश्तेदार व तीन महिलाओं समेत 10 लोग घर में घुस आए। आरोप है, इसके बाद पीड़िता की बेटी के साथ आरोपी अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर जुबैर ने अंदर से घर का दरवाजा का बंद कर दिया। इसके बाद उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता ने बेटी को बचाने का प्रयास किया तो आरोपी उनके साथ भी मारपीट करने लगे और युवती को जबरदस्ती खींचकर साथ ले जाने लगे। शोर मचाने पर घर के बाहर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। भीड़ देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

पुलिस ने दबाया मामला : पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 151 में सभी आरोपियों का चालान कर मामला दबा दिया। पुलिस की कार्रवाई न होने से आरोपियों का हौसला बुलंद हो गया। आरोपी अब फोन कर युवती को परेशान कर रहे हैं। पीड़िता ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने जुबैर व पत्नी शाहिस्ता, शाहनबाज व पत्नी शाजिया, सलमान व पत्नी फरहीन, रेहान, अजमत आरा और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी कुलदीप कुमार के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है।

## छात्रों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी

**बिलारी, अमृत विचार :** स्योडारा स्थित आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संचारी रोगों से बचाव के तहत कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्कूल के नोडल प्रभारी दीपक कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताएं। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर डॉ. अनुपम गुप्ता, फरहीन खान, पूजा यादव, ममता रानी, सुप्रिया, बलवंत सिंह, मनमोहन कौशिक आदि मौजूद रहे।

## सितंबर से आईटीआई में दो नई ट्रेड

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को अब पारंपरिक ट्रेड से हटकर आधुनिक ट्रेड की पढ़ाई करने का भी मौका मिलेगा। इसके अंतर्गत टाटा टेक्नोलॉजी की ओर से रोबोटिक्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल सरीखे नए पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

सितंबर में शुरू होने वाले नए सत्र से इसकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। प्रदेश सरकार और टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड यानी टीटीएल के मध्य हुए समझौते में आईटीआई मुरादाबाद को चयनित किया गया है। इसके अंतर्गत इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को आधुनिक वर्कशॉप, ऑटोमेटिक मशीनों और उपकरणों, ई-कंटेंट, साफ्टवेयर विकास से संबंधित पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इसे देखते हुए संस्था में दोनों ट्रेड के लिए कार्यशालाओं का निर्माण किया गया है। दोनों ट्रेड में लगभग 24-24 सीटों पर दाखिले होंगे,।

# कुछ अभिभावकों का शिक्षकों को समर्थन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे शिक्षकों के बारे में जब विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता से बात की गई तो उन्होंने शिक्षकों का ही समर्थन किया। अभिभावकों का कहना है कि हमारे गांव में मास्टर साहब और मैडम बच्चों को पढ़ाने के लिए घर से बुलाकर ले जाते है। जबकि वहीं कुछ अभिभावकों ने सरकार के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा।

सोमवार से परिषदीय स्कूलों के शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। बुधवार को तीसरे दिन भी शिक्षकों का विरोध जारी रहा। अमृत विचार की टीम ने बुधवार को सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की। जिसमें अभिभावकों ने बताया कि हमारे गांव के सरकारी स्कूल के मास्टर साहब और मैडम तो समय पर आते है। अभिभावकों का कहना है कि कई बार ऐसा हुआ है कि हमारे बच्चे स्कूल जाने से मना कर देते तो मास्टर साहब और मैडम खुद घर आकर बच्चों को बुलाकर पढ़ाने के लिए ले जाते है। वहीं कुछ अभिभावकों ने कहा सरकार का फैसला बिल्कुल सही। सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के आने जाने का कोई समय नहीं है। वे शिक्षण कार्य में मनमानी करते हैं। सरकार के ऑनलाइन हाजिरी के फैसले से शिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा।

> हमारे गांव के स्कूल में पढ़ाने वाले मास्टर साहब और मैडम तो काफी अच्छे है। एक दो दिन बच्चे पढ़ने न जाए तो दूसरे बच्चों को भेजकर बुला लेते हैं। कभी कभी वह खुद घर आकर बच्चों को बुलाकर ले जाते हैं।
>
> -**तौफीक अहमद**, ताजपुर माफी

> पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। उसके बाद भी हमारे गांव में विद्यालय के शिक्षक बच्चों को पढ़ाने आ रहे हैं। हमारे गांव के विद्यालय के टीचर बहुत कम छुट्टी करते हैं।
>
> -**मनोज कुमार**, दलपतपुर

### तीसरे दिन भी ऑनलाइन हाजिरी का किया बहिष्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ बुधवार को तीसरे दिन भी शिक्षकों का ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ विरोध जारी रहा। बुधवार को शिक्षक विद्यालयों में पढ़ाने जरूर गए, लेकिन उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। शिक्षकों का कहना है कि जब सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेगी, हम लोग अपना बहिष्कार करते रहेंगे। शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि जब तक ऑनलाइन हाजिरी का तुगलकी फरमान वापिस नहीं हो जायेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



सर सैयद एसोसिएशन की सद्भावना बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

## प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सर सैय्यद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सद्भावना बैठक आयोजित हुई। इसमें मोहर्रम, कांवड़ और रक्षाबंधन को लेकर वक्ताओं ने विचार रखे।

अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने कहा कि पिछले कई वर्षों से हमारी सोसाइटी सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाने में सहयोग करती है। इस बार मोहर्रम और कांवड़ एक साथ है। इसके बाद रक्षाबंधन का त्योहार भी आ रहा है। ताजियेदारों से अपील करते हुए कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए ताजिये ज्यादा ऊंचे न बनाएं। कांवड़ यात्रा को अपने क्षेत्र से शांतिपूर्ण तरीके से कराएंगे। बैठक का संचालन रिजवाना परवीन ने किया। इस दौरान एडवोकेट सलमा, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद एजाज हुसैन, महक खान, आफशा, हुमेरा, गौसिया बी, मो.शोऐब, रिजवान आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/ भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी से आवेदक का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | श्री ब्रहमपाल सिंह पुत्र श्री छिद्दन सिंह निवासी :- द्वारा अमित जैन, , एच०आई०जी०- ए-76, रामगंगा विहार प्रथम, मुरादाबाद। | EWS-145 (भवन) | रामगंगा विहार द्वितीय योजना | 27.03.2017 (मृत्यु) | 1- श्रीमती मीनू पत्नी स्व० ब्रहमपाल सिंह 2- श्रीमती कनिका विश्नोई पत्नी श्री लव कुमार विश्नोई 3- श्री नैतिक विश्नोई पुत्र स्व० ब्रहमपाल सिंह (उम्र 13 वर्ष संरक्षिका माता) निवासी :- फकीर गंज, छजलैट मुरादाबाद। मो० न०- 9412512188 | — | पत्नी पुत्री पुत्र |
| 2. | डा० राम तीर्थ पुत्र श्री चोहल सिंह निवासीः- द्वारा डा० आर०पी० सिंह, पुराना चन्द्रा नर्सिंग होम, अरूण प्रेस के सामने, सराय खालसा, मुरादाबाद। | H.I.G D-66 (भवन) | दीनदयाल नगर प्रथम योजना (सोनकपुर आवासीय योजना) | रजिस्टर्ड वसीयत 23.06.2024 | श्री विनीत तीर्थ पुत्र स्व० डा०रामतीर्थ निवासी :- डी-66, दीनदयाल नगर प्रथम, एम०डी०ए० कालोनी,- मुरादाबाद। मो०न०- 9412339371 | — | पुत्र |
| 3. | श्री जयपाल सिंह तनवर पुत्र स्व० नन्दराम, निवासीः- ए-2/15, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 | 10A-19 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद योजना | वसीयत दिनांक (13.02.2017) | श्रीमती शारदा चौहान पत्नी श्री राजीव कुमार पुत्री स्व० जयपाल सिंह तनवर, निवासीः-सी-21, द्वितीय. तल, गणेश नगर, तिलक नगर, एस०ओ० पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110018 (मो0नं0- 9412475406) | | पिता-पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनो के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-06 में अंकित व्यक्ति के नाम दर्ज कर लिया जायेंगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी सम्पत्ति**

## एक नजर

### टायर में हवा भरवाने गए युवक से मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** मोहल्ला पट्टीवाला निवासी सुमित कुमार ट्रैक्टर के टायर में हवा भरवाने के लिए पट्टीवाला में रामकुमार की दुकान पर मंगलवार रात आठ बजे गया था। पहले कभी बाबू सिंह उर्फ मुन्नू से उसकी कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान बाबू सिंह उर्फ मुन्नू, उसका पुत्र कमल व बिट्टू तीनों आ गए। तीनों ने सुमित कुमार से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जानकारी पर घायल को परिजन लेकर थाना पहुंचे और तीनों पिता-पुत्रों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेजा। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

### दंपति को पीटकर किया घायल, चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर के बाहर बैठे व्यक्ति से कुछ लोगों ने गाली गलौज की। उसने विरोध किया तो उससे मारपीट और जब पत्नी बचाने पहुंची तो उसको भी पीटा। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी निवासी बालेश कुमार पुत्र हरकेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव के सचिन पुत्र रामदास, काले उर्फ परवेन्द्र पुत्र जसवन्त सिंह, गोविंदा पुत्र उमरपाल सिंह, संजीव पुत्र ऋषिपाल सिंह ने आकर उससे गाली गलौज की। गाली गलौज का पीड़ित ने विरोध किया तो चारों ने लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। उसकी आवाज सुनकर बचाने आई पत्नी को आरोपियों ने मारा पीटा। जिसमें उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कूमल लगाकर घर से नकदी, जेवर चोरी

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। मंगलवार रात गांव जटपुरा निवासी नबी हसन पुत्र अमीर हुसैन परिवार के साथ आंगन में सो रहा था। रात में उसके मकान के पीछे की दीवार काटकर चोर 10 हजार रुपये की नकदी और सोने की चेन, दो चांदी के पाजेब व अन्य कीमती सामान ले गए। सुबह जागने पर घर का सामान इधर-उधर देखकर नबी हसन दंग रह गया। सूचना पाकर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बीरमपुर-रोजा मार्ग पर खंदक में मिला स्वास्थ्यकर्मी का शव

## महिला के सिर में चोट का निशान, एरोला गांव गई थी मंजू

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बीरमपुर-रोजा मार्ग पर महिला का शव गन्ने के खेत के पास खंदक में पड़ा मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में फोटो से महिला की पहचान आशा स्वास्थ्य कर्मी के रूप में हुई। पुलिस ने हादसे की सूचना मृत महिला के परिजनों को दी।

बुधवार को बीरमपुर-रोजा संपर्क मार्ग पर गन्ने के खेत के पास खंदक में महिला का शव मिला। जिसकी पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव एरोला निवासी 55 वर्षीय मंजू पत्नी मनवीर सिंह आशा स्वास्थ्य कर्मी के रूप में हुई। वर्तमान में मंजू स्टेशन रोड स्थित देव धाम कॉलोनी में पिछले पांच साल से निजी मकान में रह रही है। मंगलवार को वह एरोला गांव गई थी। मगर वापस देव धाम कॉलोनी नहीं पहुंची। इसके बाद बुधवार सुबह मंजू का शव बीरमपुर-रोजा संपर्क मार्ग पर सड़क के किनारे खंदक में पड़ा मिला। मंजू के सिर में गहरी चोट थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। शव की शिनाख्त आशा मंजू के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले में दुर्घटना और हत्या दोनों ही बिंदुओं पर जांच कर रही है। बताते चलें कि मंजू का पति वाहन चालक है। मंजू का बेटा अर्पित नोएडा में कपड़ों की सिलाई का कार्य करता है। जबकि बेटी ने छह साल पहले फंदे से लटककर जान दे दी थी। हादसे की सूचना मिलने पर मृत महिला का बेटा अर्पित और उसका पति बुधवार देर शाम कोतवाली पहुंच गए थे। मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कह रही है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**ठाकुरद्वारा/डिलारी, अमृत विचार :** उत्तराखंड की कोतवाली काशीपुर के गांव कुंडेसरी में थाना डिलारी के गांव सरकड़ा विश्नोई निवासी गजेन्द्र सिंह चौहान किराये के मकान में रहता था। बिजली का करंट लगने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बुधवार को कुंडेसरी स्थित किराये के मकान की छत पर टलहते समय फिसलने से उसका हाथ बिजली की लाइन से छू गया। इसी दौरान बिजली की लाइन का एक तार उसकी बांह में फंस गया। इससे योगेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने विद्युत आपूर्ति बंद कराई। हादसे की जानकारी मिलने पर गांव से परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को गांव सरकड़ा विश्नोई स्थित आवास लेकर पहुंचे। योगेन्द्र सिंह की मृत्यु से उसके माता-पिता, भाई-बहनों सहित पत्नी शिखा और पुत्र पीयूष चौहान, नित्यानन्द चौहान का बुरा हाल है।



बिलारी में तहसील में ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# पालिका क्षेत्र के बाहर गांव में कूड़ा डालने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र का कूड़ा ग्राम खाबरी अव्वल के निकट डालने के संबंध में जाट महासभा ने एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को अखिल उप्र जाट महासभा के पदाधिकारियों ने एसडीएम बिलारी को बताया कि बिलारी की जनसंख्या लगभग 50,000 है। जिसका कूड़ा सफाई कर्मियों द्वारा ट्रालियों को बिना ढके घनी आबादी के बीच से होते हुए चौधरी चरण सिंह पार्क के सामने से नगलिया जट गांव की आबादी से ले जाकर ग्राम खाबरी अव्वल गांव की आबादी के निकट सड़क किनारे डाला जाता है। कूड़ा डालने से सड़क पूरी तरह से बंद हो जाती है और गांव के लोग व छात्र-छात्राएं यहां कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं। यहां कूड़े के साथ पशुओं के शव डाले जाते हैं। पदाधिकारियों ने समस्या का 14 जुलाई तक समाधान करने के लिए कहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाधान न होने पर 15 जुलाई को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन होगा। तहसील अध्यक्ष चौधरी आनंद वीर सिंह, सुनील लाठर, विजय सिंह, चौधरी रामफल सिंह, विशाल चौधरी, अजय चौधरी, राजपाल सिंह, अनिल चौधरी, अमरदीप चौधरी, कुमार पाल सिंह मौजूद रहे।

## तहसील कांठ में 13 लेखपालों की तैनाती

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील में 13 लेखपालों की तैनाती हुई है। एसडीएम ने सभी लेखपालों को पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

तहसील कांठ में 201 गांव है, यहां 48 लेखपाल इन ग्रामों पर तैनात होने चाहिए। अब तक 29 लेखपालों की तैनाती थी। जिला मुख्यालय से आंचल रानी, गिरीश कुमार, अर्जुन कुमार, सुनील कुमार, अभिषेक, इंद्रपाल, फहीम हुसैन, हर्षित गुप्ता, रजत कुमार, बृजेश कुमार, आशुतोष कुमार, अर्जुन सिंह, पीयूष यादव, भानु सैनी 13 लेखपालों की नियुक्ति तहसील में की गई है। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बताया कि 29 लेखपाल तैनात थे। अब 13 लेखपाल और नियुक्त हो गए हैं। किसानों के अंश निर्धारण में त्रुटि हुई हैं, उनके संशोधन की समस्या का समाधान तत्काल कराया जाएगा।

# कर्बला का जिक्र सुन अजादारों की आंखें हुई नम

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** तीन मुहर्रम को रसूले करीम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में मजलिसों व शहादत नामों की महफिलों में हजरत इमाम हुसैन के खेमे दरिया से हटाने का जिक्र किया गया। जिसको सुनकर अजादारों कि आंखें नम हो गईं।

नगर स्थित शिया समुदाय के इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब, अजाखाना अली इब्ने हुसैन, बहार अली, जिल्ले हैदर, मुहम्मद सालिम, इंतेखाब हुसैन, शफन हुसैन में मजलिसें हुईं। जिसमें काशिफ अब्बास काजमी, गुलाम मेंहदी नकवी, अख्तर रजा रिजवी, अख्तर हसनैन रिजवी, अजहर अब्बास नकवी, मुहम्मद मियां नकवी, हबीबुल हसनैन, मुहम्मद नवाज ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि दो मुहर्रम को हजरत इमाम हुसैन का काफिला कर्बला पहुंचा था और हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला स्थित नहरे फरात (दरिया) के किनारे खेमे लगा लिए थे। लेकिन तीन मुहर्रम को यजीद की फौज ने इमाम हुसैन के खेमे हटवा दिए और उनके परिवार का पानी बंद कर दिया। जिससे इमाम हुसैन का परिवार प्यास से तड़पने लगा। यजीद की फौज ने सबको तीन दिन तक भूखा और प्यासा रखा। इसके बाद इमाम हुसैन और उनके साथियों को शहीद कर दिया। इमाम हुसैन की शहादत सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं। इसके अलावा महिलाओं के अजाखानों में देर रात तक मजलिसें हुईं। दूसरी ओर अहले सुन्नत के इमामबाड़ों व अजाखानों में शहादत नामों की महफिल हुईं। जिसमें हजरत इमाम हुसैन की शहादत का बयान किया गया।



मजलिस को ख़िताब करते काशिफ अब्बास काजमी। ● अमृत विचार

## युवक से नुमाइश में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिलारी मार्ग पर लगी नुमाइश में युवक को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला मनिहारान निवासी फरमान पुत्र मोहम्मद शरीफ, अपने दोस्त अयाज पुत्र शराफत के साथ मंगलवार रात नुमाइश देखने गया था। इसी दौरान मोहम्मद साहिल पुत्र शमीम, आमिर पुत्र इब्राहिम, बाबू लालू पुत्र घुइयां निवासी मोहल्ला बांसफोड़ान काशीपुर ने धक्का मुक्की की। जब उसने विरोध किया तो तीनों युवकों ने मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि दोस्त जब उसे बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। आवाज सुनकर लोगों ने उसे बचाया। इसी दौरान आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### इंडो-नेपाल यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा अंकित

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक कुंदरकी के गांव इमृतपुर फखरुद्दीन निवासी अमित चौधरी का 11 जुलाई से 15 जुलाई तक नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप में चयन हुआ है। वर्ष 2023 में साउथ एशियन गेम्स में अमित ने स्वर्ण पदक जीता था।



अमित चौधरी को विदा करते परिजन।

### प्रतियोगिता में यशिका विश्नोई एवं इकरा रहीं अव्वल

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफाइड, पीलिया आदि के फैलने के कारण एवं रोकथाम के विषय में जागरूक किया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि संचारी रोग प्रदूषित जल, वायु, सूक्ष्म कीटों आदि के माध्यम से फैलते हैं। हमें इनकी रोकथाम के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि हम स्वस्थ और सुखद जीवन यापन कर सकें। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा यशिका विश्नोई एवं इकरा परवीन ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, कक्षा 11 की छात्रा बुशरा एवं लिपि चौहान ने द्वितीय, कक्षा 12 की छात्रा चेष्टा चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, निशिकांत पाठक, तेजपाल त्यागी, अतवीर सिंह त्यागी, ओम प्रकाश सिंह, दीपक सिंह, विवेक कुमार राठी, सुंदर सिंह, दीपक कुमार, ऊषा सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### ध्यानपुरा में हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुरा में श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रही हनुमान चालीसा पाठ की प्रतियोगिता एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अरविंद चौधरी गुरुजी ने बताया कि हम श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के सदस्य कोशिश करते हैं कि मंगलवार व शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जी का गुणगान करें। छजलैट ब्लॉक के गांव ध्यानपुरा में प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में गांव के कुछ बच्चों ने मंच पर हनुमान चालीसा का पाठ किया व देश प्रेम के नारे लगाए। गुरुजी ने बताया कि हम लोगों का मानना है कि देश प्रेम की भावना व किसी भी धर्म प्रेम की भावना से जुड़ने के लिए धन की आवश्यकता नहीं होती, मन से जुड़ने की आवश्यकता होती है। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान काशीराम, राजवीर सिंह, महेश कुमार, जयपाल, दिव्यांश, गौतम, अंकित, कुलदीप, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सैनी, सोहन प्रकाश सैनी, ओमप्रकाश, किशन लाल, रोहतास सैनी, करण सिंह, अतुल, अर्जुन सिंह, विशाल, लव कुश, आशु अमन, अभिषेक, विपिन चौधरी, अंकुल यादव, विकास शर्मा आदि उपस्थित रहे।



नगर में पैदल मार्च करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### पुलिस ने पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। नगर में बुधवार को कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी के नेतृत्व में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर कोतवाली, बुध बाजार, बाजार गंज, राजीव मार्केट, कदीर तिराहा, तिकोनिया पार्क, चलचित्र ढाल, कमालपूरी चौराहा, अस्पताल रोड पर पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक नितिन कुमार, आसिम खान, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेन्द्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक, स्वाति, कांस्टेबल सुमित कुमार, अनीश अहमद, गौरव कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**बिलारी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। बिलारी के बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में कई माह से प्रत्येक मंगलवार की शाम को हनुमान चालीसा का पाठ विधिवत रूप से किया जा रहा है। जिसमें हनुमान चालीसा के साथ-साथ राम स्तुति, वंदना, हरे राम-हरे कृष्णा का जाप किया जाता है। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ करने वालों में महेश गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, सुधीर, सुभाष, संजू सिंघल, सतीश गुप्ता, तिलकराज चंदन, मोनू शर्मा, सुनील आर्य, शुभम शर्मा, सचिन कुमार, कुलदीप सक्सेना, पंडित अभिषेक शर्मा, बृज गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जुलूस के लिए निर्धारित ऊंचाई के बनाएं ताजिए

**डिलारी, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस चौकी जलालपुर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी प्रदीप सेहरावत ने मुहर्रम पर शांति बनाए रखने और गंगा जमुना तहजीब कायम करने की अपील की। बैठक में ताजियेदारों ने कर्बला तक जाने वाले रास्तों को दुरुस्त कराने की मांग उठाई। थाना प्रभारी ने सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। इस मौके पर रईस अहमद, ग्राम प्रधान अफजल हुसैन, बाबू, खालिद, इरफान अहमद, अखलाक आदि मौजूद रहे।

# पालिका बोर्ड की बैठक में सभी प्रस्तावों पर लगी मुहर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक चेयरमैन मोहम्मद इरफान सैफी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई करने, तहसील गेट पर बाइक पार्किंग ठेका होने, सार्वजनिक शौचालयों को ध्वस्त कर फिर से निर्माण कराने सहित अन्य प्रस्तावों पर बोर्ड के सदस्यों ने मुहर लगाई।

बुधवार को पालिका सभागार में हुई बोर्ड की बैठक में ईओ ललित कुमार आर्य ने सभी प्रस्तावों को सभासदों के समक्ष रखते हुए बताया कि पालिका का विस्तार करने के लिए नगलिया नारायण व मोहम्मद गंज तक सीमा विस्तार की स्वीकृति पर चर्चा, निकाय क्षेत्रान्तर्गत पालिका की स्वामित्व वाली भूमि का चिह्नांकन कर बैरिकेडिंग करने, वार्ड पांच में रिक्त भूखण्ड को आंवटन करने की स्वीकृति पर विचार किया गया।



पालिका बोर्ड की बैठक में बोलते चेयरमैन मोहम्मद इरफान सैफी। ● अमृत विचार

तिकोनिया पार्क के निकट बने शौचालय को ध्वस्त कर नवनिर्माण करने, अवशेष भूमि पर दुकानों का नवनिर्माण कराने, अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने, नगरीय सड़क सुधार योजना के अंतर्गत सड़कों व नालियों के नवनिर्माण पर चर्चा हुईं। वहीं, अन्त्येष्टि स्थलों का सुंदरीकरण करने की स्वीकृति, जल निकासी योजना के अंतर्गत नालों का निर्माण तथा पालिका के स्वामित्व वाले तालाबों का सुंदरीकरण करने व तहसील गेट के सामने प्रेरणा कैंटीन के पास रिक्त भूमि पर बाइक पार्किंग के लिए ठेका दिए जाने की स्वीकृति पर विचार, निर्माण कार्यों के पंजीकरण व नवीनीकरण शुल्क में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक में आसिफ सैफी सहित कई सभासदों ने नगर की सफाई, घर-घर जल योजना व टोरेंट गैस योजना के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने व एक वर्ष से आय व

● **सभासदों ने आय-व्यय का ब्यौरा नहीं बताने पर किया हंगामा**

व्यय का हिसाब न देने पर सभासदों ने हंगामा किया। उनका कहना था कि एक वर्ष में विकास कार्य नहीं किए गए हैं। किसी तरह पालिका अध्यक्ष ने सभासदों को समझाकर कहा कि जब तक टोरेन्ट गैस कंपनी वाले सड़क में पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढों को नहीं भर देते हैं, तब तक आगे का कार्य वह नहीं होने देंगे। सभासदों ने कहा कि आने वाली बोर्ड की बैठक में आय व्यय का प्रस्ताव रखें अन्यथा बैठक का बहिष्कार कर दिया जाएगा। बैठक में नगर पालिका सभासद के पति अंकित शर्मा, मोहम्मद हनीफ, नाजरीन, मुजीबुर्रहमान, मोहम्मद वसीम चंद्रकला शकीला, रूकमेश, मुस्तकीम अहमद, कपिल कुमार, खातून बेगम, इस्लाम कुरैशी, आसिफ सैफी, मोहम्मद इरफान, जाहिद, नईम अहमद, हाफिज मोहम्मद वसीम, नदीम सिद्दीकी, राकेश दानव, राकेश, राजेश रहे।

# बारिश से गिरी मकान की छत दो बच्चियां हुईं घायल, भर्ती

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश का भयावह रूप देखने को मिल रहा है। बारिश के चलते मकान गिर रहे हैं। जिससे कई लोग घायल हो रहे हैं। बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू में मजदूर के मकान की छत भरभराकर गिर गई। जिससे घर में मौजूद बच्चे व महिला दब गई। हादसे में परिवार की दो बच्चियों घायल हो गईं।

बताया जाता है कि असलम और उसकी पत्नी, बच्चों के साथ मकान में बैठे हुए थे। बुधवार सुबह हुई भारी बारिश में पहले छत से ईंट व कड़ियां गिरीं, उसके बाद दीवार भी ढह गई थी। इसके बाद घर में एक ओर सो रहे बच्चियों पर छत का मलबा गिर गया। हादसे के दौरान घर में मौजूद महिला सहित दो बच्चियां बुरी तरह दब गई। जिसके वहां चीख पुकार मच गई और देखते ही देखते ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को मलबे में से निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



मकान के मलबे से सामान निकालते परिवार के लोग। ● अमृत विचार

## लापरवाही

### बारिश के बाद कई जगह ठाकुरद्वारा-स्योहारा हाईवे हुआ जर्जर, वाहनों का चलना हुआ दुश्वार

# हाईवे के गड्ढों में भरा पानी, हादसे की आशंका

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-स्योहारा हाईवे पर तिकोनिया पार्क से रतूपुरा मोड तक गड्ढों से हादसों का खतरा है। इनमें बारिश का पानी भर गया है। जिसमें बाइक सवार, ई-रिक्शा चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। गड्ढों के कारण यहां जाम भी लग रहा है। जिससे आसपास के निवासियों और दुकानदारों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कई दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश और ओवरलोड वाहनों के चलते हाईवे पर गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने के कारण इस हिस्से में हाईवे की हालत खस्ताहाल है। बुधवार को रतूपुरा मोड़ के निकट पानी से भरे गहरे गड्ढों में गिरकर कई बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक चोटिल हो गए। अब यहां पैदल निकलना भी मुश्किल है। बुधवार दोपहर तीन बजे यहां एक ई रिक्शा फंसने के कारण लंबा जाम लग गया। जिससे स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आसपास के दुकानदारों ने किसी तरह गड्ढे में गिरी ई-रिक्शा को बाहर निकलवाया, तब कहीं यातायात आगे बढ़ा। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि हाईवे के किनारे पानी की निकासी न होने कारण बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाता है और ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क उखड़नी शुरू हो जाती है। दुकानदारों ने बताया कि अभी एक महीने पहले सड़क की मरम्मत की खानापूर्ति की गई थी। लेकिन सड़क को ऊंचा करके नहीं बनाया गया। जिस कारण बारिश के बाद यहां पानी भर जाता है। ओवरलोड वाहनों के चलते गहरे गड्ढे हो गए हैं। अब स्थिति यह है रतुपुरा मोड़ से लेकर तिकोनिया पार्क तक जगह-जगह सड़क जर्जर हो गई है, जिस कारण वाहनों का चलना दुश्वार है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने हाईवे को ऊंचा कराने की मांग की है।



रतुपुरा मोड़ के निकट सड़क पर बने गड्ढों से गुजरते वाहन।



कांठ-मुरादाबाद मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास गड्ढा।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास गहरे हुए गड्ढे

**कांठ, अमृत विचार :** रेल क्रॉसिंग 432/बी के पास हाईवे पर गहरे गड्ढे होने से हादसा हो सकता है। मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर रेल क्रॉसिंग 432/बी पर पूरा दिन वाहनों का आवागमन रहता है। यहां क्रॉसिंग के दोनों ओर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में ई-रिक्शा पलट रहे हैं। वहीं साइकिल सवारों व अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर वरिष्ठ अधिकारी कांवड़ यात्रा को लेकर सड़क के गड्ढे भरने का दावा कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रेल क्रॉसिंग 433/बी पर हाईवे का बुरा हाल है। इसके अलावा नगर में थाना चौराहा के सामने, पुराना बस स्टैंड, गांधी आश्रम चौराहा एवं मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर भी कई गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबक बन रहे हैं। जल्द ही गड्ढे नहीं भरे गए तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सड़कों के गड्ढे नहीं भरे जाने से कांवड़ियों को भी परेशानी होगी।

## दो लाख व प्लॉट न मिलने पर महिला को निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये व 100 गज के प्लाट की मांग पूरी न होने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर पट्टी जाट निवासी कौसर जहां पुत्री मोहम्मद इलियास ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी शादी 29 मार्च 2015 को इसरार पुत्र इशहाक के साथ हुई थी। आरोप है कि पति इसरार, देवर फैजान, सास फरीदा, ननद इमराना, अमरीन, शबनम पुत्रियां इशहाक दो लाख रुपये व 100 गज के प्लाट की मांग करते थे। ससुराल वालों की यातनाओं से तंग होकर मैं मायके आ गई थी। आरोप है कि ससुराल वाले उसके मायके दूल्हापुर पट्टी जाट आए और मांग पूरी करने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर मुझसे गाली गलौज व मारपीट की। पीड़िता परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हाईवे पर घूम रहे छुट्टा पशुओं से यातायात हो रहा बाधित

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित करने का अधिकारियों का दावा खोखला साबित हो रहा है। छजलैट क्षेत्र में हाईवे पर छुट्टा पशु आए दिन बैठे नजर आते हैं। जिससे हादसे की भी आशंका रहती है।

थाना क्षेत्र में सड़कों पर छुट्टा पशुओं की आवाजाही बढ़ गई है। इससे हादसे की आशंका भी बनी रहती है। हाईवे और अन्य सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं की समस्या को अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। बुधवार को भी महमूदपुर में रोड पर छुट्टा पशु घंटों बैठे रहे। गांव रमपुरा, सादकपुर खिचड़ी, कान्हा गोशाला, गोविंदपुर, सिरसा ठाठ में सरकारी गोशालाएं हैं। कुछ माह पहले ब्लॉक स्तर पर किसानों के घर-घर जाकर विभागीय कर्मचारियों ने पशुओं को टैग पहनाए थे।



हाइवे पर बैठे छुट्टा पशु।

किसानों को चेतावनी दी गई थी कि यदि कोई पशु घर पर नहीं पाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन इसका भी कोई असर नहीं पड़ा। इन दिनों शायद ऐसा कोई मार्ग हो जिस पर छुट्टा पशु दिखाई दें। खंड विकास अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार ने बताया कि छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है।

## एक नजर

### क्लीनिक के बाहर से ई-रिक्शा चोरी, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी आरिफ खां मंगलवार रात अपने धेवते को नगर की ग्रीन सिटी में चिकित्सक से दवा दिलवाने के लिए गए थे। आरिफ खां बच्चे को गोद में लेकर चिकित्सक के क्लीनिक में पहुंच गए। कुछ देर के बाद जब वह लौटे तो वहां से उनकी ई-रिक्शा गायब थी। बुधवार सुबह उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने क्लीनिक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

### आसमान में छाए रहे बादल, मौसम सुहाना

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र में कई दिन बारिश के बाद मंगलवार रात गर्मी से लोग बेहाल रहे। लेकिन बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाने मौसम सुहाना हो गया। ठंडी हवा ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। तेज हवा के साथ आसमान में बादल उमड़े। लेकिन बारिश नहीं हुई।



नौगांवा सादात मार्ग पर गड्ढे भरते मजदूर। ● अमृत विचार

# कांवड़ यात्रा से पहले भरे गए नौगांवा मार्ग के गड्ढे

**अमृत विचार**
**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता,अमरोहा

**अमृत विचार :** 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गंभीर हो गए हैं। उन्होंने नौगांवा सादात रोड पर बारिश के दौरान हुए गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया है।

बारिश के दौरान अमरोहा नौगांवा सादात रोड पर गहरे गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों से कांवड़ियों को दिक्कत होती।

मंगलवार के अंक में अमृत विचार समाचार पत्र ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद लोग निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने नौगांवा सादात रोड पर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू करा दिया।

### दुल्हन के प्रेमी ने दूल्हे को दी धमकी, मंडप में मची अफरा-तफरी

# मोबाइल पर दुल्हन के आपत्तिजनक फोटो वीडियो देख दूल्हे ने शादी से किया इनकार

संवाददाता, आदमपुर (अमरोहा)

- **युवती के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**
- **बिना दुल्हन लौट गई बरात**

**अमृत विचार :** आदमपुर क्षेत्र में शादी के मंडप में बरात चढ़त के बाद फेरों से पहले दूल्हे के मोबाइल पर दुल्हन का आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेज दिया गया। इसे देखकर दूल्हे ने शादी से इनकार कर दिया। साथ ही दुल्हन के प्रेमी ने दूल्हे को फोन पर धमकी भी दी। मामला सुलझाने के लिए दोनों पक्षों की पंचायत हुई, लेकिन दुल्हा नहीं माना। दूल्हा बिना दुल्हन के बरात लेकर लौट गया। मामले में तहरीर के आधार पर प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह घटना थाना आदमपुर क्षेत्र के एक गांव की है। दरअसल, यहां के निवासी किसान की बेटी की मंगलवार को शादी थी। क्षेत्र के एक गांव से बरात आई थी। बरात चढ़त के बाद फेरों के लिए जैसे ही दूल्हा मंडप में पहुंचा तो उसके मोबाइल में व्हाट्सएप पर दूल्हन के कई आपत्तिजनक फोटो और वीडियो आए। दूल्हे ने फोटो व वीडियो देखे तो उसके होश उड़ गए। इस बीच गांव के ही युवक ने उसके मोबाइल पर कॉल करके धमकी दी। उसके बाद दूल्हे ने शादी करने से इनकार कर दिया। दुल्हन के परिजनों ने वजह पूछी तो उसने फोटो व वीडियो दिखा दिए। यह देख दुल्हन के परिजन भी हैरत में रह गए। इस बीच मंडप में अफरा तफरी मच गई। लोगों को पता लगा कि फोटो व वीडियो भेजने वाला आरोपी युवक दुल्हन के गांव का ही रहने वाला है। इसके बाद गांव में पंचायत हुई। दूल्हे को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने शादी से इनकार कर दिया।

मामला पुलिस तक पहुंच गया। दूल्हा व दुल्हन पक्ष के लोग थाने पर पहुंच गए। यहां भी दूल्हे ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद बरात बिना दुल्हन लौट गई। थाना अध्यक्ष शोकेंद्र बालियान ने बताया कि गांव के ही रहने वाले युवक ने दूल्हे के मोबाइल पर फोटो व वीडियो भेजे थे। लड़की के परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप



भाकियू की बैठक के बाद मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाकियू ने महापंचायत करने का लिया निर्णय

**गजरौला, अमृत विचार :** भाकियू जनशक्ति की बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष रविपाल सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यालय में हुई। इसमें धनौरा तहसील में महापंचायत करने का निर्णय लिया। नरेश चौधरी को जिला उपाध्यक्ष, मोहित सिंह को तहसील अध्यक्ष अमरोहा एवं शाहिद को मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मुरादाबाद के पदों पर नियुक्त किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, उत्तर प्रदेश महासचिव जोगिंदर सिंह, जिला प्रभारी संजीव चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अरुण गिल, जिला कोषाध्यक्ष गुरमीत चाहल, भूप सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



सीडीपीओ को ज्ञापन सौंपतीं आंगनबाड़ी कार्यककर्ता। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक में बुधवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की सदस्यों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार चार लेबर कोड रद करे, महंगाई, निजीकरण, ठेके पर रोक लगाए। ठेका कर्मियों को स्थायी किया जाए, समान कार्य के लिए समान वेतन मिले। समय से वेतन का भुगतान, खाली पदों पर जल्द भर्ती, पुरानी पेंशन योजना लागू, मोबाइल डाटा और ड्रेस का पैसा दिया जाए। रिटायर्ड आंगनबाड़ी बहनों को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए। इस दौरान कुसुम गिरी, रिता मित्तल, ललिता, लक्ष्मी, राजबाला, प्रेमवती, आभा, सुखबीरी देवी, प्रवेश देवी, राखी, निर्देश आदि मौजूद रहीं।

### भाकियू भूमि के प्रदेश सचिव बने शेर अली

**हसनपुर, अमृत विचार :** कस्बा उझारी निवासी शेर अली को भाकियू भूमि का प्रदेश सचिव बनाया गया है। भारतीय किसान यूनियन भूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खचेड़ू सिंह के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल सिंह कटारिया संगठन का विस्तार कर रहे हैं। बुधवार को अपने कैंप कार्यालय में शेर अली को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। प्रदेश सचिव शेर अली ने कहा कि जो उन्हें दायित्व दिया गया है, वह ईमानदारी से उसका निर्वाह करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



शेर अली को प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी।

### पुलिस ने तीन मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे

**गजरौला, अमृत विचार :** पुलिस ने पोर्टल की मदद से विभिन्न स्थानों पर गुम हुए तीन मोबाइल बरामद कर स्वामियों को सौंपे हैं। पुलिस ने लवकुश राणा निवासी गांव कासमाबाद का मोबाइल, सुमित कुमार निवासी गांव बसैली, अली अशरफ निवासी मोहल्ला बुध बाजार का मोबादल बरामद कर सौंपा। अपने खोऐ हुए मोबाइल पाकर मालिक खुश दिखे। उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

# कार ने दो दोस्तों को रौंदा, बाइक और युवक को कई मीटर दूर तक घसीटा

## नगर में बिजनौर रोड पर एक नर्सिंग होम के सामने हुए दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में बिजनौर रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक हवा में उछलकर कार पर जा गिर गया। कार चालक भागने के प्रयास में बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटता ले गया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। हादसे में घायल दो युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर रोड स्थित शकील नर्सिंग होम के पास मंगलवार रात हुआ। दरअसल, नगर क्षेत्र के मोहल्ला लकड़ा निवासी शुभम और अजय अपनी बाइक से मंगलवार रात 10 बजे बिजनौर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल जा रहे थे। जब वे नर्सिंग होम के पास पहुंचे तो कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर पीछे बैठा शुभम हवा में उछलकर कार पर जा गिरा। जबकि बाइक चला रहा अजय बाइक के साथ कार के अगले हिस्से में फंस गया। कार सवार भागने की कोशिश करने लगा और बाइक कार के अगले हिस्से में फंस गई। इस दौरान कार सवार बाइक व युवक को काफी दूर तक घसीटता ले गया। यह घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस हादसे में बाइक दोनों दोस्त घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के आधार पर कार सवार की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा।



दुर्घटना के वायरल वीडियो का स्कीन शॉट। ● अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बृजघाट निवासी पुरुषोत्तम व नितिन बुधवार सुबह बाइक से किसी काम से गजरौला आ रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना के बाद घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

# लैंडमार्क कॉलेज के प्रबंधक समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**आरोप**

- **फर्जी एग्रीमेंट कराकर आम के बाग की फसल बेचने का आरोप**
- **कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** आम की फसल का फर्जी एग्रीमेंट करने व धमकी देने के आरोप में लैंडमार्क कॉलेज के प्रबंधक खालिद परवेज समेत पांच लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा शहर निवासी व्यापारी साजिद परवेज, मुंबई में समीर लौखंडवाला स्थित मेधदूत टॉवर में रहते हैं। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में बाहर चुंगी सलेमपुर हेमनगर में उनकी कुछ कृषि भूमि और आम का बाग भी है। आरोप है कि शहर में ही स्टेशन रोड पर परवेज विला में रहने वाले सगे भाई खालिद परवेज की उनके हिस्से की संपत्ति को हड़पने की नीयत थी। खालिद परवेज ने कूटरचित दस्तोवज तैयार कराकर बदायूं के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी शमशुद्दीन, मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मुबारिक अहमद व मोहल्ला कामग्राम घंटाघर निवासी शारिक हलीम, मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गलैक्सी अपार्टमेंट निवासी हारून सिद्दकी, डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव खरखौदा निवासी राहिल की मिलीभगत से बिना एग्रीमेंट कराए उनके बाग की आम की फसल बेच दी। साजिद परवेज को मामले की जानकारी अमरोहा आने पर हुई। फर्जी एग्रीमेंट देख उनके होश उड़ गए। आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इसके बाद साजिद परवेज ने कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर डिडौली स्थित लैंडमार्क कॉलेज के प्रबंधक खालिद परवेज समेत अन्य पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शराब की दुकान में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** देसी शराब की दुकान में नकब लगाकर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के गांव मूंडाखेड़ा निवासी मलखान की गजरौला-तिगरी मार्ग स्थित शराब की दुकान है। नौ मई की रात सेल्समैन सलीम दुकान बंद कर घर चला गया था। इस बीच चोरों ने दुकान के पीछे से नकब लगाया और 20 हजार रुपये, शराब की 27 पेटी, इनवर्टर-बैटरी समेत करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया था। 10 मई की सुबह पास स्थित कैंटीन का संचालक मौके पर पहुंचा तो देख घटना की जानकारी हुई। सूचना के बाद सेल्समैन व दुकान मालिक भी मौके पर पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी शमशेर को गिरफ्तार किया है।

# कुत्ते के काटने से छह माह बाद मजदूर की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**दुखद**

- **अशरफपुर गांव में काम करते समय कुत्तों ने किया था हमला**
- **परिजनों ने घायल हबीब को नहीं लगवाए एंटीरेबीज के इंजेक्शन**

**अमृत विचार :** कुत्ते के काटने से छह माह बाद मंगलवार देर रात मजदूर की मौत हो गई। परिजनों ने उसे एंटी रेबीज वैक्सीन का इंजेक्शन नहीं लगवाया गया था। उसके शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है।



हसनपुर नगर के मोहल्ला मुबारकपुर कलां निवासी हबीब (40) छह माह पहले जिला संभल के गांव अशरफपुर में अपने मामा के यहां मजदूरी करने गया था। काम करते समय उसे कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद युवक ने वहां किसी वैध से देशी दवा लेकर खा ली। लेकिन उसने एंटी रेबीज का इंजेक्शन नहीं लगवाया। मंगलवार को युवक की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे अमरोहा में चिकित्सकों को दिखाया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे मेरठ ले गए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख उसे दिल्ली रेफर कर दिया। उपचार के लिए ले जाते समय मंगलवार देर रात युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। युवक अपने पीछे बेटा हुसैन, बेटी मंतशा, मुस्कान, अलीशा और पत्नी शबाना को रोते-बिलखते छोड़ गया है। उधर, परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में सड़कों पर कुत्तों के झुंड रहे हैं। कुत्ते लोगों पर हमला कर देते हैं। इससे कई लोग घायल हो चुके हैं। लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने कुत्तों को नहीं पकड़वाया है।



मजदूर की मौत के बाद विलाप करतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### जलनिकासी के लिए कराई जाएं नालियों की मरम्मत

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के विकास कार्य की समीक्षा की। मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के तहत प्रस्तावित विकास कार्य की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने मोहल्ला आशियाना कॉलोनी और मोहल्ला दरबार कलां, पंजू सराय में कार्य प्रस्तावित कराए हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि जलनिकासी के लिए नालियों की मरम्मत कराएं। कच्ची सड़कों की सूची बनाकर उपलब्ध कराए। कहा कि जो सड़कें ज्यादा खराब हैं, उनको नाली के साथ बनवाने के लिए स्वीकृत करें।

### खाद्य विभाग की टीम ने मधुबन रेस्टोरेंट पर मारा छापा नमूने लिए

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शहर में स्टेट हाईवे स्थित मधुबन रेस्टोरेंट पर बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा। यहां से टीम ने पेड़ा व चॉकलेट बर्फी के नमूने लेकर लैब भेजे। कार्रवाई से नगर के मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कावड़ यात्रा के दृष्टिगत बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। टीम ने मधुबन रेस्टोरेंट से मिठाइयों के सैंपल भरकर लैब भेजे। इस बीच कुछ दुकानदार अपनी दुकानों का शटर गिरकर भाग गए। खाद्य विभाग के अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि मधुबन रेस्टोरेंट से पेड़ा व चॉकलेट बर्फी का सैंपल लेकर लैब के लिए भेजा गया है।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987




गंगा के पानी में डूबी झोपड़ी। ● अमृत विचार

# तिगरी गंगा का जलस्तर घटा, दिक्कतें बरकरार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गंगा के जलस्तर में कमी आने का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को जलस्तर 199.70 मीटर गेज मापा गया जबकि बिजनौर बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा भी 20 हजार क्यूसेक रही।

तिगरी व आसपास के खेतों में पानी भरा है। इस कारण किसानों को पशुओं के लिए चारा काटने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई दिनों से नदी का पानी भरा होने के कारण फसलों में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। हालांकि अभी पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते जलस्तर बढ़ने की काफी संभावना है। बारिश से नदियों में पानी अधिक होने पर हरिद्वार व बैराज से डाउन स्ट्रीम में डिस्चार्ज किया जाता है। बृजघाट पुल के नीचे जलस्तर में 40 सेमी की गिरावट मापी गई। यहां बीते दिन जलस्तर 198 मीटर गेज था, जो मंगलवार को 197.60 मीटर गेज मापा गया।

**विरोध** | अभिभावक बोले- देर से स्कूलों में पहुंचते हैं शिक्षक

# शिक्षकों ने नहीं दर्ज कराई ऑनलाइन उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** परीषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी है। बुधवार को भी शिक्षकों ने इनका विरोध किया। जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांध प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने स्कूलों में कार्य किया लेकिन ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक वह ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते रहेंगे। लेकिन बच्चों के अभिभावकों ने ऑनलाइन उपस्थिति की प्रक्रिया को सही ठहराया है।

शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी रहेगा। 15 जुलाई तक शासन ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे और बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने धरना देंगे। यह आंदोलन प्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर किया जा रहा है।

> प्रदेश शासन ने ऑनलाइन उपस्थिति लगाने का आदेश जारी कर दिया है, लेकिन इसकी नियमावली में नहीं है। शासन की ओर से निजी स्कूलों की तर्ज पर शिक्षकों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। स्कूलों के भवन जर्जर हैं। बारिश के समय स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिलती है। पुरानी पेंशन बहाली की जाए। शिक्षकों को निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए और पदोन्नति के साथ वेतन भी बढ़ाया जाए। जब तक शिक्षकों की मांग पूरी नहीं होगी, ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी रहेगा।
>
> – **शाहनवाज साबरी**, अध्यक्ष बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोएशिन



> अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया शुरू कर अच्छा कदम उठाया है। अब तक अध्यापक मनमानी के अनुसार स्कूलों में पहुंचते हैं। वे कभी भी स्कूलों से लौट जाते हैं। अब ऐसा नहीं होगा।
>
> –**मोहम्मद सलमान, अभिभावक**



> ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया से परिषदीय अध्यापकों की मनमानी पर विराम लगेगा और समय से स्कूल जाकर बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराएंगे। अध्यापक स्कूलों में देर से पहुंचते हैं। उपस्थिति दर्ज करके कभी भी लौट जाते हैं। अब ऐसा नहीं होगा।
>
> – **शमशाद हुसैन, अभिभावक**

## एक नजर

### पालिका की टीम ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कुरेशी के पास भूखंडों पर हुए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। तहसील और नगर पालिका की टीम ने यह कार्रवाई की। सूचना के बाद एसडीएम सुधीर कुमार ने मोहल्ला कुरैशी के पास तीन स्थानों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने के निर्देश दिए थे। नायब तहसीलदार योगेश कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम मौके पहुंची। टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम ने बताया कि इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। लोगों के पास कोई नक्शा नहीं है।

### दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां उसका चालान कर दिया गया। हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव झुंडी माफी निवासी तारा (21) की शादी 23 अप्रैल को क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी महेश पुत्र रामअवतार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने महिला से दहेज में कार की मांग कर दी थी। एक सप्ताह पहले भी पति-पत्नी के बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ था। सोमवार देर रात तारा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा किया था। ससुराल वालों मौके से फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी महेश पुत्र रामौतार को गिरफ्तार कर लिया है।



अमरोहा शहर में निकाले गए जुलूस में शामिल दुलदुल के साथ अजादार। ● अमृत विचार



निरीक्षण के दौरान एसपी कुंवर अनुपम सिंह को जानकारी देते लोग। ● अमृत विचार

# मातमी जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं

## अजाखाना वलिया से बरामद हुआ पहला मातमी जुलूस, हुसैन की शहादत की याद में रोए अजादार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शहर में बुधवार को तीन मोहर्रम का मातमी जुलूस बरामद हुआ। अजादारों ने या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद करके बीबी फात्मा को लाल की शहादत का गम मनाया। अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की ओर से बुधवार सुबह नौ बजे तीन मोहर्रम के जुलूस की शुरूआत नगर के मोहल्ला पचदरा स्थित अजाखाना वलिया से हुई। जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। ऊंट पर काला अलम लगा हुआ था। बच्चे ऊंटों पर सवार थे। इसके पीछे रोशन चौकी और आराईश थी। इसे कहार लेकर चल रहे थे। रोशन चौकी में नौबत बज रही थी। जुलजनाह, शबीहे ताबूत और अलम मुबारक के पीछे हुसैनी बाजे पर अजादार या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। तीन मोहर्रम को कई इमामबाड़ों में मर्सिया घर से जब बहरे सफर सैयदे आलम निकले, शाने हैदर साहब ने पढ़ा। जुलूस से कर्बला के सारा मंजर ताजा हो रहा था। जुलूस अपने तय रास्तों से गुजरकर अजाखाना वलिया पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने गुलाब के फूल बरसा कर स्वागत किया। संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी रजि ने किया। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, डॉ. चंदन नकवी, शाने मुज्तबा, मौलाना वसीम, वसीम जैदी, मौलाना तकी नजीर हैदर, अफजाल, मुनाजिर हुसैन, शाने, गालिब, तकी, रजा कमर ने जुलूस का संचालन किया।

### कर्बला में हक की जीत हुई : मौलाना मुताहिर

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बा सैदनगली में तीन मोहर्रम को दिनभर सभी इमामबारगाहों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। कर्बला वालों की याद में हर जगह मजलिस और मातम हुआ। बुधवार सुबह पहली मजलिस मुजफ्फर अली के घर हुई। इसमें सोजख्वानी नसीमुल हसन और हमनवा ने की। मजलिस को दानिश बाकरी ने खिताब किया। इमामबारगाह पीरजी में हुई मजलिस में मर्सियाख्वानी डॉ. लईक हैदर बाकरी और हमनवा ने की। मजलिस को ईरान से आए मौलाना मुताहिर हुसैन ने खिताब किया। कहा कि कर्बला में हक और बातिल की लड़ाई हुई थी। इमाम हुसैन हक पर थे और यजीद बातिल पर था। यजीद चाहता था कि हुसैन बैयत करें और जैसा वह चाहे वैसा करें। यजीद इस्लाम को मिटाना चाहता था और इंसानियत को खत्म करना चाहता था। लेकिन हुसैन ने अजीम कुर्बानी देकर कयामत तक के लिए इस्लाम और इंसानियत को बचा लिया। हुसैन जीत गए और यजीद हार गया। नोहे फिरोज हैदर रिजवी, सुहैल अब्बास आदि ने पढ़े।



मजलिस में बोलते मौलाना मुताहिर हुसैन।

### सीसीटीवी कैमरों से होगी जुलूस की निगरानी

**अमरोहा, अमृत विचार :** ताजियों के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हो गए हैं। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने मंगलवार देर रात अजादारों व अंजुमन रजाकराने हुसैनी के पदाधिकारियों से वार्ता की और जुलूस के रूट का निरीक्षण भी किया। मंगलवर देर रात एसपी नगर कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इमामबाड़ों में लोगों से वार्ता की। एसपी ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल संख्या बढ़ाने व चौकसी बरतने के निर्देश दिए। कहा कि मोहर्रम के दौरान कोई नई परंपरा नहीं डाली जानी चाहिए। जिस रूट से जुलूस निकाले जाते हैं, वहीं से जुलूस निकाला जाए। एसपी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे से जुलूस की निगरानी की जानी चाहिए। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जाए। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जिन क्षेत्रों में पहले विवाद हो चुके हैं, वहां अधिक पुलिस बल को तैनात किया जाए। इस दौरान एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ अरुण कुमार आदि रहे।

# अबु तालिब के ईमान पर शक करने वाला खुद बेईमान : नूरी

संवाददाता, सैदनगली/ उझारी



उझारी में मजलिस को खिताब फरमाते मौलाना अली हैदर नूरी।

**अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों का गम मनाने का सिलसिला जारी है। इमामबारगाहों और घरों में मजलिसें बरपा की जा रही हैं। चारों ओर से या हुसैन या हुसैन की सदाएं सुनाई दे रही हैं।

कस्बा उझारी के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाईज में मजलिस हुई। इसमें मर्सियाख्वानी जीशान हैदर और उनके साथियों ने की। मौलाना अली हैदर नूरी ने हजरत अबु तालिब के ईमान पर तर्कसंगत व्याख्यान दिया। इमामबारगाहे अबु तालिब में हुई मजलिस में मर्सियाख्वानी जामिन बाकरी और उनके हमनवा ने की। मौलाना हुसैन मेहंदी ने कहा कि हुर यजीद की फौज में थे, जब उन्होंने इमाम हुसैन के खेमों से अलअतश अलअतश की सदाएं सुनीं तो उनका दिल पिघल गया। उन्होंने इमाम हुसैन की ओर जाने का फैसला कर लिया। अपने बेटे से अपने हाथ बंधवाकर और आंखों पर पट्टी बांधकर इमाम हुसैन की बारगाह में पहुंच गए और अपने किस्मत का सितारा चमका लिया। हजरत हुर, हजरत इमाम हुसैन की जानिब से लड़ते हुए शाहिद हो गए। मजलिस के बाद नोहाख्वानी हाजी अखलाक हुसैन ने की। मोहल्ला नौरंगाबाद, उझारी में भी मजलिस का सिलसिला जारी है। वहां मौलाना हसन इमाम ने मजलिस को खिताब किया। इस दौरान नूरुल, हसन, बिलाल बाकरी, इब्ने अब्बास, बंदे हसन, सलमान हैदर, अलाउद्दीन सैफी, शाने अब्बास, शोएब जैदी, जावेद कैसर, हाजी अखलाक हुसैन, अफाक हुसैन, मोहम्मद आरिफ, हसन मेहंदी शाने असगर, मोहम्मद असगर, जहीर अब्बास आदि रहे।

### जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रही

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में ताजियों के जुलूस के दौरान बुधवार सुबह 8 :30 से लेकर 7 :30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जुलूस के निकलने के बाद आपूर्ति सुचारु किया गया है। विद्युत वितरण खंड तृतीया के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि बुधवार के दिन मोहर्रम का जुलूस निकाल गया। जुलूस के दौरान क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिस क्षेत्र से जुलूस निकाल गया। उसके बाद उसे क्षेत्र के बिजली आपूर्ति को सुचारु किया गया है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था सुबह 8 :30 बजे से नगर में शुरू कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति के बंद रखे जाने की जानकारी उपभोक्ताओं को पहले ही दे दी गई थी।

# वार्ड-17 की सभासद चुनी गई शाहीन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 में हुए उपचुनाव में शाहीन कुरैशी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी को 147 मतों से हराकर जीत दर्ज कर ली है। सभासद के पद पर बदर कुरैशी के परिवार की चौथी बार जीत हुई है।

ब्लॉक सभागार में बुधवार सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उप चुनाव में वोटों की गणना शुरू हुई। उसमें शाहीन कुरैशी को 752 वोट मिले, जबकि मेराज जहां को 605 वोट मिले हैं। शाहीन कुरैशी ने 147 वोटों से जीत हासिल कर सभासद की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। 62 वोट निरस्त हुए हैं। एक वोट नोटा पर डाला गया है। मतगणना के दौरान मतपत्रों में 70 रुपये भी मतपेटी से मिले हैं। आरओ नीरज कुमार गर्ग एवं एआरओ रामबाबू ने विजयी प्रत्याशी शाहीन कुरैशी को प्रमाण पत्र दिया गया। आरओ ने शाहीन को सभासद के पद पर निर्वाचित होने की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र भी दे दिया। शाहीन की जीत के बाद समर्थकों ने उनके पति व उनका स्वागत किया। नगर पालिका परिषद के सभासदों ने भी बदर कुरैशी के आवास पर पहुंचकर जीत की मुबारकबाद दी।



शाहीन कुरैशी को जीत का प्रमाण पत्र देते आरओ नीरज कुमार गर्ग व अन्य।

## नगर में पालिका की टीम ने सड़कों के गड्ढे भरवाए

**अमरोहा, अमृत विचार:** नगर पालिका की टीम ने मंगलवार देर रात तक नगर में सड़कों के गड्ढे भरे। इस दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के निर्देश पर नगर की सड़कों पर हुए गड्ढे भरने का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया। जिन मार्गों पर गड्ढे भरे गए उन पर यातायात बाधित रहा। जुलूस को लेकर पिछले कई दिनों से सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। बुधवार को जुलूस होने के कारण देर रात तक सड़क की मरम्मत कराई गई। कांवड़ यात्रा से पहले मार्गों की मरम्मत कराई जा रही है। ताकि कांवड़ियों को दिक्कत नहीं हो सके।

# भाजपाइयों ने निकाली मतदाता धन्यवाद यात्रा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर में बुधवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी के नेतृत्व में मतदाता धन्यवाद यात्रा निकाली गई। मतदाताओं का धन्यवाद एवं अभिनंदन करते हुए नगर में यात्रा निकली।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी कंवर सिंह तंवर की जीत और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नगर के सभी मतदाताओं को धन्यवाद व अभिनंदन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष परम सिंह, सभासद दुलीचंद गिहार, विवेक सिंह, अरुण दीक्षित, प्रिंस चावला राजू, प्रशांक त्यागी, कुसुम अग्रवाल, पवन शर्मा, विक्रांत सिंह, ऋषिपाल सिंह, दिवाकर सिंह, रामकिशोर, राजू उपाध्याय, नरेंद्र जाटव, गितेश अग्रवाल, चरण सिंह जाटव व प्रत्यक्ष शर्मा आदि रहे।

## सार-संक्षेप



सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रमाण पत्र दिखाते सुभासपा के सदस्य।

### सुभासपा की बैठक में सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा

**अमरोहा, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की एक बैठक ग्राम पंचायत दरियापुर में हुई। अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मुरादाबाद, सदस्यता प्रभारी जनपद अमरोहा रहे। इन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए नीतियां बताकर सदस्य बनाया। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में यूनुस प्रधान, शाहरुख सैफी, जगत सिंह गुर्जर, बाबूराम पाल, जब्बार अहमद, जमालुद्दीन, इमरान अहमद, जसवंती, गफूर अहमद, नूर अहमद, आदेश अमरोही, अशोक कुमार, मंजू देवी समेत 50 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आदेश अमरोही, कमल सिंह सैनी, मोहित, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाई को दी जान से मारने की धमकी, तहरीर दी

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** गांव बीजरा में चरण सिंह का परिवार रहता है। उनका बड़ा बेटा भोले हादसे के कारण मानसिक रूप से कमजोर है। भोले ने अपने छोटे भाई नरेश कुमार को कुछ अपशब्द कह दिए। इसके बाद नरेश आग बबूला हो गया और अपने भाई के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी सतवीरी को भी पीटा। घर में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। सतवीरी जान बचाकर थाना पहुंची और नरेश कुमार के खिलाफ जान से मारने की धमकी और मारपीट के आरोप में तहरीर दी।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

**बुरावली, अमृत विचार :** गांव मटीपुरा में बुधवार को पौधरोपण किया गया। ग्राम प्रधान अरुण कपासिया ने कहा कि पेड़ पौधों की कमी से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट रहे हैं। पर्यावरण हरा भरा रहेगा तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। ग्राम पंचायत में फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर अमित कपासिया, ग्राम प्रधान अरुण कपासिया, रोजगार सेवक महक सिंह, कुलदीप सिंह, योगेंद्र भाटी आदि लोग मौजूद रहे।



गांव मटीपुरा में पौधरोपण करते ग्राम प्रधान अन्य। ● अमृत विचार

# शेखूपुर में कंपोजिट स्कूल के सामने सड़क पर जलभराव

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गांव शेखूपुर झकड़ी में कंपोजिट स्कूल के सामने लगभग 50 मीटर सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग सड़क 15 दिन से जलमग्न है। सड़क पर गड्ढों बाइक सवार व ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं।

भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट बुधवार सुबह हसनपुर-भदौरा मार्ग पर हसनपुर की ओर आ रहे थे।

उन्होंने देखा कि शेखूपुर झकड़ी के कंपोजिट स्कूल में पढ़ने वाले दो बच्चे जलभराव में गिर गए। इसकी शिकायत उन्होंने जिलाधिकारी से की। जिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने खंड विकास अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश कर दिए हैं। खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग ने बताया ग्राम पंचायत अधिकारी शुक्रवार को इस समस्या का समाधान करेंगे।



स्कूल के बाहर मार्ग पर भरा पानी।

## घर में फंदे पर लटककर किशोरी ने की आत्महत्या

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में घर के कमरे में किशोरी ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा। बिना कानूनी कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

बताया गया कि मंगलवार शाम किशोरी किसी से फोन पर बात कर रही थी। तभी पिता ने उसे देख लिया था। पिता ने उसे डांट दिया था। इससे नाराज होकर किशोरी ने बुधवार सुबह घर के कमरे में ही खूंटी के सहारे फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे लटका देख तो घर में चीख पुकार मच गई। बाद में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वह चार भाई बहनों में सबसे छोटी थी। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि इस तरह की घटना की सूचना थाने में नहीं आई है।

# चर्म रोगों से बचाव के बताए उपाय

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में बुधवार को विम्स वेंक्टेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के चर्म रोग विभाग की ओर से राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। इसमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, लखनऊ समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आए चर्म रोग विशेषज्ञों ने मेलेनिन की असमान्यता कमी या अधिकता से होने वाले खतरनाक रोगों की जांच, नवीनतम उपचार तकनीकों पर प्रकाश डाला।

वेंक्टेश्वरा के डॉ. विधान चन्द्र राय सभागार में मेलेनिन सिम्पोजियम विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय चिकित्सा कार्यशाला का आरंभ समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डीन मेडिकल डॉ. अतुल वर्मा, विम्स चर्म रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा कुशवाहा, कार्यशाला संयोजक डॉ. रोहन त्यागी, डॉ. अरविन्द कृष्णा, डॉ. एबी डेविड ने किया। हैदराबाद से आए डॉ. एबी डेविड ने कहा कि मेलेनिन एक प्राकृतिक रंग वर्णक है, जो लोगों की त्वचा को कलर प्रदान करता है। इसकी असमान्यता कमी या अधिकता से विटिलिगो, एल्बिनिज्म, मेलेसिमा जैसी गंभीर बीमारियां जन्म लेती है। इसमें स्किन खराब, भैंगापन एवं दृष्टिदोष होता है। डॉ. आकांक्षा आस्तिक, डॉ. दीक्षा अग्रवाल, डॉ. अमरजीत वर्मा, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. जूही कैथवास, डॉ. अनुराग प्रधान ने भी विचार रखे।




राष्ट्रीय कार्यशाला का आरंभ करते डॉ. सुधीर गिरि व अन्य।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बरतें सावधानी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय में बुधवार को बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने बैठक की। इसमें एसडीएम ने बाढ़ खंड के एई मुकेश जैन को मौके पर जाकर लगातार बंदे का निरीक्षण करने और जलस्तर बढ़ने पर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि बाढ़ क्षेत्र के गांवों में विशेष सावधानी बरतें। समय-समय पर लोगों को सचेत करते रहें। खाद्य आपूर्ति अधिकारी प्रीति शर्मा से कहा कि सभी राशन डीलर बाढ़ से प्रभावित गांवों में राशन वितरण करें। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि बाढ़ प्रभावित गावों में संक्रामक रोगों को फैलने से रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कराएं। एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा कार्यों में जुटने के लिए कहा। इस दौरान तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, खाद्य आपूर्ति अधिकारी प्रीति शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. भगेश सिंह, एडीओ पंचायत रामचंद्र सिंह, राजवीर सिंह, सीडीपीओ मुसर्रत जहां, जेई अजय कुमार, आरके धीरे सिंह, सचिव अशोक कुमार, ग्राम प्रधान जबर सिंह, गंगाशरण सहित आदि मौजूद रहे।




बैठक में चर्चा करतीं एसडीएम चंद्रकांता। ● अमृत विचार

**अवसर** | जिलाधिकारी बोले- सरकारी सेवा में लेखपालों की महत्वपूर्ण भूमिका

# जिले को मिले 73 नए लेखपाल, नियुक्ति पत्र सौंपे गए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को लेखपालों को नियुक्त पत्र बांटे गए। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने लेखपालों को नियुक्त पत्र सौंपे। जिलाधिकारी ने सभी नए लेखपालों को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ नौकरी करने की सलाह दी। साथ ही उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिए। इससे पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री ने लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपकर संबोधित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। सभी तहसीलों को 73 लेखपाल मिले हैं। अमरोहा तहसील के लिए 13 लेखपाल, नौगांवा के लिए 10, हसनपुर के लिए 28, मंडी धनौरा तहरील के लिए 22 नए लेखपाल मिले हैं। जिलाधिकारी ने लेखपालों को राजस्व परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप लोग आज से राजस्व परिवार का हिस्सा बने हैं। लेखपाल की सरकारी सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस भूमिका को आप ईमानदारी, परिश्रम और निष्ठा के साथ निभाएं।

विधायक ने लेखपालों को बधाई देकर संबोधित करते हुए कहा कि बड़े ही सौभाग्यशाली हैं, जो आप राजस्व का हिस्सा बनने जा रहे हैं। लेखपाल की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह राजस्व की सबसे नीचे की कड़ी है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह आदि अधिकारी रहे।



लेखपाल को नियुक्ति पत्र देते विधायक महेंद्र खड़गवंशी व जिलाधिकारी।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली से सिवान जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई। इस प्रकार दो दिनों में दो भीषण हादसों ने लोगों को दहला दिया है। आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय है। अर्थव्यवस्था की गति को रफ्तार देती सड़कें देश के विकास एजेंडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं से भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रत्येक वर्ष सकल घरेलू उत्पाद का तीन से पांच प्रतिशत नुकसान होता है। रोड सेफ्टी सेल की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 41 हजार से अधिक सड़क हादसे हुए। इनमें 22 हजार 595 लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सड़क यातायात से होने वाली मौतों और क्षति को 2030 तक कम-से-कम 50 प्रतिशत रोकने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 'वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार' का संकल्प अपनाया। इस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुरूप विश्व के 108 देश अब तक सड़क दुर्घटनाओं में दस प्रतिशत कमी लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत भारत में सड़क दुर्टनाएं प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। प्रतिवर्ष सड़कों पर वाहनों की बढ़ोतरी, शून्य फिटनेस और जुगाड़ से चलते वाहन देश में चुनौती बन चुके हैं। शिवहर (बिहार) से सवारी लेकर चली इस दुर्घटनाग्रस्त बस के बारे में भी इसी तरह की जानकारी मिल रही है।

केंद्र सरकार ने बीते वर्ष मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इसके प्रावधानों को कठोर बनाने का प्रयास किया था। साथ ही वाहन सुरक्षा के लिए नए इंजीनियरिंग मानक लागू किए गए थे। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। यह इस ओर संकेत करता है कि भारत के कानून प्रवर्तन तंत्र में कहीं-न-कहीं कमी विद्यमान है। कानून प्रवर्तन के लिए ज़िम्मेदार राज्य सरकारें इस ओर उदासीन बनी हुई हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में लोगों की मौतों को रोकने के उपाय जरूर किए जाएं। आवश्यक है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। दुर्घटना के पश्चात तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना और पीड़ित को जल्द-से-जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करना कई लोगों की जान बचा सकता है। आम लोगों को इस कार्य के प्रति जागरूक किया जाए। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# आहार के बारे में एकांगी सलाह की अवैज्ञानिकता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है।

अनाज के आटे से रोटी बनाने, धातु और टेराकोटा के पात्रों जैसे माध्यम का एक अनोखा और अंतरंग रिश्ता पारंपरिक रीति पर चलने वाले संस्कारित भारतीय समाज में आज भी कायम है। चिकनी मिट्टी से बनाए हुए चूल्हे (ओपन हर्थ) और तंदूर में सेंकी सिर्फ हथेलियों और अंगुलियों की दाब और करवट आदि क्रियाओं के इस्तेमाल से बढ़ाई जाने वाले रोटी के अलावा यह जानना महत्वपूर्ण है कि रोटी बनाने के भीगे हुए आटे के एक टुकड़े की लोई को रोटी की आकार देने के लिए इस पर हथेलियों को गीला करके पानी की परत चढ़ा कर हथेलियों के बीच लेकर, थपलिया कर पतला करते हुए अमाप बढ़ाया जाता है। एक अन्य विधि में हथेली पर घी का लेप चढ़ा कर, लोई को थपलियाकर एक निश्चित आकार और आकृति में रोटी तैयार की जाती है। मक्का और बाजरे के आटे से रोटी बनाने के लिए हथेलियों पर बारम्बार पानी की परत चढ़ानी होती है। गेहूं का आटा, मोटा पिसा है या बारीक, इसमें कौन से और अन्न का आटा मिलाया गया है, यह भी सिकाई से रोटी के पकने और इसे एक निश्चित स्वाद देने के लिए जरूरी होता है। मक्का और बाजरा के अनाजों का आटा महीन ही होना चाहिए। रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है। रोटी का स्वाद इस तथ्य पर निर्भर करता है अनाज की किस्म क्या है और आटे में कितनी मात्रा में कौन से पोषक तत्व मौजूद हैं। रोटी सेंकने के लिए और सिकने के दौरान आंच (हीट या रेडिएशन) कितनी मात्रा में कितनी देर तक और किस एंगिल से रोटी की भीतर प्रवेश करती है। आंच को संग्रहीत करके रखने वाले तंदूर या खुले डिजाईन वाले चूल्हे में रोटी को उलटने-पलटने की वजह यही है कि रोटी के सर्फेस को हर तरफ से एकसा सेंक मिले। गैस के चूल्हे पर पकाई जाने वाली रोटी में स्वाद पैदा करना भी एक हुनर है। रोटी या अन्य पकवानों के रंधने-पकने के लिए थर्मल एम्बियन्स एंड एनवायरनमेंट का काफी बड़ा रोल है।

कार्यालय में एक दिन मेरे पास गाज़ियाबाद से एक व्यक्ति आया जिसने एक फ्लोर मिल लगाई हुई थी। मुझसे पूछा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) के प्रयोगशाला संस्थानों में से किसी एक में आटे में पोषक तत्वों की किस्म की पहचान, इनकी मात्रा का आकलन और गुणवत्ता की परीक्षा करवाई जा सकती है। मैंने कहा कि प्राइवेट पार्टीज का काम हम नहीं करते। अपनी बात को जारी रखते हुए उसने बताया कि अखबार में एक इश्तिहार देकर हमारी मिल ने क्लेम किया था कि इस मिल का आटा औरों की मिल के आटे की बनिस्पत अधिक पोषक और प्रोटीनयुक्त है। उन दिनों फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया का वजूद नहीं था। आमतौर से मार्किट में उपलब्ध एक फूड प्रोडक्ट के बारे में तब ऐसे दावे जिसके बारे में मालिक ने अन्य वैसे ही ब्रांड प्रोडक्ट्स के मुकाबले में कहीं बेहतर बता दिया, तो इसकी इसको लीगल चुनौती देने के मामले मोनोपोलिस्टिक एंड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेस कमीशन में शिकायत करके उठाए जाने चाहिए, इतना भी मालूम नहीं था। किसी व्यक्ति ने अदालत में पीएॅफ़ए एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर दिया। सुनवाई से पहले ही यह मिल मालिक मुझसे मिलने आया था। उसने मुझसे कहा कि उसका दावा गलत था और उसने फ़ूड बायो-न्यूट्रीएंट्स बनाने वाली किसी भी इंडस्ट्रियल कंपनी से विशुद्ध प्राकृतिक प्रोटीन खरीद कर अतिरिक्त रूप से न तो अपनी फैक्ट्री द्वारा तैयार आटे में मिलवाई और न ही यह जांच करवाई थी कि सिर्फ उसके द्वारा पीसे गए गेहूं के आटे में प्रोटीन की कितनी मात्रा प्रति 100 ग्राम पहले से उपलब्ध थी। मैंने इस व्यक्ति को सलाह दी कि अदालत में वह बिना हिचक लिखित में मुआफिनामा जमा करवा दे और आश्वासन दे कि भविष्य में लैब जांच करवाए बिना कोई दावा नहीं करेगा। उसे मामूली जा जुर्माना करने की घोषणा के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। देखा गया है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन में जो दावा अकसर किया जाता है उसे एक पोषण विज्ञानी नहीं बल्कि पोषाहार सलाहकार समर्थन देता या प्रोमोट करता दिखता है। इनमें सेलिब्रिटीज़ तो अनेक हैं।

> डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है।

पिछले दिनों अंग्रेजी भाषा के एक अखबार के में मैंने एक खबर की हैडलाइन-विच रोटी इज बेस्ट फॉर वेटलॉस? फाइंड आउट व्हाट न्यूट्रीशनिशट्स से, देखी जिसने मुझे चौंकाया है। एक व्यक्ति के शरीर का वजन उसकी आयु और जेंडर के हिसाब के हिसाब के अलावा डाइट की किस्म, मात्रा एवं दिनचर्या के अलावा उसके लाइफ स्टाइल से भी जुड़ा होता है। यह भ्रम है कि केवल रोटी को आधार बनाकर शरीर के वजन को आदर्श केटेगरी में बनाए रखा जा सकता। उक्त खबर की हैडलाइन एक पोषाहार सलाहकार के कथन के आधार पर है और यह आंशिक रूप से अवैज्ञानिक और अमान्य इसलिए है कि यह खतरनाक है। ऐसी बात करने का वैज्ञानिक और कानूनी अख्तियार फिजियोलॉजिस्ट, न्यूट्रीशनिश्ट्स, बायो-केमिस्ट और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट को होता है।

रोटी के सेंकने के तौर-तरीके, आटे की किस्म -जैसे कि एकल अनाज या मिश्रित अनेक अनाज, पर रोटी की गुणवत्ता और पोषक मान निर्भर होता है। मोटे अनाज और मोटा पिसे हुए आटे में रेशा और प्रोटीन के अलावा और भी बहुत कुछ मिला होता है जिसके बारे में तथ्यात्मक और भरोसेमंद जानकार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अंतर्गत काम करने वाले संस्था नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन (हैदराबाद) की पुस्तक न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ़ इंडियन फूड्स में दर्ज की गई है। लोगों को मालूम नहीं है कि एक न्यूट्रीशनिश्ट्स उपरोक्त फील्ड्स में प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टर-तिकड़ी के निर्देशन में एक बड़े अस्पताल, जैसे कि एम्स जिसमें रिसर्च भी होती है, में काम करता है तब वह इनकी निगरानी में होता है। लेकिन स्वतंत्र होकर मार्किट में प्रैक्टिस करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स पर निगरानी कौन रखता है? वैसे तो अपनी तरफ से कोई एक न्यूट्रीशनिश्ट्स किसी को भी त्रुटिपूर्ण सलाह नहीं देता लेकिन अस्पताल में काम करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स की डाइट योजना को एक सीनियर डॉक्टर दस्तखत करके ही मंजूरी देता है और मरीज़ को फॉलो-अप करवाने की हिदायत देता है जैसेकि टाइप-2 के नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक से पीड़ित एक व्यक्ति के लिए किया जाता है।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है। एक बायो-केमिकल प्रोसेस के रूप में स्वतंत्र रूप से समझना भी इन्हें कठिन है। एक-पक्षीय और स्वतंत्र शोध कार्य के नतीजे भी कभी एक डॉक्ट्रिन के बतौर व्यक्ति पर लागू नहीं किये जाते बल्कि ऐसा करने से शरीर पर पड़ने वाले संयुक्त प्रभाव देखकर ही इन्हें विवेकपूर्ण होकर लागू किया जाता रहा है। सिर्फ रोटी और इस आधार पर कि इसे फलां किस्म के अनाज और अनाजों में मिश्रण से बनाया गया है और यह अनेक व्यक्धियों और विकारों को दूर रखने में सहायक है, एक विवेकपूर्ण कथन नहीं है। एक ही विषय से संबद्ध अनेक पक्षों पर सैंकड़ों तरह से डिजाईन किए गए शोध के नतीजे एक्सपर्ट्स की निगाह में संयुक्त जानकारी से जिस समग्रता और विवेक का बुध करते हैं उसी के अनुसार अपार अनुभवी डॉक्टर्स शारीरिक व्याधियों और विकारों की नैदानिकी और उपचार का फैसला लेते हैं और दवा का चुनाव करते हैं। इसलिए यह प्रचारित करना कि रोटी के स्रोत अनाजों की किस्म ऐसी हो, वैसी हो और इन्हें बदलने या ऐसा सेंक कर खाने से यह लाभ होगा, कोलेस्ट्रोल कम होगा, डायबिटीज में फायदा होगा, कैंसर पनपने की संभावना कम होगी, मोटापा विकसित नहीं होगा, शुगर कम होगी आदि, नितांत एकांगी कथन हैं और विज्ञान सम्मत भी नहीं। विज्ञान सम्मत अगर कुछ है तो वह टेक्स्टबुक्स हैं जो एक समय विशेष की हद में प्रिसीजन इनफार्मेशन होती है। यह भी रिसर्च की तत्परता और विशालता को देखते हुए हमेशा 90 प्रतिशत को ही छू पाती हैं। बाकी 10 प्रतिशत की पूर्ति रिसर्च जर्नल्स में छपे पर्चों की जानकारी में दर्ज होती है।

## प्रसंगवश

# क्यों होते हैं हाथरस जैसे हादसे



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

एक तरफ विज्ञान मंगल और चांद के रहस्यों की थाह लेने में जुटा है, लेकिन भोले बाबा सरीखे तमाम नाम इस समाज में अपना ऐसा मायाजाल फैलाए हैं, जिनकी गिरफ्त में आम जनता है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। भोले बाबा के सत्संग को लेकर पुलिस के खुफिया तंत्र ने अपनी रिपोर्ट सत्संग से पहले ही तैयार की थी। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि सत्संग में सवा लाख से अधिक भीड़ जुटेगी। यहां पर एलआईयू ने अप्रिय घटना होने की आशंका भी रिपोर्ट में व्यक्त की थी, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सत्संग में जुटने वाली भीड़ की बात को गंभीरता से नहीं लिया और इसका परिणाम सामने आ गया। सत्संग समापन के बाद हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गईं।

हाथरस में सत्संग स्थल पर ढाई लाख लोग मौजूद थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अंदाजा न तो आयोजकों को था और न ही जिला प्रशासन को। इसलिए इस संख्या के हिसाब से मौके पर व्यवस्था ही नहीं की गई थी, जबकि सत्संग स्थल के अंदर की व्यवस्था आयोजकों को संभालनी थी और बाहर कानून-व्यवस्था पर प्रशासन और पुलिस को नजर रखनी थी, क्योंकि इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी। इसके बावजूद सत्संग स्थल पर न तो श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार नहीं थे।

ऐसे आयोजनों में एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।

नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।

हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की।

इस तरह की दुर्घटना भविष्य में न हो इसके लिए सभी धार्मिक लोगों को दो चीजों का पालन करना होगा। पहला कि उन्हें अपने जीवन में धर्म का पालन करना होगा। दूसरा अधर्म होते हुए न देखने का प्रण लेना होगा कि मैं अधर्म नहीं होने दूंगा। अगर रोक नहीं सकता, तो विरोध करूंगा। और विरोध भी नहीं कर सकता तो कम से कम वहां से हट जाउंगा। मेरे घर में अगर मेरे सामने कचरा पड़ा है, तो उसे हटाना मेरा धर्म है। ऐसे ढोगी लोगों का हर स्तर पर बहिष्कार होने चाहिए। इस दुर्घटना के बाद धार्मिक संस्थाएं भी सक्रिय हुई हैं।

हाथरस हादसे से सुर्खियों में छाए भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में अपनी दुकानें नहीं सजाने देंगे। इस बारे में सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की सहमति बन चुकी है कि पाखंडी बाबाओं की सूची जारी की जाए। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में बसने के लिए भूमि और शिविर की सुविधाएं नहीं दी जाएं, इसकी मांग मेला प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

# विपक्षियों के सामने संभलने में लगी है भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं।

मोदी जी का योग्यतम शीर्ष नेतृत्व भाजपा को अभी भी पूरी मजबूती से संभाले हुए है किंतु पार्टी को अगले प्रधानमंत्री की खोज में अभी से लग जाना चाहिए और यदि यह जिम्मा परंपरा से राष्ट्रीय सेवक संघ पर है तो उसे भी इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिए। जैसे कि तिब्बती लामाओं में अगले दलाईलामा की तलाश की जाती है। जहां मौजूदा दलाईलामा ही यह बता देता है कि उनके पश्चात जन्म लेने वाले पीठाधीश को किन शारीरिक लक्षणों से पहचाना जाएगा। और वैसे ही लक्षणों वाले सद्य जन्में शिशु की तलाश गहनता से शुरु हो जाती है ताकि रिक्त स्थान पर अगले दलाईलामा को तत्काल प्रतिष्ठापित किया जा सके। बिना अंतराल के।

विचारणीय यह होगा कि मोदी जैसा कोई दूसरा क्या सहजता से मिल पाएगा? और क्या स्वयं मोदी जी यह अग्रिम चयन कर देंगे? यह असंभाव्य है। क्योंकि मोदी जैसा कोई और हो यह फिलहाल भाजपा में दिखता नहीं। वैसा गतिशील व्यक्तित्व, वैश्विक इमेज का जन प्रतिनिधि, भारत को एक उल्लेखनीय आर्थिक शक्ति बना देने वाला प्रधानमंत्री और कई रिकार्ड अपने नाम करने वाला विलक्षण व्यक्तित्व कोई दूसरा हो सकता है?

अभी तक तो 'मोदी-योगी' का एक आश्वस्ति भरा शब्द युग्म जन जन के जुबान पर था। मगर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन ने इसमें डेंट लगा दिया है। मोदी जी का कद तो बरकरार रहा और अगर उसमें भी तनिक इफ्स ऐंड बट्स लगा तो उसका भी उत्तरदायी उत्तर प्रदेश ही है। सोचिए यदि वे गुजरात में कहीं से प्रत्याशी होते तो क्या बनारस जैसे हल्के मार्जिन से विजयी होते? तो उनके आभामंडल की यह तनिक सी फीकी हुई चमक के जिम्मेदार वे स्वयं नहीं हैं। प्रदेश की भाजपा पार्टी और बनारस के कृतघ्न मतदाता हैं। प्रतिकूलताओं के बाद भी मोदी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं। ऐसे में मोदी के बाद कौन का चयन एक टेढ़ी खीर है। अभी किसी संभावना पर मुहर लगा देना संभव नहीं लगता। क्योंकि जिस तरह मोदी जी ने पद के अनुरुप अपने को साबित कर दिखाया है वैसी क्षमता का कोई दूसरा भाजपा नेतृत्व में दिख नहीं रहा। इस प्रतिष्ठापरक पद के लिए पहले किसी भी महत्वाकांक्षी भाजपाई को खुद को साबित करना होगा। क्या आसन्न उपचुनाव ऐसा कोई संकेत दे पाएंगे या फिर उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव ही कुछ स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे? इसलिए कि ज्यादातर प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने ही दिए हैं। फिलहाल तो भाजपा विपक्षियों के बढ़े मनोबल के सामने संभलने में लगी हुई है। किंतु अभी भी आम जनता की दृष्टि में कोई तात्विक बदलाव भाजपा में नहीं दिख रहा है। नीट की परीक्षा, हाथरस हादसा आदि मुद्दों पर उसकी कार्यशैली वही पुराने ढ़र्रे वाली है, जो आमजन को पसंद नहीं। जबकि चाल चरित्र और चेहरे का दम रखने वाली पार्टी को तत्काल इन पर कड़े निर्णय लेना चाहिए था और जनसंशयों को उभरने का अवसर नहीं देना था। नारायण साकार स्वामी को क्लीन चिट मिला रहना देखिएगा भाजपा के लिए काऊंटर प्रोडक्टिव होगा। खिसके दलित वोट की भरपाई क्या इससे होगी? भारी संशय है।

भाजपा को वोट बैंक के ऐसे नारदमोहों से बचना चाहिए। ऐसे व्यामोह से दूर रहना चाहिए। किसी भी नेतृत्व का, जनता में उसकी इमेज, वोट की पिपासा से नहीं बल्कि उसके राज काज से स्थापित होती है। और भाजपा ने पहले यह कर भी दिखाया है। भगवा पार्टी के कोर वोटर अभी भी उसका दामन थामे हैं। प्रदेश में मुसलमान यादव और दलित का नया समीकरण मजबूत हो रहा है। इस कटु सत्य को आत्मसात करके रणनीति बनानी होगी। और वह केवल है-स्वच्छ प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था तथा अधिकाधिक नौकरियों के अवसर।

भाजपा में बिखरे वोटबैंक के जाति-मजहब के नेताओं के कान उमेठने का वक्त अब आ गया है। उन्हें अल्टीमेटम मिल जाना चाहिए कि अब नहीं तो फिर कभी नहीं। क्यों उन्हें पाला पोषा जा रहा है और मलाईदार पदों पर यथावत बनाये रखा गया है? उनकी जवाबदेही क्यों नहीं? यदि भाजपा अपने डुलमुल और ढीले ढाले तेवर को त्यागकर कठोर फैसले लेने लेंगे तो देखिएगा उसकी फिर जनता में जय जय होने लगेगी।

# क्या भारत सीबीडीसी को सफल बना सकता है



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की प्रस्तावित शुरूआत के साथ भारत अपनी मौद्रिक प्रणाली में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के कगार पर है। यह कदम डिजिटल मुद्राओं और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच आया है, जो दुनिया भर के वित्तीय क्षेत्रों में व्यापक डिजिटल क्रांति को दर्शाता है। हालांकि, डिजिटल मुद्रा का आगमन साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की समग्र तैयारी के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है।

सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा किसी देश की फ़िएट मुद्रा का एक डिजिटल रूप है, जिसे केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और विनियमित किया जाता है। बिटकॉइन या एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, जो विकेंद्रीकृत हैं और केंद्रीय प्राधिकरण के बिना संचालित होती हैं, सीबीडीसी सरकार द्वारा केंद्रीकृत और नियंत्रित होता है। सीबीडीसी का लक्ष्य डिजिटल मुद्राओं के लाभों-जैसे गति, कम लेनदेन लागत और बढ़ी हुई वित्तीय समावेशन - को पारंपरिक फिएट मुद्राओं से जुड़ी स्थिरता और विश्वास के साथ जोड़ना है। भौतिक नकदी के विपरीत, सीबीडीसी केवल डिजिटल रूप में मौजूद है, जिससे लेनदेन सहज और त्वरित हो जाता है।

डिजिटल भुगतान सफलता भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) और आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली जैसी पहलों ने भारतीयों के लेनदेन के तरीके में क्रांति ला दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 2 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जो डिजिटल भुगतान प्रणालियों में व्यापक रूप से अपनाने और विश्वास का संकेत देता है।

भारत अपने साइबर सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने में प्रगति कर रहा है, लेकिन डिजिटलीकरण की तीव्र गति के लिए इन उपायों के निरंतर विकास और मजबूती की आवश्यकता है।

वर्तमान साइबर सुरक्षा अवसंरचना-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीतिः 2013 में शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाना है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डिजिटल वित्तीय प्रणालियों से समझौता किया गया है। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख बिटकॉइन एक्सचेंज माउंट गोक्स की हैकिंग के कारण 450 मिलियन डालर से अधिक का नुकसान हुआ। 2019 में भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की हैकिंग सबसे सुरक्षित प्रणालियों में भी कमजोरियों को उजागर करती है।

भारत में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की शुरूआत वित्तीय प्रणाली को और आधुनिक बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती है। हालाँकि, इस पहल की सफलता महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जोखिमों को संबोधित करने और सहायक बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है। डिजिटल भुगतान की सफलता से सीखकर और साइबर सुरक्षा ढांचे को लगातार विकसित करके, भारत डिजिटल मुद्रा के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना सकता है। एक सफल सीबीडीसी की राह में एक सुरक्षित, लचीला और समावेशी डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिकों के समान प्रयासों की आवश्यकता होगी।

## सोशल फोरम

# परंपरा



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

बंगाल की दुर्गा पूजा हो या महाराष्ट्र की गणेश पूजा। इन दोनों अवसरों पर केमिकल रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों को बहते जल के स्रोतों में प्रवाहित किया जाता है। रसायनों से जलीय जीवन और जल स्रोतों को हुए नुकसान की अक्सर चर्चा होती है और इनको रोकने के प्रयास भी होते हैं। फिर भी गणेश चतुर्थी या दुर्गा पूजा के बाद नदी या समुद्र तट पर बिखरी टूटी फूटी मूर्तियों को कचरे के रूप में ढोये जाने का दृश्य किसी भी आस्थावान को विचलित कर सकता है। लेकिन हम विचलित नहीं होते। क्योंकि यही हमारी परंपरा है। और परंपराओं के साथ कोई खिलवाड़ हमें बर्दाश्त नही। भले ही पर्यावरण को कितनी भी क्षति हो।

उड़ीसा की मशहूर रथ यात्रा के बारे में पढ़कर हैरत हुई कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ बनाने के लिए पांच अलग-अलग किस्म के कुल 865 वृक्षों की लकड़ी लगती है। और उससे भी बड़ी हैरानी की बात की शायद ये रथ हर साल बनाए जाते हैं। एक मित्र को अपनी जमीन पर लगे वृक्षों को काटने के लिए परमिशन चाहिए। सरकारी परमिशन के बगैर लोग अपने लगाए, अपने घरों के वृक्ष भी नही काट सकते। इतने कठोर नियमों के बीच मेरा ध्यान बार-बार 865 वृक्षों पर चला जाता है। छतीसगढ़ का हंसदेव जंगल हो या मुंबई का आरे जंगल। लोगों ने इनको बचाने के लिए लंबी लड़ाइयां लड़ी। भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है। झारखंड में सरहुल पर्व पर साल वृक्ष की पूजा होती है। उड़ीसा में वट सावित्री के दिन स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं। राजस्थान में खेजड़ी के वृक्ष की पूजा की जाती है। सनातन में पीपल के वृक्ष को भी पूजा जाता है। क्या ये बात अजीब नही कि एक तरफ पारंपरिक रूप से हम पेड़ों की पूजा करते हैं और दूसरी तरफ परंपरा के नाम पर वृक्ष काटे भी जाते हैं। अफसोस होता है कि पेड़ों को पूजने वालों के देश मे जंगल का रकबा लगातार घट रहा है। हमे ये मानना होगा कि हमारी संस्कृति, पूजा, परंपरा इन जंगलों को बचाने में नाकामयाब रही है।

-फेसबुक वॉल से

# पुराणों की कहानियों से



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम हिंदू हैं, सनातनी हैं। हम वेद, पुराण, उपनिषद आदि सब पर दृढ़ विश्वास रखते हैं। अगर थोड़ी गहराई में जाकर खुद को पूछें कि हमारे तैंतीस वैदिक देवता कौन थे तो टंटा शुरू। तैंतीस नहीं, तैंतीस करोड़। तैंतीस कम पड़ता है। कोटि के दो अर्थों पर प्रवचन न दें। चलो, तैंतीस ही सही। कितने हिंदू उन तैंतीस देवताओं का नाम भी जानते हैं? बारह आदित्य। कौन? क्या हम उनके नाम और उनकी कीर्ति के बारे में जानते हैं? क्या उनकी कभी पूजा भी की? कोई रिश्ता है हमारा उनसे? एक फूल, एक धूपबत्ती कभी उनके नाम? रोज अजीबोगरीब प्रवचन मोबाइल पर आते रहते हैं। कौन थे बारह आदित्य? कौन थे ग्यारह रुद्र? कौन थे आठ वसु? उन्होंने क्या किया? है कोई नामलेवा? और हम हिंदू हैं। सनातनी हैं। श्रीमद् देवी भागवत कहता है कि व्यास ने पुराणों की रचना ही इसीलिए की कि जिनकी पहुंच वेदों तक नहीं है उनका कल्याण हो। वे सनातनी बने रहें।

अठारह पुराण। यह भी कम पड़ा। तो बहुत सारे उपपुराण। हजारों कहानियां। रोमहर्षण सूत थे, ब्राह्मण्यां क्षत्रियासूतः, याने वर्णसंकर। वही सूत जी हुए। व्यास के शिष्य। और कौन व्यास जी? वही जो मत्स्यगंधा और पराशर के पुत्र थे। महा ज्ञानी व्यास। उन्हीं के शिष्य सूत जी। प्रवचन कर्ताओं में सर्वश्रेष्ठ। हर जगह सूत जी बोलते भये।

विष्णु पुराण, शिवपुराण, वराह पुराण, कूर्म पुराण, नृसिंह पुराण, वामन पुराण, मत्स्य पुराण, देवी भागवत, कृष्ण भागवत, पद्मपुराण, गरुड़ पुराण, नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, वायु पुराण, स्कंद पुराण, ब्रह्मांड पुराण। और भी कई। यहां हमारा उद्देश्य पुराणों के नाम गिनाना नहीं है। पुराणों का मुख्य उद्देश्य जो भी रहा हो, उनकी कहानियों से हिंदू अनेक सेक्ट बने।

## एक नजर

### मुनीम अपहरण मामले में दो और गिरफ्तार

गुन्नौर, अमृत विचार : पुलिस ने शराब कारोबारी के मुनीम के अपहरण में वांछित दो आरोपियों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया है। कोतवाली इंचार्ज विनीत कुमार ने बताया कि अपहरण के केस में वांछित गांव जहांगपुर की मढ़ैया निवासी राधाकृष्ण और राजकुमार को सैंजना मुस्लिम के समीप गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से अपहरण की घटना में प्रयोग हुई एक बाइक भी बरामद हुई है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर धरना आज

संभल, अमृत विचार : जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। यह जानकारी संगठन के नरेंद्र स्वामी ने दी।

### मारपीट में चार घायल, दो लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : मुहल्ला अंबेडकर गेट सोभित का सात जुलाई को मुहल्ला के ही शनि कुमार व विक्रम के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर शनि कुमार व विक्रम मंगलवार की रात मुहल्ला में आयोजित शादी समारोह में सोभित के साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे सोभित के परिजनों के साथ भी मारपीट की। जिससे सोभित सहित चार लोग घायल हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को शनि कुमार व विक्रम को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

### साले बहनोई पर किशोरी को ले जाने का आरोप

संभल,अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण सोमवार की दोपहर अपनी 15 वर्षीय पुत्री व अन्य बच्चों के साथ खेत पर जा रहा था। जिसमें किशोरी अपने पिता से थोड़ी दूरी पर पीछे आ रही थी। ग्रामीण ने देखा तो किशोरी रास्ते से गायब थी। ग्रामीण का आरोप है कि मुरादाबाद जिले के गांव अभनपुर निवासी नंदराम व उसका बहनोई हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी राजबाबू उर्फ बाबूराम साथ लेकर गए हैं। देर शाम तहरीर मिलने पर पुलिस ने नंदराम व बाबूराम उर्फ बाबूराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# गोवंशों की मौत का मामला दबाने में जुटे रहे अधिकारी

## ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह को दी, इसके बाद हरकत में आया प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल की शरीफपुर गोशाला में गोवंशों की मौत के बाद जानकारी लेते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया।


गोशाला में बीमार गोवंशों को ड्रिप लगाते चिकित्साकर्मी।

अमृत विचार : संभल विकासखंड के गांव शरीफपुर की गोशाला में गोवंशीय पशुओं की मौत के मामले को दबाने में अधिकारी जुटे लेकिन यह कोशिश काम नहीं आई। हालांकि जिला प्रशासन ने भी छह गोवंश की मौत की पुष्टि की है लेकिन ग्रामीणों की मानें तो इससे ज्यादा पशु मौत के मुंह में समा गए हैं।

बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने गोवंशीय पशु मृत पड़े देखे तो यह खबर चंद मिनटों में ही पूरे गांव व आसपास में फैल गई। गांव शरीफपुर निवासी धीरज चौधरी का कहना रहा कि गोशाला में देखा तो कई गोवंशीय पशु मरे पड़े थे । ऐसा लगा 20 से 25 गोवंश पशुओं की मौत हुई है। गोशाला में सात पशु एक जगह और एक पशु अलग मृत पड़ा था। जबकि कई मृत पशु पानी से भरे गड्ढे में डाल दिए गए। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी प्रदेश सरकार के मंत्री व संभल जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह को दी। जिसके बाद सीवीओ दिनेश चंद्र, बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह, कार्यवाहक एसडीएम संभल दीपक चौधरी पहुंचे। मौके पर नजारा देखकर अफसरों के होश उड़ गए। खुद की लापरवाही सामने आने पर अधिकारियों ने मामले को दबाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस को बुलाने के बाद मृत गोवंश को बिना पोस्टमार्टम कराये दबाने का काम शुरू कर दिया। इस बीच ग्रामीण गोशाला में थे लेकिन अधिकारियों की नजर पड़ी तो ग्रामीणों को बाहर कर दिया गया। इतना ही नहीं, मीडिया कर्मियों को भी मौके से हटा दिया गया। हालांकि ग्रामीणों में पहले ही चर्चा का माहौल रहा कि करीब 20 गोवंश पशु मरे हैं। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया मौके पर पहुंचे तो उन्हें मौके पर छह मृत और छह बीमार पशु बीमार मिलने की जानकारी मिली। गोशाला में 6 गोवंश के बीमार होने की बात सामने आई है। डीएम ने बीमार गोवंश का अच्छे से इलाज करने के निर्देश दिए हैं। पशु चिकित्सा अधिकारियों ने ड्रिप लगाते हुए इलाज शुरू कर दिया है।

### केयर टेकरों को हटाया, सफाई पर ध्यान देने के निर्देश

संभल, अमृत विचार : जिलाधिकारी ने गोशाला का हाल देखा तो साफ सफाई एवं गोवंश पशुओं की खानपान व्यवस्था को देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बीडीओ को गोशाला से केयर टेकरों को हटाने के निर्देश दिए। कहा कि गोवंश पशुओं को बाजरा एवं मक्के का आहार न खिलाया जाए। जो पशु बीमार है उन्हें अलग शेड में रखा जाए। उनका उत्तम तरीके से इलाज किया जाए ताकि जल्द ही स्वस्थ हो जाएं। उन्होंने कहा कि गोशाला में साफ सफाई प्रत्येक दशा में रहे। गोशाला में सेंधा नमक प्रत्येक दशा में होना चाहिए। पानी में चूना डालने के लिए भी निर्देश दिए।

### मना करने पर पशुओं का खिला रहे भूसा, चोकर

संभल ,अमृत विचार : प्रधान सुरेंद्र ने कहा कि मैं शादी में गया हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर आया हूं। चार पांच गोवंश की मौत हुई है। गोवंश की मौत कीड़े लगने या बीमारी की वजह से हुई है। डॉक्टर के मना करने पर हरा चारा बंद कर भूसा खल चोकर खिलाया जा रहा है।

# ट्यूबवेल चलाने को तार जोड़ रहे ग्रामीण की करंट से मौत

संवाददाता, संभल



अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में धान फसल की सिंचाई करने गए ग्रामीण की ट्यूबवेल चलाने के लिए स्टार्टर का तार जोड़ते समय करंट लगने से मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव भदरौला निवासी अमित का थाना क्षेत्र के गांव सुजातपुर के पास खेत है। खेतों में चौथाई हिस्से पर गांव सुजातपुर निवासी बुद्धा कश्यप (62 वर्ष) ने धान की फसल लगाई है। बुधवार की सुबह आठ बजे बुद्धा कश्यप धान की फसल की सिंचाई करने खेत पर गया था। यहां खड़े पोल से बिजली के तार नलकूप के पास जमीन में लगी लकड़ी पर बंधे हुए थे। स्टार्टर के तार जोड़ते समय बुद्धा करंट की चपेट में आ गया। आसपास में कोई नहीं था। जिससे वह काफी देर तक बिजली के तार से चिपका रहा। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे खेत स्वामी ने बुद्धा को तार से अलग किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### पंखे का तार लगा रहे युवक की करंट से मौत

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव में बिजली के बोर्ड में पंखे के तार लगा रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी छोटेलाल का बेटा मनवीर (23 वर्ष) मंगलवार रात खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकला था। रात करीब 10 बजे लौटा तो पंखा चलाने के लिए कमरे में फर्राटा का तार बिजली के बोर्ड में लगाने लगा। तार लगाते समय मनवीर को बिजली का करंट लग गया। मनवीर की चीख सुनकर जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# बरात चढ़त के दौरान दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल

संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में बरात चढ़त के दौरान दो पक्षों में जमकर लात घूंसे और बेल्टें चली। जिसमें एक युवक घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पवसरा निवासी मुलायम की बेटी की बरात आई थी। चढ़त के दौरान गांव के ही दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। मारपीट में धर्मेश पुत्र सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर देने पर पुलिस ने घायल धर्मेश को मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### गाली गलौज के विरोध पर की मारपीट, दो जख्मी

संभल, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पंवासा निवासी अमित कुमार ने मंगलवार की रात थाने पहुंचकर पुलिस में दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि मंगल बाजार पंवासा में गांव के ही परवेंद्र के साथ चाऊमीन व मोमोज का ठेला लगाता हूं। मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर ताहरपुर निवासी सत्यपाल, बंटी अपने दो साथियों के साथ अमित कुमार के ठेले के पास पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर सत्यपाल, बंटी ने साथियों के साथ मिलकर अमित कुमार के साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे परवेंद्र के साथ भी मारपीट की गई। जिससे अमित व परवेंद्र घायल हो गए।

# 56 नवनियुक्त लेखपालों को मिला नियुक्ति पत्र

संवाददाता,बहजोई


नवनियुक्त महिला लेखपाल को नियुक्ति पत्र देतीं राज्य मंत्री गुलाब देवी। साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव। ● अमृत विचार

- राज्य मंत्री गुलाब देवी ने सौंपे नियुक्ति पत्र
- डीएम ने ईमानदारी से कार्य करने का किया आह्वान

अमृत विचार:7720 लेखपालों की नियुक्ति के तहत जहां लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिए तो वहीं जनपद को मिले 56 लेखपालों को मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने नियुक्ति पत्र दिए। राज्य मंत्री ने नवनियुक्त लेखपालों से ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, डा. डीएम राजेंद्र पैंसिया ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। सभी ने लखनऊ में हो रहे लाइव प्रसारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को सुना। इसके बाद मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गुलाब देवी ने जनपद को मिले 56 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिए। गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में पारदर्शी व्यवस्था के तहत चयन प्रक्रिया संपन्न हुई है। पहले भर्ती प्रक्रिया में भेदभाव किया जाता था। आज किसी भी अभिभावक को सिफारिश करने की आवश्यकता नहीं है। सभी लेखपाल इसके साक्षी हैं। उन्होंने अपनी योग्यता के बल पर स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने कहा कि लेखपाल सही से कार्य करें तो लंबित वादों का निस्तारण सरलता से होगा। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, चेयरमैन बहजोई राजेश शंकर राजू, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, गुन्नौर रमेश बाबू सहित नवनियुक्त लेखपाल मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बहजोई,अमृत विचार : अलीगढ़ बरेली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। आरपीएफ चंदौसी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बरेली से अलीगढ़ की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन दोपहर को बहजोई से गुजर रही थी। जैसे ही बहजोई रेलवे प्लेटफार्म पर पहुंची अचानक एक यात्री उतरते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के गुजर जाने के बाद रेलवे कर्मियों को शव दिखाई दिया। इसकी सूचना उन्होंने आरपीएफ को दे दी। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि यात्री ट्रेन से ही सफर कर रहा था और बहजोई रेलवे स्टेशन पर उतरने का प्रयास कर रहा था। उतरने के दौरान ही उसका पर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंस गया। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### नोएडा में संभल के युवक की डंडों से पीटकर ली जान

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना निवासी युवक की मामूली बात पर हुई कहासुनी के बाद नोएडा में सगे भाइयों ने लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी। युवक नोएडा में जूस का ठेला लगाता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचे परिजनों को युवक का शव सौंप दिया। थाना क्षेत्र के गांव चपतियो की मढैया निवासी शाहरुख 22 वर्ष नोएडा में रहकर जूस का ठेला लगाता था। मंगलवार की देर शाम शाहरुख का पड़ोसी किरायेदार सगे भाइयों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी डंडे चल गए और शाहरुख की सिर में डंडा लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन शाहरुख का शव लेने दिल्ली चले गए। बुधवार को परिजन शाहरुख का शव लेकर घर आ गए और शाहरुख के शव को सुपुर्द खाक कर दिया।


बच्चे को दवा पिलातीं सीएमओ डा. तरन्नुम रजा। ● अमृत विचार

### सीएमओ ने परिजनों को टीकाकरण के लाभ बताए

संभल, अमृत विचार : संभल नगर क्षेत्र के हौज भदेसराय में स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में नियमित टीकाकरण सत्र का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा ने निरीक्षण किया गया। एएनएम ने बताया कि यहां पर कुछ ऐसे परिवार हैं जो बार-बार समझाने पर भी बच्चों का टीकाकरण नहीं कराते हैं। सीएमओ ने ऐसे परिवारों से मिलकर उन्हें समझाया। कहा कि टीकाकरण न कराने से बच्चों को नुकसान हो सकता है और टीके लगने के बाद बच्चा बीमारियों से बच सकता है। सीएमओ ने विरोध परिवारों को टीकाकरण के लाभ बताए। जिसके बाद एक परिवार बच्चों के टीकाकरण के लिए तैयार हो गया। बच्चों को दवा पिलाई गई और उनका टीकाकरण किया गया। इस दौरान एआरओ महेश गौतम, सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष अरोड़ा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार त्यागी, आईओ किरन बरनवाल आदि रहे।

### सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

बहजोई,अमृत विचार :बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जिलाधिकारीके दिशा निर्देश पर जनपद स्तर पर 'मातृत्व लाभ सप्ताह' के अन्तर्गत बहजोई के हीरा देवी तोताराम कन्या इण्टर कालेज में महिलाओं एवं बालकों के हित में विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी, गुन्नौर, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी गुन्नौर, खण्ड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर, बाल कल्याण अधिकारी, थाना गुन्नौर, मिशन वात्सल्य से संरक्षण अधिकारी तेजपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता खेमपाल सिंह आदि रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भोजन बनाने के लिए मिला गैस चूल्हा व बर्तन

संवाददाता, बबराला


आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बर्तन देते नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन।

- महिला उत्थान के लिए प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया

अमृत विचार : आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पका हुआ पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए हॉट कुक्ड फूड योजना के लिए भोजन बनाने और परोसने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गैस चूल्हा व बर्तन आदि दिए गए।

नगरीय क्षेत्र में चल रहे आंगनबाडी केंद्रों पर नगर पंचायत को अपनी निधि और दूसरे स्रोतों से बर्तन आदि की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के अनुसार, नगर के 15 आंगनबाड़ी केंद्रों पर निकाय निधि व अन्य स्रोतों से आंगनबाड़ी केंद्रों की जरूरत के अनुसार बर्तनों आदि की खरीद कर बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों को उपलब्ध कराए गए।

नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विकास एवं महिला उत्थान के लिए प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पटेल, नगर पंचायत के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और कार्यालय स्टाफ रहा। कार्यक्रम का संचालन ईओ अमरेश तिवारी ने किया।

# संभल निवासी युवक की बाइक दिल्ली में डिवाइडर से टकराई, जान गई

संभल, अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला दीपा सराय निवासी फैजाद 21 वर्ष दिल्ली के मुहल्ला भजनपुरा में रहकर स्पेयर पार्टस का काम करता था। मंगलवार की रात नौ बजे फैजाद बाइक पर सवार होकर खाना खाने होटल पर जा रहा था। अचानक अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि फैजाद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर फैजाद का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौत की सूचना मिलने पर रोते बिलखते परिजन फैजाद का शव लेने दिल्ली चले गए। बुधवार को परिजन फैजाद का शव लेकर जैसे ही घर पहुंचे। तो कोहराम मच गया। परिजनों ने फैजाद का शव सुपुर्दे खाक कर दिया।

# बोलेरो पिकअप ने बैलगाड़ी में मारी टक्कर, किसान गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र गवां-बबराला मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने बैलगाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बैल की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव मेहुआ हसनगंज निवासी सुल्तान सिंह पुत्र मिश्री खेत से बैलगाड़ी में घास लेकर घर जा रहा था। जैसे ही वह गवां बबराला मार्ग गांव मेहुआ हसनगंज के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में बैल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुल्तान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बोलेरो पिकअप लेकर भाग गया। राहगीरों ने घायल सुल्तान सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव हिरौनी निवासी मेवाराम, शकुंतला और श्रीवती बाइक से कस्बा रजपुरा जा रहे थे। जैसे ही वह रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग पर पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।


मंदिर में भगवान श्री गणेश को प्रथम निमंत्रण पत्र देने पहुंची एसडीएम नीतू रानी व अन्य।

# एसडीएम ने भगवान गणेश के चरणों में अर्पित किया प्रथम निमंत्रण पत्र

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः श्री गणेश मेला परिषद की ओर से गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य गणेश जी व सभी देवी-देवताओं को प्रथम निमंत्रण दिया गया। ताकि गणेश मेला व भगवान गजानन की रथयात्रा सकुशल संपन्न हो सके। हर वर्ष की भांति इस बार भी सात सितंबर को भगवान गजानन की स्वचालित रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा पांच सितंबर से गणेश मेले का आयोजन होगा। जो 21 दिन तक जारी रहेगा। बुधवार को गणेश मंदिर में सभी कार्य कुशलता से पूर्ण होने के लिए एसडीएम नीतू रानी की ओर से भगवान गणेश व अन्य देवी-देवताओं के चरणों में प्रथम निमंत्रण पत्र अर्पित किया। मेला परिषद के मुख्य सचिव हरी गोपाल ने बताया कि मेले व रथयात्रा से संबंधित कार्य आरंभ करा दिए जाएंगे। इस अवसर पर विनय कुमार सर्राफ, ललित किशोर गुप्ता, रवेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, मनोज कुमार मीनू, शशिकांत गुप्ता, प्रजीत लालू, मुकेश वार्ष्णेय, संजीव कुमार, प्रभात कृष्णा, सत्येंद्र कुमार, प्रफुल्ल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## अनदेखी

### सीकरी गेट क्षेत्र की गलियों में नहीं लगे विद्युत पोल, अक्सर होते रहते हैं केबिलों में फाल्ट

# जानलेवा साबित हो सकते हैं लटक रहे विद्युत केबिल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


एक गली में विद्युत केबिलों के नीचे से गुजरती बालिका। ● अमृत विचार

अमृत विचारः नगर के कई मोहल्लों की गलियों में विद्युत पोल नहीं लगे होने से विद्युत केबिलों का जाल फैला हुआ है। इन केबिलों को बंदरों द्वारा जगह-जगह काट दिया गया है। जिससे अक्सर फाल्ट होते रहते हैं। इन गलियों से गुजरने पर लोगों को जान का खतरा बना रहता है। सीकरी गेट क्षेत्र की गलियों में केबिल काफी नीचे लटके हुए हैं। लोगों ने मोहल्ले की गलियों में विद्युत पोल लगाकर समस्या के समाधान की मांग की है।

विद्युत विभाग ने संकरी गलियों में विद्युत पोल नहीं लगाए हैं। जिससे गलियों में रहने वाले लोगों ने बाहर सड़क पर लगे विद्युत पोल से कनेक्शन लेकर केबिल अपने घर तक ले जा रखे हैं। जिससे गलियों में विद्युत केबिलों का जाल से बन गया है। यही हाल शहर के सीकरी गेट क्षेत्र की गलियों का भी है। इन गलियों की हालत ऐसी है कि विद्युत केबिल गली से गुजरने वाले लोगों के सिर से छू रहे हैं। लोग यहां से सावधानी पूर्वक गुजरने को मजबूर है। इन केबिलों को बंदरों ने जगह-जगह काट दिया है। जिससे हवा चलने पर फाल्ट हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दो से तीन बार यहां फाल्ट होने से आग तक लग गई है। आसपास के लोग कई बार विद्युत विभाग से गलियों में विद्युत पोल लगाने की मांग कर चुके हैं। मगर विभाग की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई।

> विद्युत विभाग की ओर से नए पोल व नए तार लगाने का कार्य कराया जा रहा है। फिलहाल बरसात का मौसम आने पर कार्य को रोक दिया गया। जिन गलियों में विद्युत पोल की आवश्यकता है, वहां विद्युत पोल लगवाए जाएंगे।
> –अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ प्रथम, विद्युत विभाग



> मैं अक्सर रात के समय काम से घर लौटता हूं। जिससे गलियों में गुजरते समय सिर से केबिल छू जाते हैं। गली से गुजरने पर फाल्ट होने डर से लगा रहता है। –अतीक, सीकरी गेट



> अक्सर युवक बाइक से गलियों से गुजरते हैं, सिर को झुका लेते हैं। ताकि ऊपर से गुजर रहे केबिलों से बचा जा सके। केबिलों के जाल में अक्सर फाल्ट होते रहते हैं। –बिलाल, सीकरी गेट



> मेरे घर के बाहर से करीब 100 केबिल का जाल है। घर के दरवाजे के नीचे तक विद्युत केबिल लटके हुए हैं। जिससे बरसात के समय घर दीवार गीली होने पर करंट आने का खतरा बना रहता है। –रहमत जहां, सीकरी गेट



> कुछ दिन पहले ई-रिक्शा गली से गुजर रहा था। जिससे ई-रिक्शा की छत से विद्युत केबिल खिंच गए, तो ई-रिक्शा में करंट उतर आया था। गनीमत रही हादसा नहीं हुआ। –शबदरी बेगम, सीकरी गेट

### घायल व्यक्ति की मौत ट्रेन से गिरने का अंदेशा

बबराला, अमृत विचार :घायल अवस्था में मिले व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। व्यक्ति के ट्रेन से गिरने की चर्चा है। बुधवार दोपहर को क्षेत्र के गांव कैल में पुलिया के पास करीब पचास वर्षीय व्यक्ति बुरी तरह घायल स्थिति में पड़ा था। व्यक्ति की हालत इतनी नाजुक थी कि वह मुश्किल से अपना नाम गजेंद्र निवासी अलीगढ़ बता कर बेहोश हो गया। कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृत व्यक्ति के ट्रेन से गिर कर घायल होने की बात सामने आ रही है। गांव के कुछ बच्चों ने घायल व्यक्ति को रेलवे पटरी की ओर से सड़क तक घिसटते हुए आते देखा था। शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

**आवश्यकता है**
(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध)
डा0 रामबहादुर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज
बिलासपुर रोड, मिलक-(रामपुर)
पत्रांक सं.- ...DRBS/24-25/ दिनांक- 10.07.2024
प्राचार्य- पद- एक, प्रवक्ता बी०एस.सी०- भौतिक विज्ञान, गणित, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान- पद- एक-एक, प्रवक्ता बी०कॉम०- सभी ग्रुप- पद- एक-एक, प्रवक्ता एम०ए०- भूगोल, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र- पद-एक-एक, प्रवक्ता एम०एस.सी०- रसायन विज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान- पद-एक-एक, प्रवक्ता एम०एस० सी० (गृहविज्ञान)- पद-एक-एक, पुस्तकालय- पद-एक-एक
साक्षात्कारः- शैक्षिक योग्यता अनुसार
मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो सहित निम्न लिखित पते पर पंजीकृत डाक द्वारा तथा स्वंय भी 7 दिन के भीतर भेजें।
प्रबन्धक
डा० रामबहादुर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज
बिलासपुर रोड मिलक (रामपुर)
सम्पर्क सूत्र - 9557000425, 9720207474, 9761104879, 8445595885

## एक नजर

### पुस्तकें मिलने पर खिले छात्राओं के चेहरे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में शासन से प्राप्त कक्षा तीन से आठ तक की पुस्तकों का वितरण किया गया। मंगलार को विद्यालय प्रबंधक कौशल नंदन द्वारा समस्त कक्षा तीन से आठ तक की छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें वितरित कीं। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने बताया कि पुस्तकें मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। छात्राओं को बताया कि शासन की ओर से दी गई पुस्तकों से वह ध्यान लगाकर पढ़ाई करें और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

### लापता अधेड़ का क्षत विक्षत शव मिला

**उझानी, अमृत विचार :** कई दिनों से लापता अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिला। शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उझानी कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज मोहल्ला निवासी साहब सिंह उर्फ लल्ला यादव (48) आठ जुलाई को वह खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकले लेकिन लौटकर नहीं आए। साहब सिंह अक्सर घर से चले जाते थे। बुधवार सुबह मिहोना रोड से गुजर रहे लोगों को दुर्गन्ध महसूस हुई। पास जाकर देखा तो खंती में शव दिखा। शव फूला हुआ था और उसका एक पैर जानवरों ने नोंच दिया था।

# डीएम स्कूल पहुंचे तो फेसबुक चलाते मिले गुरुजी, बच्चों की कॉपियों में मिली खामियां

## शिक्षक के ढाई घंटे मोबाइल चलाने का सच पकड़ा, बीएसए ने किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, संभल



स्कूल में शिक्षकों द्वारा जांची गईं बच्चों की कॉपियां चेक करते डीएम डॉ .राजेंद्र पैंसिया।

- जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय शरीफपुर का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने विकास खंड संभल के गांव शरीफपुर के कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया तो अध्यापक के स्कूल में मोबाइल पर फेसबुक चलाने का खेल का खुलासा हुआ। डीएम की जांच में विद्यालय समय में दो से ढाई घंटे तक मोबाइल पर फेसबुक, इंस्टाग्राम के इस्तेमाल संग बातचीत की बात सामने आई। डीएम ने बच्चों की गृह पुस्तिकाएं जांची तो उनमें तमाम त्रुटियां मिलीं। बीएसए ने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया बुधवार को दोपहर कम्पोजिट विद्यालय शरीफपुर पहुंचे और निरीक्षण किया। इंचार्ज अध्यापक प्रदीप कुमार से जानकारी लेने के बाद जिलाधिकारी ने बच्चों की गृह पुस्तिकाओं को जांचने का काम शुरू किया। शिक्षकों द्वारा पूर्व में जांची जा चुकी पुस्तिकाओं में तमाम त्रुटियां दिखाई दीं। डीएम ने सहायक अध्यापक प्रेम गोयल का मोबाइल डिजीटल माध्यम से चेक किया तो विद्यालय समय में दो से ढाई घंटे मोबाइल चलाने की बात सामने आई। जिसमें एक घंटा 17 मिनट गेम खेला गया। 26 मिनट फोन पर वार्ता की गई। 17 मिनट फेसबुक चलाई तो 11 मिनट गूगल क्रॉम, 8 मिनट एक्शन दास, 6 मिनट यूट्यूब, 6 मिनट दीक्षा, 5 मिनट इंस्टाग्राम, 3 मिनट रीड एलंग ऐप चलाया जबकि दीक्षा और रीड एलंग ही विभागीय ऐप हैं। मामला बीएसए अलका शर्मा तक पहुंचा तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई कर सहायक अध्यापक प्रेम गोयल को निलंबित कर दिया। सहायक अध्यापक प्रेम गोयल के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई में खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई विनोद कुमार को जांच अधिकारी नामित किया। उन्हें आरोप पत्र तैयार कर अनुमोदन के बाद 7 दिन में संबंधित को निर्गत करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### एक पृष्ठ में नौ त्रुटियां मिलीं, दूसरे शिक्षक के पृष्ठ में 23

**संभल, अमृत विचार :** डीएम ने शिक्षकों की एक-एक कॉपी चेक की। कहा कि जब तक शिक्षक बच्चे की गृह पुस्तिका अच्छे से नहीं जांचेंगे तो वह भविष्य में त्रुटियां करेगा और सीखेगा नहीं। एक पृष्ठ में नौ त्रुटियां मिलीं। दूसरे शिक्षक के पृष्ठ में 23, तीसरे शिक्षक के एक पृष्ठ में 11, चौथे शिक्षक के पृष्ठ में 21, पांचवें शिक्षक के पृष्ठ में 18, छठे शिक्षक के पृष्ठ में 13 त्रुटियां मिलीं। शिक्षकों को चेतावनी दी है कि भविष्य में खुद को सुधारें। जब शिक्षक इतनी त्रुटियां करेंगे तो बच्चों को क्या सिखाएंगे। प्रयास किया जाएगा कि जितने भी शिक्षक हैं उन्हें बीएसए, डीआईओएस के माध्यम से क्वालिटी एजुकेशन मिलनी चाहिए। होमवर्क को भी शिक्षक अच्छे से चेक करें। शिक्षक विद्यालय में मोबाइल न देखें।

## कार ने सामने से आ रही बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के बरी चौराहा के पास बाइक सवार को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे उपचार को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक कार छोड़ फरार हो गया।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव निजामुद्दीपुर शाह निवासी युवक कुंवरपाल पुत्र गोविंद राम बुधवार की सुबह अपने मां भूरी देवी की दवा लेने बिलारी गया था। दवा लेकर युवक बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। अपराह्न तीन बजे युवक बिलारी-आसफपुर मार्ग पर बरी चौराहा के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# ऑनलाइन हाजिरी से समय का होगा पालन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बेशक बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। संभल जिले में शिक्षक बांह पर काली पट्टी बांधकर बच्चों को पढा रहे हैं लेकिन ऑनलाइन हाजिरी के आदेश को अभिभावक सही ठहरा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे स्कूल जाएं तो शिक्षक उन्हें पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाने का काम करें, ऐसा वह सोचते हैं। ऐसा तभी संभव होगा जबकि शिक्षक समय से स्कूल आएंगे और कक्षा कक्षों में जाकर बच्चों को पढाएंगे। इसलिए अब सरकार की ओर से ऑनलाइन हाजिरी का आदेश जारी किया गया है तो फिर शिक्षकों का इसका विरोध नहीं करना चाहिए। अमृत विचार ने बुधवार को कई अभिभावकों से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी को लेकर बातचीत की तो बेबाक होकर ऑनलाइन हाजिरी से डर नहीं होना चाहिए।



इसी उम्मीद के साथ बच्चों को स्कूल भेजते हैं कि वहां शिक्षक उन्हें पढ़ाएंगे। ऐसा तभी होगा जब शिक्षक भी समय से स्कूल आएंगे। इसके लिए ऑनलाइन हाजिरी लगवाना ठीक है। शिक्षक समय का पालन करेंगे।
–कैलाश, अभिभावक



शिक्षकों के लिए ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था ठीक की गई है। इस व्यवस्था से शिक्षक स्कूलों के समय का पालन करेंगे। बच्चों को निर्धारित समय से शिक्षा मिलेगी तो उनका मन भी पढ़ाई में लगेगा।
– गौसे आलम



ऑनलाइन हाजिरी से जहां एक ओर शिक्षक सही समय पर स्कूल पहुंचेंगे तो वहीं दूसरी ओर उनके समय पर स्कूल पहुंचने से बच्चे भी शिक्षा सही से ग्रहण कर पाएंगे।
– विनीत कुमार, अभिभावक



जब शिक्षक सही समय पर स्कूल जाते हैं तो उन्हें ऑनलाइन हाजिरी से डर क्यों है। वह इसका विरोध क्यों कर रहे हैं। पता नहीं ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करके वह खुद को ही गलत साबित करने पर तुले हुए हैं।
–अंकुर वार्ष्णेय, अभिभावक

## बाढ़ में बहे मोपेड सवार दो भाई, एक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** मामा की शादी से लौट रहे दो भाई बाढ़ में बहने लगे। पुलिया पकड़ लेने से एक बच गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तलाश कराई तो दूसरे का शव बरामद हुआ।

हजरतपुर के गांव कैमी निवासी राम गोपाल (22) पुत्र सोहन पाल खेती-बाड़ी करते थे। वह मंगलवार दोपहर अपने मौसेरे भाई गुड्डू (24) पुत्र धन पाल के साथ मोपेड से अपने मामा की शादी में शामिल होने शाहजहांपुर के थाना कांठ क्षेत्र के गांव बरीखास गए थे। रात में दोनों मोपेड से वापस गांव आ रहे थे। रात एक बजे गांव शेरपुर के पास बाढ़ का पानी पुलिया के ऊपर से तेजी से बह रहा था। दोनों भाई मोपेड से उसी से होकर गुजरने लगे। बहाव तेज होने से दोनों मोपेड समेत बाढ़ के पानी में बहने लगे। गुड्डू ने किसी तरह पुलिया पकड़ ली और बच गया।

## ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन जारी

संवाददाता, बहजोई

- 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने तीसरे दिन भी ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ अपना विरोध जारी रखा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों ने 15 को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया।

जिले भर के शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध तीसरे दिन भी जारी रखा। उन्होंने अपने बाजू पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। जिला महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी शिक्षक एकजुट हैं। एकजुटता का परिचय देते हुए किसी भी शिक्षक ने ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दी है। जिले में ऑनलाइन उपस्थिति की संख्या आज भी शून्य गई है। जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की ने कहा कि आज भी तीसरे दिन पूरे जिले में विरोध प्रदर्शन सफल रहा। प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर सभी शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डीएम को सौंपेंगे। जिला कोषाध्यक्ष सुखवीर सिंह ने कहा कि शिक्षक नेटवर्क न आने या अन्य तकनीकी समस्या के कारण उपस्थिति कैसे देगा।

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट 12 सेक्टरों में मजिस्ट्रेट नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

**निगरानी**

- सडीएम ने अधिकारियों की लगाई मजिस्ट्रियल ड्यूटी, शांति व्यवस्था के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। एसडीएम ने संभल तहसील क्षेत्र को 12 सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। अधिकारियों को मोहर्रम को शांति व सद्भावना के वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने अलम, मेहंदी और शहादत की रात जुलूस एवं मोहर्रम को लेकर अधिकारियों की क्षेत्रों में नियुक्ति की है। तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार अनुज कुमार, नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह, उप निबंधक संभल, चकबंदी अधिकारी संभल, बीडीओ संभल, बीडीओ असमोली, एडीओ पंचायत संभल, खंड शिक्षा अधिकारी असमोली, सहायक चकबंदी अधिकारी संभल, एडीओ पंचायत पंवासा, पशु चिकित्सा अधिकारी पंवासा को मजिस्ट्रियल पावर दी गई है जबकि एडीओ पंचायत असमोली को कोतवाली संभल, खंड शिक्षा अधिकारी पंवासा को थाना हयातनगर, पशु चिकित्सा अधिकारी संभल को थाना नखासा, पशु चिकित्सा अधिकारी सिरसी को थाना असमोली, पशु चिकित्सा अधिकारी मढ़न चौकी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को मनोटा पुल पर रिजर्व में रखा है। अधिकारियों को त्योहार रजिस्टर देखने और मार्गों का दौरा करने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि किसी भी दशा में कोई नई परंपरा लागू न होने दी जाए।

## नगर पालिका पर लगाया लकड़ी के 15 लट्ठों के गायब करने का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका के सभासद नवकांत देव ने मुख्य नगर पालिका कार्यालय की छत से उतारे से गए 15 शीशम व साल की लकड़ी के लट्ठों को गायब करने का आरोप नगर पालिका परिषद पर लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। उनका कहना है कि एक वर्ष पहले पालिका के मुख्य कार्यालय की छत से साल व शीशम की लकड़ी 50 फिट लंबे 15 लट्ठे उतारे गए थे। जिनकी नगर पालिका की ओर से नीलामी कर नगर पालिका को लाखों रुपये की धनराशि प्राप्त हो सकती थी। उनका आरोप है कि नगर पालिका ने कार्यालय की छत से उतारे लकड़ी के लट्ठों का पता नहीं चल रहा है। यह सरकारी संपत्ति है। इसलिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर लट्ठों की नीलामी को सुरक्षित किए जाने आदेश पारित किया जाए।

# दो सड़क हादसों में महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**हादसा**

- हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को हायर सेंटर किया रेफर

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना के गुमथल मार्ग व कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बेरनी मोड़ पर सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी अमरपाल पुत्र मलखान सिंह अपनी पत्नी अंजू, पुत्री निधि व वंशिका का साथ अपनी ससुराल जनपद मुरादाबाद के थाना सोनकपुर शादी समारोह में शामिल होने गया था। मंगलवार की शाम अमरपाल बाइक पर सवार होकर परिवार के साथ अपने घर लौट रहा था। जब बाइक सवार रात आठ बजे बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल रोड पर फायर सर्विस स्टेशन के पास पहुंची तो आनंद विहार कॉलोनी से दूसरी ओर से आ रही बाइक से टक्कर हो गई।

हादसे में दंपती व दूसरी बाइक पर सवार बंटी निवासी आनंद विहार कॉलोनी, उसका बहनोई राजेश निवासी गांव आटा थाना बनियाठेर घायल हो गए। दोनों जीजा-साले जरगांव दावत में जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चारों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि पुत्री निधि व वंशिका बाल-बाल बच गई।

जबकि दूसरी घटना थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी मोड़ पर हुई। तेजभान सिंह पुत्र बदन सिंह निवासी हरौला मल्लपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ गांव स्योंडारा से नवादा बाइक पर सवार होकर जा रहा था। मंगलवार की रात आठ बजे बाइक सवार गांव बेरनी मोड़ पर पहुंचा तो बाइक तेज गति होने पर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में तेजभान सिंह घायल हो गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सभी घायलों के परिजन सीएचसी पहुंच गए।

**जागरूकता** — अग्निशमन विभाग की टीम ने विद्यालयों में दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण

# स्कूलों में विद्यार्थियों को आग बुझाने के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



ग्लोबल हैरिटेज स्कूल व जीनियस पब्लिक स्कूल में आग बुझाने का प्रशिक्षण देते अग्निशमन दल कर्मी। ● अमृत विचार

- जीनियस पब्लिक स्कूल व ग्लोबल हैरिटेज स्कूल में हुआ आयोजन

**अमृत विचार:** जीनियस पब्लिक स्कूल व ग्लोबल हैरिटेज पब्लिक स्कूल में अग्निशमन दल ने छात्र-छात्राओं को आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया।

मंगलवार की सुबह 11 बजे जीनियस पब्लिक स्कूल पर अग्निशमन अधिकारी ओम सिंह, फायरमैन रघुवीर राणा, कांस्टेबिल दीपक कुमार के साथ विद्यालय पहुंचे। जहां बताया कि अगर घर में भोजन पकाते समय गैस सिलेंडर में आग लग जाए, तो घबराने की जरुरत नहीं है। बल्कि थोड़ा सा साहस करके छात्राएं व उनके अभिभावक सिलेंडर में लगी आग पर काबू पा सकते हैं। अग्निशमन विभाग की टीम ने विद्यालय परिसर में गैस सिलेंडर में आग लगा दी। जिसे सावधानी से हाथ की एक उंगली रेगूलेटर से निकल रही आग पर रख देने से आग बुझ गई। इस तरह से विद्यालय की छात्राओं ने स्वयं भी आग बुझाई। जिससे छात्राओं के दिल में भय को दूर कराया गया। विद्यालय के निदेशक सुनील मिश्र ने विद्यालय की जिन बच्चियों ने अपनी उंगली रखकर आग बुझाई, उन्हें फायर फाइटर घोषित किया। विद्यालय के चेयरमैन पवन गुप्ता ने अग्निशमन अधिकारी व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर विद्यालय प्रधानाचार्य सोनिया दीक्षित, शिक्षिकाओं में सारिका, महिमा, अदिति, प्रज्ञा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

वहीं बदायूं रोड स्थित ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन विभाग ने फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के बच्चों को आग बुझाने के तरीके सिखाए गए। फायर स्टेशन के प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने बच्चों को डेमो के माध्यम से गैस सिलेंडर में लगी आग को किस प्रकार बुझाया जा सकता है, इसके तरीके बताए। साथ ही सिलेंडर में लगी आग को बुझाकर दिखाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं से भी सिलेंडर की आग को बुझवाया गया। बताया कि यदि गैस सिलेंडर में आग लग जाती है तो हमें थोड़ी सावधानी बरतने की जरुरत है। कोई मोटा गीला कपड़ा, रेत या मिट्टी डालकर आग को बुझाया जा सकता है। इस अवसर पर फायरमैन इसरार अहमद, आकाश राज, विद्यालय के प्रबंधक कौशल नंदन, डायरेक्टर निष्कान नंदन, प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा, अनुराधा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला समेत दो की जान गई, छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिता का बरेली में तथा बेटी का बदायू के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** उसहैत थाना क्षेत्र के मिर्जापुर चौराहे पर हुई दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि उसके पति और बेटी गंभीर हैं। वहीं सिविल लाइन क्षेत्र में बरेली-मथुरा राजमार्ग के बालाजी मंदिर के पास हुई दुर्घटना में किसान की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई निवासी राम किशोर अपनी पत्नी अनीता, बेटी साक्षी के साथ बाइक से अपनी ससुराल निताई नगला गांव जा रहे थे। उसहैत थाना क्षेत्र में मिर्जापुर चौराहे के पास कार से उनकी बाइक में टक्कर लग गई। बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तीनों घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अनीता की मौत हो गई जबकि राम किशोर की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि बेटी साक्षी का बदायूं के ही निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव गरौलिया निवासी किसान अरविंद कुमार अपने खेत से अरबी की फसल निकलवाकर उसे बेचने के लिए हेम सिंह के ऑटो से बदायूं शहर की मंडी समिति आ रहे थे। ऑटो में गांव के राम प्रकाश, विपिन और सुमित भी बैठे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग के बालाजी मंदिर के पास पीछे से आई तेज रफ्तार रोडवेज बस से ऑटो में टक्कर लग गई और ऑटो पलट गया। अरविंद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ऑटो चालक हेम सिंह, राम प्रकाश, विपिन और सुमित घायल हो गए।

## सार-संक्षेप




भगत सिंह प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सनातन सेवक संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### जवानों के बलिदान पर सेवक संघ ने दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सनातन सेवक संघ ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में सेना के वाहन पर आतंकी हमले में बलिदान हुए जवानों को अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार की सुबह 10 बजे स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह प्रतिमा पर संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे। जहां जिला महामंत्री पप्पू इंकलाब ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कठुआ में सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले में सैन्यभूमि उत्तराखण्ड की माटी में जन्मे हमारे वीर जवान आदर्श नेगी, विनोद सिंह, कमल सिंह, अर्जुन नेगी व आनंद सिंह रावत के बलिदान होना काफी पीड़ादायक है। नगर महामंत्री दिशांत गुप्ता ने कहा कि मां भारती की रक्षा में दिया गया आपका यह सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और हम सभी को राष्ट्रसेवा हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख दिवगंत आत्माओं की शांति व शोकाकुल परिजनों को दु :ख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर सीपी गुप्ता जी, अमित अग्रवाल एड ., राजीव सक्सेना, विकास कुमार सनातनी, मुदित गर्ग, सुदीप बंसल, अमन कुमार, शशिकांत शर्मा, तुषार क्रिस्टल, विक्की रस्तोगी, गौरव कुमार, अनुज कुमार मौजूद रहे।



सुभाष रोड स्थित डाकघर पर लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

### आधार कार्ड बनवाने को मुख्य डाकघर में उमड़ी भीड़

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुख्य डाकघर में आधार कार्ड बनवाने व संसोधन कराने के लिए कई लोग पहुंच रहे हैं। जिससे धक्का-मुक्का के साथ छात्राओं व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हंगामा होते देख पोस्ट मास्टर को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने पहुंच व्यवस्था संभाली, तब कही जाकर आधार कार्ड बनने का कार्य सुचारू रूप से चल सका। इस समय परिवार के सदस्यों का आधार राशन कार्ड से लिंक कराने व अन्य योजनाओं के लिए नए आधार कार्ड बनवाए जा रहे हैं। वहीं बहुत से लोग आधार कार्ड में संशोधन कराने पहुंच रहे हैं। जिससे सुभाष रोड स्थित मुख्य डाकघर में तीन दिन से काफी भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार की सुबह छह बजे से आधार कार्ड बनवाने व संशोधन कराने वालों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। सुबह दस बजे जैसे ही डाकघर खुला तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। लोगों में नोक-झोंक के बाद नौबत मारपीट तक आ गई। हंगामा होता देख पोस्टर मास्टर पंकज शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने व्यवस्था सुधारी और लोगों की कतार लगवाई। इसके बाद आधार कार्ड बनाने का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सका।

### विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर हुई बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीएचसी के सभागार में शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी व सीएचसी प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह ने आगामी विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में जानकारी दी। कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभाग भी सहयोग करें। उन्होंने परिवार नियोजन में पुरुषों की भागेदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डॉ. टीएस पाल ने कहा कि संचारी रोगों के बचाव के लिए हमें अपने आसपास सफाई करने व जल भराव को रोकना होगा। ताकि मच्छर व कीट आसपास एकत्रित न हो और डेंगू, मलेरिया, डायरिया जैसे रोगों से बचा जा सके। बैठक में मंडलीय अर्बन हेल्थ ऑफीसर डॉ. राजीव, मुकेश कुमार शर्मा, डॉ. अखिल कुमार सिंह, डॉ. राहिल, डॉ. प्रियांशी, सचिन रस्तोगी, डॉ. गीतिका, मोहम्मद रिजवान आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में स्टेशनरी के साथ स्कूली बच्चें व संगठन के पदाधिकारी।

### भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की ओर से बुधवार को सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल में परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी व खाद्य सामग्री वितरित की गई। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि परिषद का पंजीकरण 10 जुलाई 1963 को हुआ था। इसलिए आज के दिन स्थापना दिवस मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति व भारतीय जीवन मूल्य परिषद के मूल मंत्र है। भारत की राष्ट्रीय एकता, सर्वधर्म समभाव व समाज के प्रति समरसता व एकात्मता का व्यवहार इसकी पूंजी है। परिषद ने भारत माता को अपना आराध्य व स्वामी विवेकानंद को पथ-प्रदर्शन के रूप में स्वीकार किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आशा गोस्वामी, कल्पना वार्ष्णेय, अभिषेक गुप्ता, बीनू शर्मा, आयुषी गुप्ता, सोनी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



बबराला में सड़क पर बना गहरा गड्ढा। ● अमृत विचार

### मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे से हो रहे हादसे

**बबराला, अमृत विचार :** बबराला-अनूपशहर सड़क मार्ग पर गांव बसंतपुर डांडा के पास सड़क के बीच में लगभग डेढ़ फीट गहरा गड्ढा वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मुख्य सड़क पर इसे गड्ढे को काफी दिन बीत चुके हैं। जिसकी वजह से कई वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। सड़क के बीचों बीच इतने बड़े गड्ढे का अनुमान नहीं लग पाता है और वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाता है। सड़क पर तेज गति से दौड़ते वाहन चालकों को अचानक गड्ढा दिखाई पड़ने से वाहन चालक या तो अचानक ब्रेक लगाता है या फिर गड्ढे से बचने का प्रयास करता है। ग्रामीण दिनेश यादव ने बताया कि कई बाइक सवार यहां पर चोटिल हो चुके हैं। गनीमत यह रही कि अभी तक किसी की जान नहीं गई। राहगीरों को बेहतर सफर के लिए अच्छी सड़क मिले और हादसों पर लगाम लगे, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया था अधिकारी इसे तवज्जो नहीं दे रहे हैं।

## एक नजर

### बालकों के विवाद में मारपीट, दंपति घायल

**नगीना, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा आशियाना कालोनी निवासी हाफिज रब्बानी का 15 वर्षीय पुत्र अब्दुल बुधवार सुबह 10 बजे घर के बाहर खड़ा था। उसके हाथ में चोट लगी थी। पड़ोसी मोहम्मद जाकिर के पुत्र शादाब ने उसके हाथ के जख्म को दुखा दिया। विरोध करने पर दोनों में मारपीट हो गई। तभी हाफिज रब्बानी व उनकी पत्नी अफसाना अपने पुत्र को बचाने पहुंचे तो शादाब दंपति व दो बच्चों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने रब्बानी व उनकी पत्नी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### 15 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं किसान

**नहटौर, अमृत विचार :** मुफ्त बिजली योजना के तहत किसानों के लिए पंजीकरण कराने की तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है। पंजीकरण कराने के बाद ही किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा। एसडीओ विश्राम सिंह यादव ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीकरण कराना आवश्यक है। किसान 15 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं। किसान मार्च 2023 तक का नलकूप का बकाया बिल जमा कराकर पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मार्ग पर विद्युत खंभों को पॉलीथिन से ढका जाएगा। लाइनों को सही कराया जाएगा।

### पुलिस ने लापता दो बच्चों को किया बरामद

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने अफजलगढ़ क्षेत्र से लापता हुए दो बच्चों को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव किशनपुर कुंडा में दो बच्चे अकेले घूम रहे हैं। पुलिस टीम गांव पहुंची और दोनों बच्चों को थाने ले आई। बरामद बच्चों के संबंध में आसपास के थानों से जानकारी ली गई तो पता लगा कि थाना अफजलगढ़ से 30 जून से दो बच्चे लापता चल रहे हैं। परिजनों को थाने बुलाकर बच्चों को दिखाया गया तो दोनों मां से लिपटकर रोने लगे। महिला का कहना है कि वह पास के गांव में शादी में गई थी, जहां से उसके दोनों बच्चे गुम हो गए थे। दोनों बच्चों के सकुशल बरामद होने से परिजनों में हर्ष है।

# प्रशासन से किसानों की वार्ता बेनतीजा

## टोल टैक्स प्लाजा पर भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष ने किया महापंचायत का एलान

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार :** भनेड़ा टोल टैक्स प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं का धरना बुधवार को नौवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों व तहसील प्रशासन से वार्ता की, लेकिन यह बेनतीजा रही। प्रदेश अध्यक्ष ने 18 जूलाई को महापंचायत करने की घोषणा की।

बुधवार को किरतपुर-नजीबाबाद मार्ग स्थित भनेड़ा टोल टैक्स प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार शर्मा पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों को संबोधित किया। इस दौरान सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह अन्याय हो रहा है। यहां सड़कों और पुलों का निर्माण अधूरा पड़ा है। इसके बावजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी अपनी हठधर्मिता दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी अधूरे कार्य को पूर्ण कराए। किसानों की समस्याओं का समाधान कराए। यदि ऐसा नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहेंगे। किसान टोल टैक्स प्लाजा पर अवैध वसूली नहीं होने देंगे। इस दौरान पश्चिमी उत्तर के महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह, नवाब मंसूरी, मंडल मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष बाबू राम तोमर, मंडल प्रवक्ता आदिल जैदी, जिब्रीश अहमद, ऋषिपाल सिंह आदि रहे।

धरनास्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह, नेशनल हाईवे के टीम लीडर साजिद अली ने प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार शर्मा से वार्ता की। नेशनल हाईवे प्रशासन व तहसील प्रशासन ने शर्तों को मानने से इनकार कर दिया। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने एक सप्ताह का समय दिया और कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 18 जुलाई को भनेड़ा में महापंचायत होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन गफलत में न रहे। इस बीच अखिल भारतीय जाट महासभा के जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी भी धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शर्मा को अपना समर्थन पत्र दिया। समर्थन पत्र देने वालों में गौरव चौधरी, अमन अरोरा, चौधरी शोएब, मोहित तोमर, दीपांशु चौधरी अनुज चौधरी, निखिल तोमर, अंकुश चौधरी, आदित्य चौधरी, संदीप कुमार, सोनू पूनिया, दर्शित चौधरी, जीशान, अजीम, राहुल, उज्जवल व मनीष आदि युवा मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शर्मा को समर्थन पत्र देते जाट महासभा के कार्यकर्ता।

### दिलशाद के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**नहटौर, अमृत विचार :** दिलशाद हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मृतक की बहन ने एसपी से नहटौर पुलिस की विवेचना पर सवाल उठाए हैं। उसने विवेचना अन्य अधिकारी या क्राइम ब्रांच से कराने की मांग की है।

40 दिन पहले मोहल्ला ईदगाह तकीयागढ़ी पश्चिमी के दिलशाद की ईदगाह मोड़ के पास जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने पीटकर हत्या कर दी थी। वसीम, मुकीम, शहबाज, असद, अनस, मुस्तकीम, अमन, उजैफ, सन्नो, किश्वर, अलीम व तालिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने वसीम, मुकीम, शहबाज, सन्नो को गिरफ्तार किया था। लेकिन बाकी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए। मृतक की बहन हसीबा ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके भाई के हत्यारोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस उन्हें टरका देती है। आरोपी उन्हें डरा धमकाकर फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह विवेचक की जांच से संतुष्ट नहीं हैं।


बैठक में चकबंदी के कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

## चकबंदी के कार्यों का कराएं निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट के महात्मा विदुर सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने एसओसी चकबंदी से कहा कि जिन गांवों में चकबंदी के प्रकरण अधिक हैं, वहां सरकारी स्कूल या पंचायत घरों में अधिकारियों के साथ न्यायालय लगा कर उनका निस्तारण कराए। गांवों में जाने से तीन दिन पहले पंचायत सचिवों मुनादी कराए। कार्य में शिथिलता बरतने पर चकबंदी अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामवार अपने चकबंदी कार्यों का निरीक्षण करने और उसका रोस्टर बनाकर वादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। कहा कि चकबंदी पूरी न होने की वजह से गांव के विकास कार्यों में दिक्कतें आती हैं। यदि किसी शिकायत का निस्तारण न्यायालय में लंबित या किसी और कारण से होना संभव नहीं है तो शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह, एसओसी चकबंदी, समस्त चकबन्दी अधिकारी, समस्त सहायक चकबन्दी अधिकारी उपस्थित रहे।

## इमाम हुसैन की शहादत पर डाली रोशनी

संवाददता, हल्दौर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में दरगाहे फात्मा जहरा में मजलिस हुई। दूसरी मजलिस इमाम बारगाह में हुई। मजलिसों को जाकिर मोहम्मद रजा व मौलाना मेहंदी अब्बास जैदी ने खिताब किया।

मौलाना मेहंदी अब्बास ने कहा कि मुहर्रम की दो तरीख को इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला में थे। वह एक सप्ताह तक यजीद की फौज को अमन की राह पर चलने के लिए समझाते रहे। लेकिन फौज अपने खलीफा के हुक्म पर अमल करने के लिए अड़ी रही। इसके बाद हजरत इमाम हुसैन ने कहा कि तुम मुझे एक रात की मोहलत दो, ताकि मैं अल्लाह की इबादत कर सकू। इस रात को ही आशूरा की रात कहा जाता है। अगली सुबह खूनी जंग हुई। इसमें यजीद की 80 हजार फौज के सामने इमाम हुसैन के 72 साथियों ने जंग लड़ी।

इमाम हुसैन ने अपने नाना और अपने पिता के सिखाए ईमान का दामन मजबूती से पकड़े रखा। उनके कई साथी और परिवार के सदस्य शहीद हो गए। मजलिसों में सोजख्वानी मोहम्मद रजा, मोहम्मद अब्बास, नायाब हैदर, मोहम्मद आलम, रोशन अब्बास, कलीम हैदर, जरी अब्बास, सफदर अब्बास ने की। इस दौरान मोहम्मद रजा, सफदर अब्बास, अम्मार जैदी, काशिफ जैदी आदि रहे।


मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



लेखपाल को नियुक्ति पत्र देते एसडीएम अवनीश त्यागी व अन्य। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने लेखपालों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नगीना, अमृत विचार :** तहसील के मीटिंग हॉल में बुधवार को उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र पाकर लेखपालों के चेहरे खिल गए। इस दौरान 29 लेखपालों को उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार त्यागी ने नियुक्ति पत्र दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों के आने से कार्य का बोझ हल्का होगा। लेखपाल अपने कार्य क्षेत्र में निष्ठा, ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

### प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**हल्दौर, अमृत विचार :** नगर के सांई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को सोशल साइंस एक्टिविटी, जिज्ञासा प्रक्रिया कराए गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा-6 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट बनाए। हमारे ब्रह्मांड में होने वाली प्रतिक्रियाएं जैसे सौर ऊर्जा, सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, दिन रात गृहों की गतिविधियों के बारे में भी बताया। प्रतियोगिता में अक्षित, अक्षिता, वैभव मनन, प्रेरक, जक्ष, पुनीत, हर्षितपाल, अर्णव, दवास, सूफियान, सादिया, अर्शी, राधिका, हर्षित ने भाग लिया। इस दौरान इंचार्ज आयुषी मारवाड़ी, विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल आदि मौजूद रहे।

### महोत्सव में शामिल हुई छात्रा को दी शुभकामनाएं

**हल्दौर, अमृत विचार :** गुजरात के बड़नगर में होने वाले प्रेरणा महोत्सव में जनपद के दो बच्चों का चयन हुआ था। इनमें सेंट मेरीज कान्वेंट स्कूल में 11वीं की छात्रा श्रुति राजपूत ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। 10 दिन बाद वह अपनी शिक्षिका ज्योति अग्रवाल के साथ अपने घर लौटीं। इस अवसर पर उनके अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानाचार्य सिस्टर सेनेट, मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्रुति ने बताया कि वह एक विशेष कार्यक्रम था।

### निकाह के तीन दिन पहले कोतवाली पहुंचा प्रेमी युगल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला निवासी युवती का ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। युवती के परिजनों ने उसकी शादी दूसरे युवक के साथ तय कर दी थी। लेकिन युवती खामोश रही। इसके बाद शादी के करीब तीन पहले ही युवती प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां युवती अपने प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने युवती और युवक के परिजनों को कोतवाली बुलाया। जहां पर पूर्व प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी युगल के परिजन दोनों के निकाह पर राजी हो गए। पुलिस ने प्रेमी युगल के बयान दर्ज कर उनके परिजनों के साथ भेज दिया।

### मार्ग चौड़ीकरण की जद में आए 150 शोरूम व दुकानें

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में अमरोहा-बिजनौर मार्ग चौड़ीकरण के लिए शोरूम और दुकानों पर लाल निशान लगने से परेशान व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी व एडीएम से मिला। जिला प्रशासन ने टीपी नगर चौराहा स्थित कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज से बिजनौर रोड पर अटल चौक तक चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सड़क के बीच से दोनों ओर 18 फीट दूर तक दुकानों व शोरूम पर लाल निशान लगाए गए हैं। सड़क की दोनों ओर 150 शोरूम व दुकानें जद में आ रही हैं। एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव के साथ ही सौंदर्यकरण के लिए शासन ने महायोजना 2031 पर अपनी मुहर लगा दी है। व्यापारियों को विश्वास में लेकर ही अगला कदम उठाया जाएगा।



# शिक्षिका ने नदी में कूदकर दी जान

## मुरादाबाद के आजाद नगर की रहने वाली थीं फरहा नकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह करीब पौने आठ बजे लालपुर कलां के सरकारी स्कूल में तैनात शिक्षिका फरहा नकी ने स्कूल आते समय बहल्ला नदी में कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



जिला मुरादाबाद के आजाद नगर निवासी फरहा नकी की शादी करीब सात साल पहले कुंदरकी निवासी मोहम्मद दानिश से हुई थी। वर्तमान में अब वह परिवार के साथ करुला के निकट आजाद नगर कालोनी में रह रही थी। 2018 में उसका चयन शिक्षिका के पद पर हो गया था। उसे सैदनगर ब्लॉक के लालपुर कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय मिला था। तभी से वह वहीं तैनात थीं।

पति का कहना है कि वह रोजाना मुरादाबाद से ही स्कूल आती-जाती थीं। बुधवार को भी वह घर से स्कूल जा रही थी। करनपुर मुनीमपुर से आगे रामपुर की सीमा में फरहा ने ऑटो रुकवा लिया। इसके बाद वह ऑटो से उतर गईं। उन्होंने ऑटो वाले से एक शिक्षिका से मिलने की बात कही। इसके बाद ऑटो वाला वहां से चला गया। कुछ देर बाद फरहा नकीं बहल्ला नदी में कूद गईं। यह देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


जिला अस्पताल में रोते मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

### मृतका के दोनों बच्चों का भी बुरा हाल

फरहा का पांच साल का बेटा हैदर और तीन साल की बेटी सिजा है। मां की मौत से दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पति का कहना है कि रोजाना की तरह वह स्कूल जाने के लिए कहकर निकली थी। मगर इस दौरान उसके दिमाग में ऐसा क्या आया कि बहल्ला नदी में कूद कर जान दे दी। कुछ लोगों का कहना है कि एक कॉल जरुर आई थी। इस पर कुछ मिनट बात हुई थी। इसके बाद घटना हो गई। हालांकि मृतका का मोबाइल नहीं मिला है। पति का यह भी कहना है कि स्कूल दूर होने और करनपुर से होंसपुर नंगली तक का रास्ता बहुत अधिक खराब होने से भी वह परेशान रहती थी।

### 12 घंटे बाद नदी में मिला युवक का शव

**स्वार, अमृत विचार :** दोस्तों के साथ नैया नदी में नहाने गया युवक डूब गया था। गोताखोरों ने 12 घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को नदी से निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



कोतवाली क्षेत्र के गांव नानकार रानी निवासी रईस अहमद का तीसरे नंबर का बेटा 18 वर्षीय हस्सान अली सिलाई करता था। मंगलवार की शाम वह दोस्तों के साथ नैया नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में डूब गया था। पुलिस ने युवक को तलाशने के लिए बाहर से गोताखोरों को बुलाया था। उन्होंने 12 घंटे की मशक्कत के बाद शुक्रवार की सुबह लगभग छह बजे हस्सान अली के शव को नदी से निकाल लिया।


पुलिस कार्यालय सभागार में बैठक करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

## कांवड़ यात्रा, जुलूस के दौरान पुख्ता रखें सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस कार्यालय सभागार में बुधवार को डीआईजी मुनिराज जी ने कांवड़ यात्रा और ताजियों के जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के निर्देश दिए।

डीआईजी मुनिराज जी ने मंगलवार रात अमरोहा पहुंचे और पुलिस कार्यालय में एसपी कुंवर अनुपम सिंह, सीओ व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। कहा कि दोनों आयोजनों को सकुशल संपन्न कराना है। उन्होंने होमवर्क की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के मुख्य स्थान और चौराहा पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए। कहा कि कांवड़ियों के आने जाने के मार्ग पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहे। शोभायात्रा, जुलूस बिना अनुमति नहीं निकलने चाहिए। उन्होंने कहा कि माहौल को खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। संवेदनशील क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

### पति के बाद घायल महिला की भी मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार महिला व कई लोग घायल हो गए थे। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी विक्रम सिंह का पुत्र कमल (32) अपनी पत्नी रोमा व बेटे शेखू के साथ बाइक से हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव खैरपुर किसी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहां से मंगलवार सुबह तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। गजरौला-हसनपुर मार्ग पर ओवरटेक करते वक्त उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई थी। इससे तीनों ट्रक की चपेट में आ गए थे। ट्रक बाइक को 50 मीटर तक घसीटकर ले गया था। हादसे में कमल की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं उसकी पत्नी रोमा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बेटा शेखू सुरक्षित है। रोमा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को रोमा की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि रोमा की भी मौत हो गई।

## अजीम नगर क्षेत्र में वाहन की टक्कर से मजदूर की जान गई

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। परिजनों ने बुधवार को तड़के सड़क किनारे मजदूर का शव पड़ा देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला थाना क्षेत्र के सींगनखेड़ा गांव का है। बिहार निवासी मकबूल अली (35) सींगनखेड़ा में अपने बहनोई रफी के यहां रहकर मजदूरी करता था। रात करीब 11 बजे वह सड़क पर टहलने गया था। सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे मकबूल अली का शव पड़ा देखा तो सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही ग्रामीण एवं रिश्तेदार भी आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे हादसा मान रही है। थानाध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया जांच की जा रही है। मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हादसे में वृद्ध की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल हो गए। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अजीमनगर थाना क्षेत्र के बड़ापुरा गांव निवासी रियासत (65) अपनी मोपेड से दोपहर 12 बजे मुरसैना चौराहे पर गए थे। गांव की पुलिया के पास वाहन ने उनकी मोपेड में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनकी मौत हो गई।

### नहाने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की तालाब में डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी अख्तर अली का 25 वर्षीय बेटा मोनिस बुधवार को दोपहर बाद दोस्तों और बड़े भाई के साथ गांव में ही मिल के पीछे चिकना तालाब में नहाने गया था। तालाब में पानी अधिक होने के कारण युवक डूबने लगा। आधा घंटे की मशक्कत के बाद युवक को तालाब से निकाला गया। ग्रामीणों ने युवक के पेट को दबाकर पानी निकालने की कोशिश की। कोई हलचल नहीं होने पर उसे निजी चिकित्सक को दिखाया गया। चिकित्सक ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टर्माटम कराने से मना कर दिया।

## चंद्रशेखर उठा रहे गरीबों की आवाज

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र भाटी एडवोकेट ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद संसद में गरीबों, मजलूमों, एससी-एसटी समेत प्रत्येक वर्ग के लिए आवाज उठा रहे हैं।

क्षेत्र में बुधवार को भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव ने बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी ने अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी शुरू कर दी है। आजाद समाज पार्टी एवं उसके कार्यकर्ताओं ने सात साल लगातार बिना सत्ता में रहते हुए जनता की आवाज उठाई। इस दौरान जिला महासचिव अतहर अहसान, देवेंद्र बैसला, शुभम सागर, रवि सागर, काशिफ पटवारी, रोमी सागर, उस्मान चौधरी, सलीम कस्सार मौजूद रहे।


डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र भाटी।

### बेटियों के सम्मान के लिए कर रहे हैं संघर्ष

**बुरावली, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र भाटी का बुधवार को जगह जगह स्वागत किया गया। बुधवार को रविंद्र भाटी गांव बुरावली व चन्दनपुर में वीरेंद्र मेडिकल पर पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सभा में रविन्द्र भाटी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद देश के एक जिम्मेदार नागरिक है। वह गरीब, मजदूर, किसान नौजवान और बहन बेटियों के सम्मान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गुर्जर समाज बबित धामा, विधानसभा अध्यक्ष करी आरिफ, देवेंद्र बेंसला, निजाम चौधरी व निशात आदि रहे।

## बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग, युवक को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**घटना**
- नरैना कला गांव में हुई घटना
- पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र में घर जाते समय दोस्त के घर के बाहर बातचीत कर रहे युवक पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली युवक के हाथ में लगी। इससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह घटना थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव नरैना कला की है। यहां वीरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। मंगलवार रात उनका 18 वर्षीय बेटा तुषार राजापुर से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच वह गांव के नजदीक ही अपने दोस्त प्रीत पुत्र अवतार सिंह के घर के बाहर खड़े होकर उससे बातचीत कर रहा था। इस दौरान बाइक सवार गोलू, अंकुल व नमित ने उनपर फायरिंग कर दी। एक गोली तुषार के हाथ में लग गई। इससे वह घायल हो गया। आरोपी फायरिंग करके वहां से भाग निकले। सूचना के बाद घायल तुषार के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### आत्महत्या करने के लिए रेलवे लाइन पर लेटा

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला रेलवे स्टेशन यार्ड में आत्महत्या करने के लिए 47 वर्षीय व्यक्ति रेलवे लाइन पर लेट गया। आरपीएफ ने उसे हटाकर परिजनों के सुपुर्द किया।आंवला स्टेशन यार्ड में बुधवार सुबह एक व्यक्ति लाइन पर गर्दन रखकर लेटा हुआ था। कुछ लोगों ने देखा तो आरपीएफ को जानकारी दी। आरपीएफ मौके पर पहुंची और उसे लाइन से हटाया। उसने बताया कि उसका नाम अजयपाल है और वह बदायूं के वजीरगंज के गांव मालमपुर का रहने वाला है। अजयपाल ने आरपीएफ को बताया कि घर में झगड़ा होने पर वह नाराज होकर आ गया था। वह जीना नहीं चाहता है। आरपीएफ की सूचना पर उसका बेटा सोमेंद्र और भतीजा नरेश कुमार पहुंचे। इसके बाद आरपीएफ ने उसे बेटे के सुपुर्द कर दिया।

### मुरादाबाद के युवक की करंट लगने से मौत

**काशीपुर,अमृत विचार :** एक दवा फैक्ट्री में काम करने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। ग्राम सरकड़ा दोस्त, मुरादाबाद निवासी योगेंद्र सिंह (36) पुत्र गजेंद्र सिंह यहां कुंडेश्वरी में भीमनगर रोड स्थित एक दवा फैक्ट्री में काम करता था। वह हिमालयन कॉलोनी में एक मकान में किराये पर रहता था। मंगलवार की रात करीब 11 बजे वह घर आया। गर्मी के कारण वह छत पर टहलने के लिए चला गया। इस दौरान वह रेलिंग में लगे विद्युत तार की चपेट में आ गया। आस-पास के लोगों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कूलर में करंट आने से महिला की जान गई

**बाजपुर,अमृत विचार :** कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी विद्या (35) पत्नी गोविंद मंगलवार की देर रात भोजन इत्यादि करके सो गई। बताया जाता है कि बुधवार की तड़के करीब चार बजे वह सोकर उठी तो उसकी बांह कूलर से टच हो गई। इससे वह कूलर में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। महिला को पहले निजी व बाद में सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हर्षिका को प्यार भी हुआ तो सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण से, वृंदावन से लाई गई प्रतिमा के संग होंगे फेरे

# जिस कान्हा के लिए 15 वर्ष रखा करवाचौथ, आज उसी के साथ होगी शादी

भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कहते हैं अगर किसी चीज को दिल से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती है पर हल्द्वानी की हर्षिका की कहानी थोड़ी अलग है। यहां उसे प्यार भी हुआ तो सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण से। गुरुवार को उसकी शादी उसी पालनहार से है।

हल्द्वानी के प्रेमपुर लोश्ज्ञानी से सटे इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी पूरन चंद्र पंत की 21 वर्षीय पुत्री हर्षिका बचपन से दिव्यांग है। उसके शरीर का निचला हिस्सा काम नहीं करता है। अपने दैनिक कार्यों के लिए उसे दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। भगवान श्रीकृष्ण को दिल से अपना सर्वस्व मान चुकी हर्षिका वृंदावन से लाई गई श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें और वायदों के साथ अपनी मांग में कान्हा के नाम का सिंदूर धारण करेगी। यह पूछने पर की क्या तुम कान्हा की दुल्हन हो, बिना जुबान खोले उसकी आंखें ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आगाध प्रेम दर्शा देती हैं। बुधवार को मोहल्ले में डीजे बज रहा था। महिलाएं ढोलक की थाप पर मंगल गीत गा रही थीं। एक तरफ मेहंदी की तैयारियां चल रहीं थीं और दूसरी तरफ हर्षिका अपने प्रभु से मिलन की आस में सकुचाई बैठी थी। वह पिछले 15 वर्षों से भगवान श्रीकृष्ण को अपने हृदय में संजोए बैठी है। आज (गुरुवार) शादी है पर वो विदा होकर अपने ससुराल (वृंदावन) नहीं जाएगी, बल्कि घर वाले भगवान श्रीकृष्ण को घर जमाई बनाने जा रहे हैं।



कान्हा संग हर्षिका शादी से पहले संगीत कार्यक्रम में मंगल गीत गाती महिलाएं।

#### आज पिता करेंगे भगवान को कन्यादान

हर्षिका के पिता पूरन को पैरालायसिस है। परिवार मूलरूप से बागेश्वर का रहने वाला है। वर्ष 2021 में हल्द्वानी आकर बस गए। आज पिता अपनी बेटी का कन्यादान करेगा, भाई बहन को डोली पर बैठाएगा और पूरा मोहल्ला बारात लेकर घर पहुंचेगा। नाते-रिश्तेदार, पड़ोसी इस अनोखे प्यार की वरमाला देखने को आतुर हैं। एक साधारण सी शादी होते हुए भी यह असाधारण बन चुकी है, जिसकी चर्चा हर जुबान पर है।

#### बंद कमरे में करती है कान्हा से बात

मां मीनाक्षी पंत बताती हैं कि बचपन से ही हर्षिका में भगवान श्रीकृष्ण को लेकर प्रेमभाव है। वह बंद कमरे में मूर्ति के साथ बात करती है, रोती है हंसती है और पूछने पर टालमटोल कर जाती है। कक्षा पांच तक पढ़ी हर्षिका को हिंदी, अंग्रेजी का ज्ञान है, वह टैक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल कर लेती है। मगर उसे एक ही चीज नागवार गुजरती है और वो है श्रीकृष्ण के साथ राधा का नाम। जब कोई राधा-कृष्ण का नाम साथ लेता है तो वह गुस्सा हो जाती है। उसने अपनी शादी के लिए वृंदावन जाकर खरीदारी की। वहां से श्रीकृष्ण के श्रृंगार के सामान के साथ अपने श्रृंगार का सामान भी खरीदा।

#### बोले पंडित जी...ये प्रेम है, समर्पण है, शादी ऐतिहासिक होगी

इस कलयुग में प्रेम, समर्पण, त्याग, बलिदान जैसी बातें किताबी हो चली हैं पर इस खास शादी को कराने का मौका मिल रहा है तो अपने को धन्य समझ रहा हूं। यकीन हो गया कि आज भी प्रेम की कोई सीमा नहीं। यह कहना है पंडित चंद्रशेखर तिवारी का जो इस शादी को अपने सहयोगी पंडित मनोज जोशी के साथ पूर्ण कराएंगे। उनका मानना है कि ईश्वर ने उन्हें इस कार्य के लिए चुना है तो इसमें उनका भी कल्याण निश्चितरूपसे होगा।

# सीसीटीवी फुटेज न दिखाने पर पथराव, पुजारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

- बहेड़ी क्षेत्र के गांव भूड़ा बहादुरपुर की घटना, तीन भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र के गांव भूड़ा बहादुरपुर में मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज न दिखाने पर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों की ओर से पथराव किया गया और बुजुर्ग पुजारी की सीने में ईंट लगने से मौत हो गई। पुजारी के बेटे ने तीन लोगों पर ईंट मारकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव के प्राचीन शिव मंदिर में पुजारी गुरु चरनदास पूजा पाठ करते थे। मंदिर में गांव के ही 70 वर्षीय भूपराम भी पूजा पाठ करते थे। कुछ समय पहले गुरु चरनदास मंदिर छोड़कर चले गए। उसके बाद भूपराम ही मंदिर में पूजा-पाठ करने लगे। कुछ लोगों को लगा कि मंदिर में आने वाला चढ़ावा भूपराम अपने पास रख रहे हैं। इस पर गांव के ही प्रीतमराम के बेटे कपिल ने मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। आरोप है कि कपिल ने भूपराम से कैमरे लगाने के पैसे मांगे। मंगलवार को मंदिर से कुर्सियां चोरी होने पर सीसीटीवी फुटेज दिखाने को लेकर भूपराम के बेटे गौरीशंकर की कपिल से कहासुनी हो गई थी। बुधवार सुबह भूपराम के घर के सामने से कपिल गालियां देते हुए जा रहा था। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। एक पक्ष से भूपराम के बेटे गौरी शंकर और सर्वेश और दूसरे पक्ष से प्रीतमराम, कपिल और उसका भाई अनिल आ गए। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने लगे। आरोप है कि एक ईंट भूपराम के सीने में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें थाने लेकर पहुंचे तो पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा लेकिन भूपराम की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक और सीओ अरुण कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पर लोगों से मामले में जानकारी ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी लेकिन घर पर ताला लगा हुआ था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं।

> बुजुर्ग की हत्या के मामले में तीन आरोपियों पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> **- मानुष पारीक,** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

#### दुकान पर लाठी-डंडे लेकर पहुंचे आरोपी

भूपराम के बेटे गौरीशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को गांव के मंदिर पर कपिल ने सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। मंदिर से कुछ कुर्सियां चोरी हो गई थीं तो उन्होंने कपिल से कैमरे की फुटेज दिखाने को कहा था लेकिन उसने इन्कार कर दिया था। इस दौरान दोनों में कहासुनी हो गई थी। बुधवार उनका भतीजा दीपक दुकान खोल रहा था कि तभी कपिल, रवि व अनिल में लाठी-डंडे लेकर आए और गालीगलौज करने लगे।

# स्नातक में प्रवेश के लिए गौण विषय के चयन में संशोधन

### माइनर पेपर में लिखित के साथ प्रयोगात्मक परीक्षा भी देंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए माइनर पेपर (गौण विषय) के चयन में संशोधन किया है। अब छात्र माइनर पेपर में लिखित के साथ प्रयोगात्मक परीक्षा भी देंगे। इसके अलावा उन्हें दूसरे संकाय की बाध्यता भी खत्म कर दी है। स्नातक में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर बुधवार तक पंजीकरण हुए। गुरुवार को महाविद्यालयों को मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने होंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में 18 कार्यान्वयन बिंदु निर्धारित किए गए हैं। विश्वविद्यालय ने एल-4 एडॉप्शन ऑफ गाइडलाइंस ऑन करिकुलर एंड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर फोर ईयर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के संबंध में 3 अप्रैल को निर्देश जारी किए थे। जिसमें कई दिक्कत आ रहीं हैं। महाविद्यालयों और छात्रों की सुविधा के लिए इसमें संशोधन किया है जो सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया में लागू होगी। इसके तहत 40 क्रेडिट प्वाइंट पूरे करने के लिए विद्यार्थियों की माइनर पेपर में लिखित के साथ प्रयोगात्मक परीक्षा भी करायी जाएगी। प्रयोगात्मक विषयों को आवंटित करते समय जरूरी और छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय अपने संशाधनों और विषय संयोजन के आधार पर आवंटन कर सकेंगे।

माइनर विषय दूसरे संकाय से लेने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। विषय संयोजन में आ रही दिक्कत की वजह से भाषा संकाय को कला संकाय में समाहित किया जाता है।



#### एक लाख 30 हजार पंजीकरण, आज से प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबंध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 1 लाख 30 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराए हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जुलाई थी अब 11 जुलाई से महाविद्यालय मेरिट के आधार पर प्रवेश लेंगे। बरेली कॉलेज में 11 जुलाई तक पंजीकरण होंगे और इसके बाद मेरिट जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए एक लाख 30 हजार पंजीकरण हो गए हैं और अब महाविद्यालयों में प्रवेश शुरू हो जाएंगे।

# एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलएम, एलएलबी और एमएड प्रवेश परीक्षा गुरुवार को आठ केंद्रों पर होगी। बरेली और मुरादाबाद मंडल में बने केंद्रों पर 5835 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

एलएलबी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा सुबह 9 से 10:30 बजे तक और एमएड की परीक्षा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। बरेली में रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पांच केंद्रों मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एमबीए, फार्मेसी, विधि विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटल विभाग में 3302 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।

मुरादाबाद जिले में हिंदू कॉलेज और केजीके कॉलेज मुरादाबाद के परीक्षा केंद्रों पर 2551 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्रों में संशोधन किया गया था। संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं और इसकी सूचना अभ्यर्थियों को मेसेज और फोन पर दी गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर भी अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है।

#### छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से संचालित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा योजना के आवेदन आरंभ हो चुके हैं। साथ ही पिछले तीन सत्रों 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के नवीनीकरण के लिए भी रजिस्ट्रेशन, क्लेम बिल डेटा को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त घोषित हो चुकी है। मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र से लेक्चरर याशिका वर्मा ने बताया कि अपलोड डेटा को विद्यालय स्तर से सत्यापित कराने की अंतिम तिथि 15 सितंबर व जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से सत्यापित कराने की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है।

### शरीयत के नाम पर अब रुकेगा महिलाओं का उत्पीड़न

**बरेली, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला देते हुए कहा है कि कोई भी मुस्लिम तलाकशुदा महिला पति से गुजारा भत्ता लेने की हकदार है। इस फैसले के बाद तीन तलाक पीड़िता और आला हजरत हेल्पिंग सोसाइटी की अध्यक्ष निदा खान ने कहा है कि अब शरीयत के नाम पर मुस्लिम महिलाओं का उत्पीड़न नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने इसे बेहतरीन फैसला बताते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाओं के अधिकार शरीयत के नाम पर छीने जाते हैं। गुजारा भत्ता को लेकर तर्क होता है कि जब महिला के साथ पुरुष नहीं रह रहा तो वह गुजारा भत्ता क्यों दे। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि सभी महिलाओं के लिए समान कानून होना चाहिए, क्योंकि गुजारा भत्ता के लिए मुस्लिम महिलाओं के लिए शरीयत का हवाला दिया जाता है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


# वाहन की टक्कर से बाइक सवार ताऊ-भतीजे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कासगंज के गांव ओम नगरिया के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बाइक से जा रहे ताऊ और भतीजे को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

कादरचौक क्षेत्र के गांव लभारी निवासी अर्जुन (23) पुत्र चोखे लाल की बहन की शादी जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव देवकली में हुई थी। उनके चार साल के भांजे की मौत हो गई थी। वहां से अर्जुन और उनके ताऊ उम्मेदी (55) पुत्र नत्थूलाल के साथ बुधवार शाम लगभग पांच बजे बाइक से देवकली से लौट रहे थे। बाइक अर्जुन चला रहा था। थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र में कादरगंज पुल पार करके ओम नगरिया चौराहे के मोड़ पर पहुंचे थे कि तेज रफ्तार से पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक पिकअप लेकर भाग गया। बाइक सवार ताऊ-भतीजा सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर कादरचौक पुलिस पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया। आगे की कार्रवाई के लिए थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस को जानकारी दी गई है।

कादरचौक के थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि हादसा पास के जिला कासगंज में हुआ था। वहां की पुलिस को जानकारी दी गई है। आगे की कार्रवाई वहीं से होगी।

# गबन के मामले में बस इतनी कार्रवाई पकड़े गए तो वापस करा दिया पैसा

कार्यालय संवाददाता बरेली

- पशु शेड बनाने के पैसे का लाभार्थियों के बजाय फर्म को किया गया था भुगतान
- मनरेगा के तहत हुआ था निर्माण, बीडीओ पर लगे थे गोलमाल के आरोप

**अमृत विचार :** भोजीपुरा ब्लॉक में मनरेगा योजना के तहत निजी पशु शेड बनवाने के लिए पहले अपात्रों का चयन किया गया, फिर पैसे का भुगतान एक निजी फर्म के खाते में भेज दिया गया। एक शिकायत के जरिए मामला पकड़ा गया तो अधिकारियों ने मौखिक आदेश देकर फर्म को भेजा गया भुगतान वापस कराकर मामला रफादफा करा दिया लेकिन मजदूरों को दी गई करीब 30 हजार रुपये की धनराशि अब भी फंसी रह गई है। पिछले दिनों मनरेगा लोकपाल ने पूरे मामले की जांच की थी लेकिन उनकी रिपोर्ट में भी लाभार्थी के बजाय फर्म को भुगतान करने वाले बीडीओ को क्लीनचिट दे दी गई है।

इस मामले में जांच एंटी करप्शन संस्था के नीरज सैनी की शिकायत पर हुई थी। मनरेगा के जिला लोकपाल शिशुपाल मौर्य के मुताबिक इसमें बीडीओ कमल श्रीवास्तव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। जांच में बीडीओ का भी पक्ष लिया गया। पाया गया कि मस्टर रोल का दुरुपयोग के साथ योजना में अपात्रों का चयन किया गया। इसमें पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक से लेकर तकनीकी सहायक तक ने सत्यापन में लापरवाही बरती। महिला मजदूर सुषमा देवी, हजारा बेगम, मल्लो, सनोवर का पंजीकरण बीडीओ कमल श्रीवास्तव की तैनाती से पहले हुआ था। रिपोर्ट में माना गया है कि पशु शेड पर धनराशि की स्वीकृति कमल श्रीवास्तव के कार्यकाल में हुई और 13 फरवरी 2023 को 2,53,606 रुपये का भुगतान भी उन्हीं के कार्यकाल में कृषि पाइप स्टोर नाम की फर्म के खाते में भेजा गया।

#### भ्रष्टाचार हुआ मगर यह अच्छी बात की पैसा वापस आ गया

मनरेगा के जिला लोकपाल की जांच रिपोर्ट का दिलचस्प निष्कर्ष है कि भ्रष्टाचार तो हुआ लेकिन यह अच्छी बात है कि गबन किया गया पैसा वापस आ गया। इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है कि भ्रष्टाचार का दोषी कौन है और अगर बीडीओ ने भी फर्म को पैसा ट्रांसफर कराया तो उन्हें दोषी क्यों नहीं माना गया।

### उत्तरांचल इस्पात फैक्ट्री में हादसा, भट्टी में विस्फोट

**काशीपुर, अमृत विचार :** सुल्तानपुर पट्टी स्थित उत्तरांचल इस्पात कंपनी में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। भट्टी में अचानक हुए विस्फोट से कई लोग घायल हो गए। कई घायलों को पहले काशीपुर के निजी अस्पताल लाया गया। बाद में उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

उत्तरांचल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में रोजाना की तरह काम हो रहा था। बुधवार की सुबह धातु पिघलाते वक्त भट्टी में अचानक से विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण लावा ऊपर की ओर छिटक गया। धातु के लावा के छींटे गिरने से कई मजदूर घायल हो गए। घायल मजदूरों को काशीपुर ले जाया गया।

निजी अस्पताल में पांच मजदूरों सीतामढ़ी निवासी किशोरी (35), शिवचंद (40) व सोनू सैनी (40) मुजफ्फरपुर निवासी प्रमोद (26) व गलबना निवासी रविंद्र (32) को भर्ती कराया गया। जबकि कई अन्य मजदूरों का दूसरे अस्पताल में इलाज कराया गया है।

# आखिर कहां है हमजा, सीओ से पूछे सैकड़ों लोगों ने सवाल

संवाददाता, रुद्रपुर

- ठुकराल के साथ सीओ सदर का किया घेराव
- नौ दिन बाद भी नहीं लगा सुराग, टीमें बढ़ाने की उठी मांग

**अमृत विचारः** पिछले नौ दिन से लापता 13 वर्षीय हमजा बेग का कोई अता-पता नहीं चलने से आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ सीओ सदर का घेराव किया और सीओ से सवाल किया कि आखिर हमजा कहां लापता हो गया। उनका आरोप था कि पिछले नौ दिन से पुलिस के दो सिपाही प्रकरण को देख रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। ऐसे में परिजनों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने सीओ से पुलिस की टीमें बढ़ाने की मांग की।

बुधवार को सीओ सदर को घेराव के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि 2 जुलाई को आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग नाराज होकर साढ़े 7 बजे से घर से लापता हो गया था। काफी देर तब किशोर वापस नहीं लौटा तो खोजबीन की गई और पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक पड़ताल में देखा गया कि किशोर पैदल ही रेलवे स्टेशन रुद्रपुर पहुंचा और संपर्क क्रांति ट्रेन में बैठकर गया था, लेकिन जब काठगोदाम रेलवे स्टेशन के कैमरे खंगाले गए तो किशोर का कोई सुराग नहीं मिला।

ठुकराल ने बताया कि प्रकरण को लेकर दो सिपाहियों के अलावा परिवार के लोग भी लगे हुए हैं, लेकिन नौ दिन बीत जाने के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। इससे प्रतीत होता है कि पुलिस प्रकरण को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं लापता किशोर के परिवार का बुरा हाल है। ऐसे में यदि पुलिस की टीमें बढ़ा दी जाएं तो नाबालिग को खोजा सकता है। जिस पर सीओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में दो टीमें बनाकर बारीकी से तलाश की जाएगी। जल्द ही बरामदगी का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर बाबू खान, जक्की रजा, नावेद खान, आदि मौजूद रहे।

#### लापता बालक की आड़ में ठगी करने वाले सक्रिय

**रुद्रपुर,अमृत विचार :** सीओ के घेराव के दौरान लोगों का कहना था कि लापता हमजा के नाम पर ठग भी सक्रिय हो गए है। बताया कि कुछ दिनों पहले लापता किशोर के पिता के मोबाइल पर फोन आया और कॉलर ने बताया कि लापता बालक को उसने देखा है, लेकिन उसकी खोजबीन के लिए पैसों की आवश्यकता है। बेटे की बरामदगी की चाह रखने वाले पिता ने कॉलर को तीन से चार हजार रुपये का भी भुगतान किया है। बताया कि इस प्रकार की कई कॉल आ चुके हैं। ऐसे में लापता बालक की आड़ में ठगी करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं।

#### कई प्रदेशों की खाक छान चुके हैं परिजन

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** दो जुलाई की शाम से लापता हमजा बेग की तलाश में जहां पुलिस भी प्रयासरत है। वहीं अपने बेटे को पाने की खातिर परिजनों ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यही कारण है कि लापता युवक की खोजबीन के लिए परिजन दिल्ली, लखनऊ, बरेली, मुंबई, कोलकाता तक का चक्कर काट चुके हैं और हर थाना चौकी की चौखट पर जाकर गुहार लगाई, लेकिन हमजा का कोई सुराग नहीं लगा। इसके अलावा परिजनों ने कई गाड़ियां बुक करा रखी हैं।


**सूचना**

मैं मोहम्मद शमीम पुत्र इस्माइल मोहल्ला कोर्ट अमरोहा मेरा एक गोदाम 200 गज कल्याणपुरा रोड पर है जिसकी पहली मंजिल पर मैं रिहाईशी इमारत बनाने के लिए मेरी एक फाइल पास करने हेतु विनिर्मित क्षेत्र अमरोहा में जमा है जिसमें मैं लगभग 7 दिन के अंदर अंदर पास करा लूंगा अगर किसी को कोई आपत्ति है तो 7 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MANJUR से बदलकर MANZOOR KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे MANZOOR KHAN के नाम से जाना जाये, MANZOOR KHAN पुत्र श्री अहमद जान, नि० 222, सैजनी नानकार, रामपुर (उ०प्र०)।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा चंदौसी

**शुद्धिपत्र**

सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत श्री विकास चौहान पुत्र अजय वीर सिंह चौहान की संपत्ति की बिक्री के लिए अमृत विचार, मुरादाबाद संस्करण में 15.06.2024 को किए गए हमारे प्रकाशन का हवाला देते हुए, यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी प्लेटफॉर्म को IBAPI MSTC e-Bikray पोर्टल (ibapi.in) से PSB Alliance Pvt. Ltd. (https://ebkray.in) पर स्थानांतरित कर दिया गया है। संपत्ति का विवरण देखने, पंजीकरण करने और बोलीदाता के रूप में लॉगिन करने तथा पहले से जारी नीलामी नोटिस/सूचनाओं के संबंध में नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, जैसा कि ऊपर बताया गया है, तथा उपरोक्त कारणों से बिक्री की शर्तों और नियमों में बदलाव के लिए कृपया https://ebkray.in पर जाएं। बिक्री की अन्य शर्तें और नियम यथावत रहेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य

## पीएमएसएच संवर्ग के चिकित्सकों को मिलेगा नियमानुसार भारांक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य के चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में परास्नातक पाठ्यक्रम (पीजी) में दाखिले के लिए राज्य स्तर पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। आरक्षण के नियमों का अनुपालन करते हुए पीजी सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। यह दिशा- निर्देश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा मंगलवार को जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि, नीट पीजी2024 की मेरिट लिस्ट में शामिल राजकीय सेवा में कार्यरत अर्थात पीएमएचएस संवर्ग के एमबीबीएस चिकित्सकों को नियमानुसार भारांक देकर, स्टेट की मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, एमडी, एमएस, डिप्लोमा, व डीएनबी में दाखिला लेने के लिए नीट पीजी 2024 काउंसिलिंग में, वहीं अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिनकी इंटर्नशिप 15 अगस्त तक पूरी हो रही हो या हो चुकी हो। उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेजों की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए 30 हजार, प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए दो लाख और प्राइवेट डेंटल कॉलेजों की काउंसलिंग प्रतिभाग करने के लिए एक लाख रुपये बतौर धरोहर राशि जमा करना होगा।

**नीट पीजी- 2024**



### चयनित चिकित्सा शिक्षकों की तैनाती 19 को

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेडकरनगर, आजमगढ़ समेत प्रदेश के सात राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, उप्र. लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। बतौर सहायक आचार्य के पद नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित करने के लिए 19 जुलाई को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, जवाहर भवन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि अंबेडकरनगर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए अधियाचन भेजा गया था। चयनित शिक्षकों की सूची सार्वजनिक हो चुकी है, सभी को कॉलेज आवंटन के लिए काउंसलिंग में बुलाया गया है।

# ई-कोर्ट से गैरहाजिर रहने पर एकतरफा होगा फैसला

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर के लंबित 42 मामलों की सुनवाई ऑनलाइन करेगा। सुनवाई में शामिल होने के लिए आवंटियों व बिल्डरों को आखिरी मौका दिया है। इनके उपस्थित न होने पर एकतरफ फैसला सुनाया जाएगा। रेरा के ई-कोर्ट में घर खरीदारों की लखनऊ में 23 व गौतमबुद्ध नगर में 19 शिकायतें लंबित हैं। सुनवाई के दौरान किसी में आवंटी तो किसी में बिल्डर उपस्थित नहीं होते हैं। इस वजह से मामलों का समाधान नहीं हो पा रहा है।

- रेरा ने लंबित मामलों पर बिल्डर व आवंटी को दिया अंतिम मौका

ऐसे में रेरा ने संबंधित आंवटियों और बिल्डरों को सुनवाई का अंतिम मौका दिया। जिन्हें सार्वजनिक सूचना जारी करके हरहाल में ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने को कहा है और जुड़ने के लिए ई-मेल व रजिस्टर मोबाइल नंबरों पर लिंक भेजा है।

# नगर निकाय चुनाव में 20 सीटों पर जीते निर्दलीय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के नगर निकायों में 29 सदस्य पद के लिए हुए उप चुनाव में 20 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि सात सीटों पर भाजपा व दो सीटों कांग्रेस प्रत्याशियों ने विजय हासिल की। बुधवार को सभी निकायों में शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि जिन सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं, उनमें उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज, गाजीपुर की नगर पालिका परिषद गाजीपुर, नगर पालिका परिषद जमानियां, नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद, फतेहपुर की नगर पंचायत कारीकान धाता, रामपुर की नगर पालिका परिषद बिलासपुर व सुल्तानपुर की नगर पंचायत कादीपुर शामिल हैं। इसी तरह, कांग्रेस के जीते प्रत्याशियों में नगर पंचायत भदोही व लखीमपुर खीरी की नगर पालिका परिषद के प्रत्याशी शामिल हैं। बाकी सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। इनमें रामपुर के दो निकायों और झांसी व सुल्तानपुर के एक-एक निकायों में कुल चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सबसे ज्यादा 68.47 प्रतिशत मतदान मेरठ की नगर पंचायत हर्रा में हुआ, जबकि सबसे कम 34.15 प्रतिशत मतदान गाजीपुर के जमानिया में हुआ।

लखीमपुर खीरी की नगर पंचायत खीरी वार्ड शेख सराय उत्तरी से कांग्रेस की परवीन ने विजय हासिल की। शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद तिलहर वार्ड घेरचोवा से निर्दलीय राधा रमण विजयी घोषित किए गए हैं।

### सबसे ज्यादा मत उन्नाव के कृष्णानंद को मिले

**लखनऊ।** नगर निकाय के सदस्य पद पर हुए उप चुनाव में सबसे ज्यादा 69.73 प्रतिशत मत उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज वार्ड धन्नीपुर के विजयी प्रत्याशी कृष्णानंद को मिले, जबकि सबसे कम 27.48 प्रतिशत मत फतेहपुर की नगर पालिका परिषद फतेहपुर वार्ड पानी की विजयी सदस्य मोहम्मद अयाज को मिले।

## सार-संक्षेप

### उमेशपाल हत्याकांड : आरोपी विजय हिस्ट्रीशीटर घोषित

**प्रयागराज, अमृत विचार :** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह रहे अधिवक्ता उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या के मामले में एक और चार्जशीट खोली गई है। इस हत्याकांड के छठे आरोपी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। माफिया अतीक अहमद व अशरफ के वकील रहे विजय मिश्रा को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया। इस समय विजय मिश्रा नैनी जेल में बंद है। उस पर आरोप है कि वह भी उमेश पाल हत्याक़ांड की साजिश में शामिल रहा है। उस पर यह भी आरोप है कि उमेश पाल जब कचेहरी से घर के लिए निकला तो उसकी लोकेशन अशरफ और असद को दी गई थी। इसका खुलासा खान सौलत हनीफ ने किया था।

### पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में बहस 19 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने अभियोजन की तरफ से बहस पूरी की। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बचाव पक्ष की बहस के लिए 19 जुलाई की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजन के मुताबिक मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व मंत्री के मुकदमे में हुई फार्मासिस्ट की गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे जंग बहादुर सिंह के विरुद्ध बुधवार को फार्मासिस्ट की गवाही दर्ज की गई। पूर्व मंत्री के खिलाफ एमपीएमएलए जज एकता वर्मा के न्यायालय में हत्या में साजिश का मुकदमा चल रहा। यह घटना 23 साल पहले अमेठी के जगदीशपुर में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया कि एफआईआर 17 अप्रैल 2001शाम को जामो थाने के गौरा पूरे मतउ निवासी शिव कुमार ने लिखाई थी। आरोप लगाया कि मेरा एक भतीजा अरुण कुमार वारिसगंज बाजार गया था। वहां जानकारी मिली कि दिन मे साढ़े दस बजे दिछौली के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हम लोगों ने जाकर देखा तो राजकुमार का शव पड़ा था। पुलिस की विवेचना मे पूर्व मंत्री और रामविलास की भूमिका हत्या की साजिश में पता चली।

### तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**बिंदकी-फतेहपुर, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब नहाने गए तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गई। जिससे उनके परिजनों समेत पूरे गांव में हड़कम्प मच गया। तीनों बच्चे कक्षा दो के छात्र थे। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में बुधवार को अपरान्ह करीब तीन बजे कक्षा दो के पढ़ने वाले अंश रैदास (9) पुत्र अर्जुन रैदास, विष्णु रैदास (8) पुत्र गौरेलाल रैदास एवं आयुष प्रजापति (8) पुत्र सुनील प्रजापति स्कूल से पढ़ कर घर वापस आए। आसपास रहने वाले तीनों विद्यार्थियों ने अपने-अपने घर जा कर स्कूल बैग रखा और खाना खाया। इसके बाद तीनों बच्चे घर से खेलने के लिए निकल गये। घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर तालाब में जाकर नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

### प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीटकर हत्या, 3 गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर क्षेत्र में अपने दोस्त के साथ उसकी नाबालिग प्रेमिका से मिलने गए एक युवक को लड़की के परिजनों ने पीट-पीटकर कथित तौर पर मार डाला। पुलिस ने बताया कि मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। उसने बताया कि घटना दनकौर थाना क्षेत्र के पीपलका गांव की है, जब अस्तौली गांव का निवासी कमल अपने दोस्त जितेंद्र के साथ कथित तौर पर उसकी नाबालिग प्रेमिका से मिलने गया था।

# यात्रियों ने 80 किमी तक सांप के साथ किया ट्रेन में सफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस के सेंट्रल स्टेशन पहुंचते ही कोच से उतरकर भागे यात्री

**अमृत विचार:** गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में सांप निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। कुछ यात्री तो दूसरे कोच में चले गए, वहीं कई ने दहशत के बीच लखनऊ से कानपुर तक का 80 किमी का सफर खौफ के साये में किया।

ट्रेन के सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचते ही यात्री कोच से उतरकर प्लेटफार्म पर आ गए। सूचना पर पहले से मौजूद आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे कर्मियों ने सांप को तलाश की, लेकिन सांप नजर नहीं आया। इस पर एसी कोच बदलकर ट्रेन को करीब सवा दो घंटे विलंब से रवाना किया गया। यात्रियों ने अधिकारियों को वीडियो दिखाया कि 45 नंबर बर्थ पर हाथ से ठोंकने पर सांप पूंछ लहराता है। एसीएम रेलवे संतोष त्रिपाठी ने बताया कि सांप की सूचना मिली थी। काफी तलाश कराई गई, लेकिन सांप कहीं नजर नहीं आया। एहतियातन नया कोच लगाकर ट्रेन रवाना की गई।

# शिक्षामित्र के पति की गला रेत कर हत्या

**हमीरपुर, अमृत विचार :** बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार गांव के परिषदीय विद्यालय में मंगलवार रात शिक्षामित्र के पति की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह स्कूल में शौचालय के पीछे शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा कर छानबीन की। बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार निवासी संदीप सिंह (45) पुत्र अर्जुन सिंह की कंपोजिट स्कूल में दिव्यांग शौचालय के पीछे धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि संदीप सिंह मंगलवार की देर शाम घर से निकला था।

# लेखपाल बनते ही पत्नी ने किया किनारा

संवाददाता, झांसी

**अमृत विचार:** कुछ माह पहले एक महिला अधिकारी का मामला चर्चा में आया था। उसके पति की ओर से दावा किया गया था कि अफसर बनते ही पत्नी के तेवर बदल गए थे। कुछ ऐसा ही प्रकरण झांसी में सामने आया है। झांसी में एक पति ने बताया कि उसकी पत्नी लेखपाल बन गई तो उसने घर छोड़ दिया। बातचीत भी बंद कर दी।

पति ने कहा कि वह कार की पेंटिंग करता है। इसलिए ही उसने लव मैरिज के 2 साल बाद सरकारी नौकरी लगने पर मुझे छोड़ दिया है। झांसी कलेक्ट्रेट सभागार में नवनियुक्त लेखपालों को



- दो साल पहले ही दोनों ने घर से भाग कर किया था विवाह

जिलाधिकारी नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। वहीं सभागार के बाहर एक पति अपनी का इंतजार इसलिए कर रहा था, क्योंकि उसकी पत्नी लेखपाल बन गई थी और पति अपनी लेखपाल पत्नी के हाथों में प्रमाण पत्र देखना चाहता था। लेकिन पति लेखपाल पत्नी का इंतजार ही करता रह गया और पत्नी पति को झांसा देकर सभागार से निकल गई। पति नीरज ने बताया 5 साल पहले उसकी मुलाकात ऋचा से हुई थी और फिर दोनों दोस्त बन गए थे। बाद में दोनों ने ओरछा में मंदिर में जाकर शादी की, जिसका रजिस्ट्रेशन भी हुआ।

**लेखपाल भर्ती का फार्म पति ने ही भरवाया था:** इस बीच साल 2022 में उत्तर प्रदेश सरकार ने लेखपाल भर्ती निकाली। लेखपाल भर्ती का फार्म खुद नीरज लेकर अपनी पत्नी ऋचा के पास आया। पति नीरज का आरोप है कि लेखपाल बनते ही उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया। उससे बातचीत बिल्कुल बंद कर दी। पति अब अधिकारियों से इस मामले में दखल देने की गुहार लगा रहा है।

## खबरें कोर्ट रूम से...

# धर्मगुरु ने धोखे से की शादी, कोर्ट ने शून्य घोषित की

**लखनऊ, अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए एक कथित धर्मगुरु द्वारा धोखाधड़ी कर 18 वर्षीय युवती से किए गए विवाह को शून्य घोषित कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि विवाह हिंदू रीति के बिना हुआ है तो उक्त विवाह के लिए मैरिज रजिस्ट्रार द्वारा जारी मैरिज सर्टिफिकेट या आर्य समाज मंदिर द्वारा जारी प्रमाणपत्र का कोई महत्व नहीं रह जाता।

अपील में परिवार न्यायालय, लखनऊ के 29 अगस्त 2023 के निर्णय को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थी युवती की ओर से दलील

- अंधेरे में रख धर्मगुरु ने युवती से कर लिया था विवाह

दी गई कि प्रतिवादी एक धर्मगुरु है। युवती की मां व मौसी उसकी अनुयायी थीं। 5 जुलाई 2009 को उसने अपीलार्थी व उसकी मां को अपने यहां बुलाया व कुछ दस्तावेजों पर यह कहते हुए दोनों के हस्ताक्षर करवाए कि वह उन्हें अपने धार्मिक संस्थान का नियमित सदस्य बनाना चाहता है। इसके पश्चात 3 अगस्त 2009 को भी उसने सेल डीड में गवाह बनने के नाम पर रजिस्ट्रार ऑफिस बुलाकर दोनों के हस्ताक्षर करवा लिए। कुछ दिनों बाद उसने अपीलार्थी के पिता को सूचना दी कि 5 जुलाई 2009 को उसका आर्य समाज मंदिर में अपीलार्थी से विवाह व 3 अगस्त 2009 को पंजीकरण भी हो चुका है। कहा गया कि सभी दस्तावेज धोखाधड़ी कर के बनवाए गए। अपील का प्रतिवादी ने विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि विवाह को सिद्ध करने का भार प्रतिवादी पर था। परंतु हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के तहत हिंदू रीति से विवाह होना वह सिद्ध नहीं कर सका। ऐसे में धारा 7 के तहत विवाह संपन्न होना नहीं माना जा सकता।

### अधिवक्ता गुरुवार को भी न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत

**प्रयागराज :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले कुछ जजों के आचरण को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए गुरुवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का संकल्प लिया है। वर्तमान स्थिति के बारे में मुख्य न्यायाधीश को पत्र के जरिये अवगत कराकर यथाशीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है। एसोसिएशन ने रजिस्ट्री द्वारा अधिवक्ता रोल नंबर का डेटा प्रदान करने से इनकार करने के बारे में भी अपनी शिकायत उठाई है।

### मीटिंग में रिवॉल्वर लेकर घुसे वकील को हाजिर करने के आदेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के आदेश पर लखनऊ बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया में एल्डर्स कमेटी की मीटिंग के दौरान एक अधिवक्ता के रिवॉल्वर लेकर घुसने और एल्डर्स कमेटी के सदस्य अधिवक्ताओं को धमकी देने का मामला सामने आया है। न्यायालय ने घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए धमकी देने वाले अधिवक्ता अरविन्द कुमार को हाजिर करने का आदेश पुलिस आयुक्त को दिया है।

### माल्या-नीरव के बाद अब राशिद पर लगेगा एफईओए

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 1000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के कथित सरगना शाइन सिटी ग्रुप के चेयरमैन राशिद नसीम के खिलाफ भगौड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए) के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी में है। यह पहली बार है, जब उप्र. में किसी भगोड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया जाएगा। शराब कारोबारी विजय माल्या व हीरा व्यापारी नीरव मोदी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया गया था।

# अवैध रूप से जमीन हड़पने में एसडीएम समेत पांच निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** फिरोजाबाद के सिरसागंज तहसील में गलत तरीके से भूमि का विक्रय करने, अपने करीबियों को जमीन दिलाने के मामले में कड़ा एक्शन लेते हुए राज्य सरकार ने उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पेशकार को निलंबित कर दिया है। जांच के लिए गठित कमेटी की अनुशंसा के बाद यह कार्रवाई की गई है। शासन की ओर से डीएम को इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार के सतर्कता विभाग की ओर से इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के भी

- राज्य सरकार ने डीएम को दिये एफआईआर कराने के निर्देश

निर्देश दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद विवेक राजपूत ने सिरसागंज तहसील में तैनाती के दौरान जून 2024 में ग्राम रुधैनी की जमीन से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश को खारिज कर संदिग्ध रूप से आदेश पारित किया। आदेश के महज पांच दिन के अंदर अनियमित तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए भूमि अपने गृह जनपद के निवासियों व अन्य सगे संबंधियों को दिला दी गई। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार-नायब तहसीलदार नवीन कुमार पर भी पद का दुरुपयोग कर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से जमीन हड़पने पर निलंबित कर दिया गया।

### पूर्व आईएएस आलोक रंजन के 383 डॉलर खाते से कटे

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े एक एफआईआर गोमतीनगर थाने में दर्ज हुआ है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से बिना उनको सूचना दिए 383 यूएस डालर काट लिए गए। यह धनराशि किसने और क्यों काटी इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में उनके साथ फ्राड किया गया है। पूर्व आईएएस की शिकायत पर गोमतीनगर पुलिस ने अज्ञात के नाम सूचना प्रद्योगिकी (संशोधन अधिनियम) 2008 के अंतर्गत 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। एसएचओ ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## वर्ग पहेली-127

**बाएं से दाएं**

1. 1. रास्ता, मार्ग 2. तराज़ू पर चीज़ें तौलने का बटखरा, बट्टा। (मु.)- जोहना : प्रतीक्षा करना। -पड़ना : पीछे पड़ना। -कहीं बाट पड़ना : डाका पड़ना।
4. पुंज, समूह, राशि।
6. नालदार जूता।
7. 1. छोटा 2. कमज़ोर, कृशकाय 3. लघु, अल्प।
8. 1. निर्झर, पानी का झरना 2. सोता 3. वह धन जो हाट या बाज़ार में बैठकर सौदा बेचने वाले छोटे दुकानदारों से नित्य प्रति कर के रूप में उगाहा जाता है
9. 1. तमोगुण से युक्त 2. तामस स्वभाव का।

**ऊपर से नीचे**

2. बाग या बगीचे में पेड़-पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने वाला व्यक्ति; बाग का माली।
3. 1. किसी तरल पदार्थ को सांस के साथ भीतर की ओर खींचना, नास लेना 2. उदरस्थ करना, पी जाना।
5. 1. बेशऊर होने की अवस्था 2. बदतमीज़ी, नौसिखियापन, फूहड़ता।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 | |
| ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | |
| 7 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -126 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 फ | ल | 2 मं | डी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ |
| ■ | 3 स | र | स | री | ■ |
| ■ | ■ | ■ | मी | ■ | 4 ब |
| 5 ना | 6 के | दा | र | ■ | ड़ |
| ■ | व | ■ | ■ | 7 सिं | ह |
| 8 ए | का | ए | क | ■ | ल |

## सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 3 | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | | 2 | | | 9 | |
| 5 | 3 | | | 8 | | 2 | 7 | |
| 2 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 9 | | | 4 | 3 |
| | 9 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | 6 | | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 7 | | | | 1 |

### सुडोकू -39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 10.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग

बु. शु. गु. 5 4 2 1 मं. चं. के. सू. 3 रा. 6 12 9 7 11 8 10 श.

**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 01.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज आर्थिक क्षेत्र में आय एवं व्यय का संतुलन बना रहेगा। आगंतुक मेहमान से ग्रह खर्चे में वृद्धि होगी। श्रम संघर्ष दौड़ धूप के बावजूद लाभ कम होगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का प्यार और सहयोग मिलेगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए चिंता भरा रहने वाला है कार्य क्षेत्र में आपको कुछ समस्या हो सकती हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। घर में भोग विलास की सामग्री पर धन खर्च होगा। व्यापार में आय कम होने के योग हैं।

**मिथुन:** आज आपका कोई काम पूरा होने से कल आपको खुशी होगी जिस कारण आप किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। बैंक सेवा से जुड़े लोगों को धन एवं उपहार प्राप्त होंगे। व्यापार में आपकी सूझबूझ के कारण हानि लाभ में बदल जाएगी।

**कर्क:** आज आपके लिए स्वास्थ्य के लिए हाथ से कमजोर रहने वाला है। आपका मन-आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा जिसे लेकर आप जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक मामला में कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें।

**सिंह:** आज व्यवसाय में आपको आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है और आप किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे तो वह भी कल पूरा हो सकता है। आज आप अपना ऋण चुकाने में सफल होंगे।

**कन्या:** आज परिवार में यदि कोई वाद विवाद हो तो आप उसमें चुप लगाए नहीं तो वह बढ़ सकता है। आर्थिक लेनदेन में मामलों में सतर्कता रखें। जहां तक संभव हो अधिक धन न लें। घर में भौतिक सुख साधनों की वस्तु पर खर्च होगा। वाहन आदि का कार्य कर सकते हैं।

**तुला:** आज काम की अधिकता रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे, जिस कारण आप अपने परिवार के सदस्यों को समय थोड़ा काम देंगे। कार्य क्षेत्र में किसी अधीनस्थ लाभ होगा। आय बढ़ेगी। पैतृक धन संपत्ति मिलेगी।

**वृश्चिक:** आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा दूर होने से रुका हुआ धन मिलेगा। बौद्धिक कार्य को करने वालों को विशेष सफलता मिलेगी। आपके परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मन रखेंगे जिसे देखकर आपको खुशी होगी।

**धनु:** आज नौकरी में अपेक्षित धन लाभ न होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। धन किसी अनजान व्यक्ति को न दें अन्यथा वह लेकर भाग जाएगा। व्यापार में पिता से सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन का खर्चा सोच विचार कर करें। वाहन खरीद सकते हैं।

**मकर:** आज आमदनी कम खर्च अधिक होगा। आर्थिक क्षेत्र में पुराने आय स्रोतों पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। प्रेम संबंध में अत्यधिक धन व्यय होगा। नौकरी में कोई आपसी मतभेद होने से आपकी आय पर असर पड़ेगा। संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण लेना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में किए गए परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। पूर्व से रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन संपत्ति वाहन आदि खरीदने के योग बन सकते हैं।

**मीन:** आज आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। व्यापार में अच्छी आय होने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति संग वेतन वृद्धि होगी। प्रेम संबंध में धन, मान का लाभ मिलेगा। उधार वापस मिलेगा। विदेश से धन एवं उपहार प्राप्त होंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
तेरी कसम — सुबह : 08.40
हीरो — रात : 09.17

**&pictures**
टॉयलेट — सुबह : 10.45
धमाल — रात : 07.30

**Sony PIX**
हैनकॉक — सुबह : 11.23
लाइट आउट — शाम : 05.39

**Zee Cinema**
सीटीमार — सुबह : 10.31
ऑपरेशन जावा — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
जुर्माना — सुबह : 07.49
कुछ कुछ होता है — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया...
सोनू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया...
सोनू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया...
सोनू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा...

पत्नी- मैंने जन्मदिन पर गिफ्ट में गहने मांगे और तुमने दिया "खाली डिब्बा कितनी शर्म आई मुझे फ्रेंड्स के आगे
रामू- शर्म ही तो औरतों का गहना है पगली।

## एक नजर

### चार सरकारी बैंकों ने 6,481 करोड़ का लाभांश दिया

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक और इंडियन बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 6,481 करोड़ रुपये के लाभांश चेक सौंपे। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ देबदत्त चंद से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2,514 .22 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त हुआ। इसी तरह, केनरा बैंक के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सत्यनारायण राजू ने 1,838 .15 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक ने भी पिछले वित्त वर्ष के लिए सरकार को 1,193 .45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1090 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-970 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,950 |
| चांदी आभूषण | 91,600 |

# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार

## सेंसेक्स ने 426.87 और निफ्टी ने 108.75 अंक का लगाया गोता

**मुंबई, एजेंसी**

विश्व बाज़ार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार क़रीब आधे प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.87 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,924.77 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 47,450.68 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 53,779.98 अंक पर आ गया।







• **निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही**

बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2576 में मुनाफावसूली जबकि 1363 में लिवाली हुई वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, हेल्थकेयर, पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.69 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 0.99, दूरसंचार 0.44, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 1.60, रियल्टी 0.07, टेक 0.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.25 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.60, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत मजबूत रहा।

## टाटा संस के सूर्य कांत यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में

**वाशिंगटन।** भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र के दिग्गज एवं टाटा संस के वरिष्ठ सलाहकार सूर्य कांत यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा, सूर्य कांत का नेतृत्व रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा तैयार करने और उसका मार्गदर्शन करने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और एसटीईएम शिक्षा की बदलती गतिशीलता को वह समझते हैं। सूर्य कांत ने एक बयान में कहा, भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

# एनबीएफसी की जानकारियों की गुणवत्ता पर जताई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कुछ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से दी गई जानकारियों की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए लेखा परीक्षकों से उचित गुणात्मक जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा है।

राव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, वैधानिक ऑडिटर वित्तीय विवरणों में हितधारकों का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह बैंकिंग उद्योग के मामले में खासतौर पर महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी पूरी इमारत भरोसे पर बनी है और सबसे बड़े बाहरी हितधारक यानी जमाकर्ता विखंडित और असंगठित होते हैं।

उन्होंने मंगलवार को वाणिज्यिक बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय



• **आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने उचित जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा**

संस्थानों के वैधानिक लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्त अधिकारियों (सीएफओ) के सम्मेलन में यह बात कही। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि वित्तीय विवरणों का खुलासा पारदर्शिता की आधारशिला हैं क्योंकि ये प्रबंधन की जानकारी और बाहरी उपयोगकर्ता के बीच की खाई को पाटते हैं। व्यापक खुलासे और संक्षिप्तता के बीच संतुलन बनाना एक कठिन काम है।

## एआईबीओसी ने रूपम रॉय को फिर महासचिव चुना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन (एआईबीओसी) ने रूपम रॉय को फिर से महासचिव चुना है। एआईबीओसी बैंक अधिकारियों की सबसे बड़ी यूनियन है। गुवाहाटी में आयोजित 13वीं त्रैवार्षिक आम परिषद की बैठक के दौरान बालचंद्रन पी एम को भी एआईबीओसी का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एआईबीओसी ने बैठक में कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बैंक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी संबद्धों के लगभग 1,100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, एआईबीओसी और सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी (सीएफए) द्वारा संयुक्त रूप से मेरी ब्याज दर कहां है? शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई।

## इंफ्रास्ट्रक्चर बांड से एसबीआई ने 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपने छठे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 18,145 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं तथा यह 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग 3.6 गुना अधिक अभिदानित हुआ। प्राप्त बोलियों की कुल संख्या 120 थी, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी को दर्शाती है।

# विकसित भारत का खाका पेश कर सकता है आने वाला बजट : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

• **वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने पेश किये जाने वाले बजट में 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश कर सकती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया, राजकोषीय सूझ-बूझ वाले रुख के साथ हमारा अनुमान है कि राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर बना रहेगा। साथ ही भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार के साथ लक्षित सामाजिक क्षेत्र पर ध्यान दिया जाएगा।

सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा लक्ष्य जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के 5.1 प्रतिशत पर बना रहेगा। यह अंतरिम बजट में तय लक्ष्य के अनुरूप है। साथ ही सरकार अगले वित्त वर्ष तक इसे 4.5 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर कायम रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अपेक्षा से अधिक लाभांश मिलने के साथ राजकोष के मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई है। इससे पूंजीगत व्यय की गति बनाये रखने और लक्षित कल्याणकारी उपायों पर खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बीवाईडी ने एट्टो 3 को भारत में उतारा

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बी वाई डी ने भारतीय बाजार में एट्टो 3 को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 24.99 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अब कंपनी इस ईवी के 2024 संस्करण को लाई है। इसके नए वेरिएंट के साथ ही ब्लैक संस्करण भी लॉन्च की गई है। यूरो एनसीएपी में सेफ्टी के लिए पांच स्टार हासिल करने वाली बीवाईडी की इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को भारत में 24.99 लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। यह कीमत इसके डायनेमिक वेरिएंट की है।

# टाटा और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया**

टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने अपनी प्रमुख एसयूवी हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी मॉडल पर 1.4 लाख रुपये की कटौती की गई है।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में नेक्सन.ईवी पर की गई कटौती (1.3 लाख रुपये तक) ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार रुपये तक की कटौती की गई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनुसार, उसकी एक्सयूवी700 सभी सुविधाओं से लैस एएक्स7 की शुरुआती कीमत अब 19.49 लाख होगी। इसमें दो लाख रुपये से अधिक की कटौती गई है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### समलैंगिक विवाह मामले में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई नई पीठ के गठन तक बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को आज (10 जुलाई) न्यायाधीश कक्ष में इस मामले पर सुनवाई करनी थी। इस बीच पांच सदस्यीय इस पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले से अपने को अलग कर लिया। इस वजह से पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी और नई पीठ के गठन होने तक इस मामले को स्थगित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाला फैसला 17 अक्टूबर 23 को सुनाया था।

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह इस बारे में आदेश 12 जुलाई को सुनाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार को जमानत दी जाए या नहीं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार के वकील तथा दिल्ली पुलिस एवं मालीवाल की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच जारी है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

### शंभू बॉर्डर पर अवरोधक हटाने का कोर्ट का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के निकट शंभू बॉर्डर पर लगाए गए अवरोधक एक सप्ताह के भीतर हटाने का बुधवार को आदेश दिया। किसान अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी से वहां डेरा डाले हुए हैं। दरअसल संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के समर्थन में जब दिल्ली की ओर बढ़ने की घोषणा की थी तब हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे।

# केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है सीबीआई : उच्चतम न्यायालय

## पश्चिम बंगाल के वाद को विचारणीय बताते हुए केंद्र की आपत्ति को किया खारिज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के एक वाद की विचारणीयता पर केंद्र की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि सीबीआई केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में सहमति वापस लिए जाने के बाद भी सीबीआई के तफ्तीश करने के विरोध में राज्य द्वारा दायर मुकदमे की विचारणीयता पर केंद्र की आपत्ति को खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई को 16 नवंबर,



2018 को राज्य में मामलों की जांच करने या छापे मारने के लिए दी गई अनुमति को वापस ले लिया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 के एक प्रावधान के अनुसार भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत अपराधों के मामलों को लेकर नियंत्रण केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास है। न्यायालय ने डीएसपीई कानून के अनेक प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा, हम यह भी पाते हैं कि स्थापना, शक्तियों का प्रयोग, अधिकार क्षेत्र का विस्तार, डीएसपीई का नियंत्रण, सबकुछ भारत सरकार के पास है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने व्यवस्था दी थी कि मुकदमा विचारणीय है। पीठ ने कहा, ''हमारे विचार से सीबीआई एक शाखा या अंग है जिसकी स्थापना डीएसपीई कानून द्वारा लागू वैधानिक योजना के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा की गई और वह भारत सरकार के अधीन है। पीठ ने अपने 74 पन्नों के फैसले में कहा, इतना ही नहीं, जिन अपराधों को केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित करती है, उनमें ही डीएसपीई द्वारा जांच की जा सकती है। इसने कहा कि डीएसपीई अधिनियम की धारा 4 के तहत, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों को छोड़कर, जिसमें अधीक्षण केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास होगा, अन्य सभी मामलों में डीएसपीई का नियंत्रण केंद्र सरकार के पास होगा।

**बैल दौड़ प्रतियोगिता**



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में धान के खेत में बैल दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी। • एजेंसी

# आदमी को ढोने की प्रथा की समाप्ति होगी बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जिस दिन एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा (साइकिल रिक्शा से ढोने की प्रथा) समाप्त होगी, वह ऐतिहासिक दिन और उपलब्धि होगी। गडकरी ने भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभी भी एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी के ढोने की परम्परा



• **भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले गडकरी**

कायम है और मैं इस परम्परा को समाप्त करने क लिए प्रयासरत हूं।

उन्होंने कहा इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ई- रिक्शा और ई- कार्ट जैसे कदम उठाया है। जिस दिन हमारे देश से यह कुप्रथा समाप्त हो जाएगी, वह दिन मेरे जीवन का और हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।

# कठुआ हमले को लेकर 51 हिरासत में

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में हुए हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान एक ट्रक चालक और 50 अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह ट्रक शुरू में माचेडी-किंडली-मल्हार पहाड़ी सड़क पर सेना के वाहनों के पीछे था।

सोमवार को हुए इस हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित



• **हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे**

पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। टिप्पर चालक पर संदेह जताया गया है और अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उसने पुलिया पर पास मांगकर जानबूझकर (सैन्य) काफिले के निकलने में देरी कराई थी। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, आमतौर पर इन इलाकों में सेना के वाहनों को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन टिप्पर ने फिर भी पास मांगा, जिससे दोनों वाहनों की गति धीमी हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि चार जिलों के घने जंगलों में रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच सेना और पुलिस का तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि अभियान कठुआ, उधमपुर और भद्रवाह से शुरू किया गया और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षाबलों ने घात लगाकर किए गए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए 50 लोगों को हिरासत में लिया है।

# बीएमसी ने बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहाया

**मुंबई, एजेंसी**

• **बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में बीएमसी ने की कार्रवाई**

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया।

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए अनधिकृत निर्माण और बदलावों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बीएमसी ने बार का निरीक्षण किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अनधिकृत निर्माण या बदलाव तो नहीं किया गया है।

# नीतीश ने पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा किया

**पटना, एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां रोडवेज परियोजना का जिम्मा संभाल रही एक निजी कंपनी के एक प्रतिनिधि को पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा करने की कोशिश की। पटना में जेपी गंगा पथ के दूसरे चरण का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री जैसे ही वहां से चलने के लिए उठे तो सामने खड़े निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि तेजी से काम को पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी से जल्दी काम पूरा होना



• **निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि जल्दी काम पूरा होना चाहिए**

चाहिए.. कहिए तो आपके पैर भी छू लेंगे। कुमार इंजीनियर का पैर छूने के लिए जैसे ही आगे बढ़े, वहां मौजूद पथ निर्माण विभाग के सचिव प्रत्यय अमृत ने हाथ जोड़कर उनका रास्ता रोक लिया और ऐसा नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा स्थानीय सांसद रवि शंकर प्रसाद भी मौजूद थे।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक वीडियो फुटेज साझा करते हुए लिखा, एक कमजोर बेबस मुख्यमंत्री के कारण बिहार में होना वही है जो चंद सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने ठाना है क्योंकि अधिकारी भी जानते है कि ये 43 सीट वाली तीसरे नंबर की पार्टी के मुख्यमंत्री है।

## राहुल पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक पर रिपोर्ट

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा के विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के. अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कवूर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बाल विवाह में शामिल लोगों को अभियोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बाल विवाह में संलिप्त लोगों को अभियोजित करने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। साथ ही, शीर्ष अदालत ने देश में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दलील दी कि राज्यों में

• **शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा**

जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पर, शीर्ष अदालत ने कहा, ये कार्यक्रम, व्याख्यान जमीनी स्तर पर वास्तव में चीजें नहीं बदलते हैं।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' ने 2017 में शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को बखूबी लागू नहीं किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा, यह केवल अभियोजन का मामला नहीं है।

## खेल डायरी

### रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था। वह सर रिचर्ड हैडली मेडल हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। तीन अन्य खिलाड़ियों बेन सियर्स, विल ओरूर्के और जैकब डफी को भी पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों में फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग शामिल हैं।

### चयनकर्ता वहाब और रज्जाक बर्खास्त

**लाहौर।** पाकिसतान क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद चयनकर्ताओं वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया है। रज्जाक पाकिस्तान की महिला टीम के भी चयनकर्ता थे और उन्हें पद से हटा दिया गया। इन दोनों की विदाई का आधिकारिक ऐलान इस सप्ताह के आखिर में होगा। वहाब को पीसीबी चैयरमैन मोहसिन नकवी का बहुत करीबी माना जाता है। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की चयन समिति में मोहम्मद युसुफ, असद शफीक और डेटा एनालिस्ट बिलाल अफजल बचे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चयन समिति का पुर्नगठन होगा और समिति में एक मुख्य चयनकर्ता भी होगा। इस चयन समिति के सदस्यों की संख्या भी सात से कम होगी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पिछले चार वर्षो में छह मुख्य चयनकर्ता देख चुका है। वहाब से पहले हारून राशिद, शाहिद अफरीदी, इंजमाम उल हक, मोहम्मद वसीम और मिस्बाह उल हक भी छोटे-छोटे कार्यकाल में चयनकर्ता बन चुके हैं।

### सूर्यकुमार टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई।** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईसीसी की नवीनतम पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही शृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 विजेता टीम के अधिकांश सदस्यों को जिंबाब्वे दौरे से आराम दिए जाने के बाद पांच मैच की शृंखला में भारत के बैकअप खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और टीम में जगह पक्की करने का मौका मिला है।

### राष्ट्रपति ने किया डूरंड टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। जब पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हजारों प्रशंसकों के सामने खेलते हैं, तो खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि वे जीतें या हारें खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और उन्हें दूसरी टीमों का सम्मान करना चाहिए। कभी-कभी खेल में आवेग और जुनून होता है, लेकिन खिलाड़ियों को भावनाओं पर काबू पाने और खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया

## तीसरे टी-20 में भारतीय कप्तान गिल ने जड़ा अर्धशतक, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त




मैच के दौरान शॉट खेलते यशस्वी जयसवाल ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल (66) और ऋतुराज गायकवाड़ (49) रनों की शानदार पारियों के बाद वॉशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा कर पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 3.1 ओवर में 19 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। वेस्ले मधेवीरे (1), तड़िवनाशे मारुमानी (13) और ब्रायन बेनेट (4)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद डिओन मेयर्स और कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने सिकंदर रजा (15) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर की आखिरी पर सुंदर ने जोनाथन कैंपबेल (1) रन को भी आउट कर दिया। डिओन मेयर्स और क्लाइव मडांडे के बीच 77 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए मैच का रुख मोड़ने का प्रयास किया। मडांडे ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये 37 रन बनाए। डिओन मेयर्स ने 49 गेंदों मे सात चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद (65) रनों की पारी खेली। वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा 10 गेंदों में (18) रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 23 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 15 रन देकर तीन विकेट लिये। आवेश खान को दो विकेट मिले। खलील अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिकंदर रजा ने यशस्वी जयसवाल को ब्रायन के हाथों कैच आउट कराकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से (36) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये पिछले मैच के शतकवीर अभिषेक शर्मा (10) सिकंदर रजा के शिकार बन गये। 18वें ओवर में मुजराबानी ने शुभमन गिल को रजा के हाथों कैच आउट करा कर जिम्बाब्वे के लिए तीसरा विकेट हासिल किया। गिल ने 49 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (66) रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 49 रन बनाए। संजू सैमसन सात गेंदों में (12) और रिंकू सिंह (1) रन पर नाबाद रहे। निर्धारित 20 ओवरों में भारत ने चार विकेट पर 182 रन बनाये और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया।

**49** रनों की शानदारी खेल कर ऋतुराज ने भारत को कम स्कोर पर रुक जाने से बचाया

### स्कोर बोर्ड

**भारत 182/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 46 | 7/3 |
| अभिषेक शर्मा का मरुमानी बो रजा | 10 | 9 | 1/0 |
| रुतुराज का माधेवरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 7 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्जा 3-0-25-0, माधेवरे 1-0-19-0

**जिंबाब्वे 159/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवरे का अभिषेक बो आवेश | 1 | 2 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 4 | 5 | 1/0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3/0 |
| कैंपबेल का स्थानापन्न (पराग) बो सुंदर | 1 | 2 | 0/0 |
| क्लाइव मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2/2 |
| वेलिंगटन मसाकाद्जा नाबाद | 18 | 10 | 1/1 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0

## टी-20 विश्व कप में महत्वपूर्ण होगी पूजा की भूमिका : मंधाना

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में किए प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। मंधाना ने कहा पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि पूजा विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह लंबी अवधि की श्रृंखला थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला।



● वस्त्राकर द. अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया

## पैरा निशानेबाज रूबिना और स्वरूप को ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज रूबिना फ्रांसिस और स्वरूप उन्हाल्कर ने बुधवार को वाइल्डकार्ड (बाईपारटाइट नियम) के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलों में पैरा निशानेबाजों की संख्या 10 हो गई।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने रूबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरूप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोऊ एशियाड खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रूबिना और स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं जिससे पीसीआई ने वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह करने का फैसला किया। राष्ट्रीय पैरा निशानेबाजी कोच सुभाष राणा ने कहा था कि इन दोनों के कोटा स्थान करीब से चूक जाने के बाद उन्होंने वाइल्ड कार्ड के लिए आग्रह किया था।

## 75 वर्ष के हुए भारतीय क्रिकेट को सुनहरे दिन देने वाले गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा और उनकी कलात्मक बल्लेबाजी को याद किया गया। गावस्कर को क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं। गावस्कर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर बन गए जिसमें उन्होंने अपार सफलता हासिल की। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित कमेंटेटरों में गिना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गावस्कर को बधाई देते हुए लिखा लिटिल मास्टर आज 75 साल के हो गए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी क्रांति का मार्ग प्रशस्त करने वाले गावस्कर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



● बीसीसीआई समेत भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने दी लिटिल मास्टर को बधाई

## भारतीय हैंडबॉल टीम में लखनऊ के सुयश सहित प्रदेश के चार खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के मो. तौहीद को जयपुर में आयोजित यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया के लिए चयनित भारतीय यूथ हैंडबॉल टीम का कोच बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम में जगह बनाने वाले यूपी के चार खिलाड़ियों में से लखनऊ के सुयश अवस्थी और गोरखपुर के मनीष यादव का चयन यूथ टीम में किया गया है। वहीं, गोरखपुर के ज्ञान गौरव और मानवेंद्र यादव का चयन भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के लिए किया गया है।

भारतीय टीम में उप्र के चार खिलाड़ियों के चयन पर उप्र हैंडबाल संघ की अध्यक्षा अलका दास, महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित सभी पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हैंडबॉल इंडिया के महासचिव तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया प्रतियोगिता 10 से 14 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में होगी।



भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच।

## रिबाकिना सेमीफाइनल में पहुंचीं

लंदन, एजेंसी

पूर्व चैंपियन एलेना रिबाकिना ने बुधवार को यहां एलिना स्वितोलिना को सीधे सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

वर्ष 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने 21वीं वरीय स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-2 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना महिला एकल में बची शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं। पच्चीस साल की इस खिलाड़ी की ऑल इंग्लैंड पर 21 मैच में यह 19वीं जीत है। रिबाकिना सेमीफाइनल में 31वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने दो पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। रोलां गैरो पर 2021 की विजेता क्रेसिकोवा दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ रहीं थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं।




जीत के बाद दर्शकों का अभिवादन करतीं एलेना रिबाकिना। ● एजेंसी

### डि मिनोर हटे, जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे

**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने कहा बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर जीत के दौरान उन्होंने क्रैक की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका।

## अल्कराज और मेदवेदेव ने जीते क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**लंदन।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्कराज और रूस के पांचवें वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव बुधवार को विंबलडन चैंपियनशिप में अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीत गये। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21 वर्षीय अल्कराज ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। मैच के बाद अल्कराज ने कहा पहला सेट हारने के बाद मैंने अपने आपको मानसिक रूप से मजबूत किया। यह मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि यह एक लंबा मैच है। मैंने अगले सेट में जीत हासिल की और मैं खुश हूं। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में 28 वर्षीय मेदवेदेव ने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी जैनिक सिनर को 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से हराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने 22 वर्षीय इटली के खिलाड़ी के खिलाफ लगातार पाँच मैच हारने का सिलसिले को खत्म किया। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अल्कराज और मेदवेदेव के बीच मुकाबला होगा।



## बॉलीवुड हलचल

### पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म सूर्या 44 के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। देवा अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।



### करण और बादशाह के साथ नजर आएगी नोरा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, गायक करण औजला और बादशाह के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आएगीं। नोरा फतेही ने अपने खास डांस कौशल और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के साथ मनोरंजन की दुनिया में अपने लिए एक जगह बनाई है। वह जो भी काम चुनती है उसमें सर्वश्रेष्ठ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। हाल ही में नोरा से पूछा गया कि जब उनका नाम फिल्म बैड न्यूज के वायरल गाने तौबा-तौबा के लिरिक्स में शामिल किया गया, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी, तो उन्हें कैसा लगा। नोरा ने कहा, मैं घबरा गई! मैंने करण औजला का नया गाना सुना, और मुझे लगा कि यह मेरा नाम है। लेकिन क्या वह मेरा जिक्र कर रहा है या किसी और नोरा का, मेरा और उसका और बादशाह का एक ग्रुप है। और मैंने पूछा करण, क्या तुम मेरा जिक्र कर रहे हो? और वह बोला हाँ! बिल्कुल तुम! मैंने कहा करण, मैं आधिकारिक तौर पर अब इतिहास और पॉप कल्चर का हिस्सा हूँ, तुम्हारा शुक्रिया!



## फ्रांस को हराकर फाइनल में पहुंचा स्पेन

बर्लिन, एजेंसी

युवा सनसनी लैमिन यामल और दानी ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन ने फ्रांस पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच के दौरान मैदान पर स्पेन के 16 वर्षीय यामल ने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल दागकर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई और इसके साथ ही यूरोकप में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। स्पेन ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की। लेकिन नौंवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के बेहतरीन पास रैंडल कोलो मुआनी ने हेडर के जरिए गोल दागकर फ्रांस को बढ़त दिलाई। इसके चार मिनट बाद स्पेन डैनी ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गेंद को नेट में डालकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने वापसी का प्रयास करते हुए कई हमले किए। स्पेन ने दबाव को झेलते हुए मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाया। मैच में आखिर तक स्पेन की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर फाइनल में प्रवेश किया।



### फाइनल में, यामल ने बनाया रिकॉर्ड

**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। यामल ने मैच के बाद कहा, शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं। स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी हैं। रविवार को फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

### मेसी ने दागा 109वां गोल अर्जेंटीना फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी)।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## अंतरिक्ष से आई तस्वीर



नासा ने बुधवार को कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का दिखाई दे रहे हैं। दोनों ने अंतरिक्ष से विज्ञानियों से संवाद किया। नासा ने कहा है कि दोनों की वापसी में देरी हो गई है, लेकिन उनके लिए लंबे समय तक के लिए पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। एजेंसी

## यूएई में भारतीय मूल के डॉक्टर ने किया बच्ची का यकृत प्रतिरोपण

दुबई। भारतीय मूल के एक डॉक्टर ने चार साल की बच्ची का सफलतापूर्वक यकृत (लिवर) प्रतिरोपण किया है जो यूएई में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है। जीवित दानदाता का यकृत लेकर बच्ची में प्रतिरोपण किया गया है। बुर्जील मेडिकल सिटी (बीएमसी) में डॉ. रेहान सैफ के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने इस महत्वपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। अबू धाबी में जन्मी रजिया खान को प्रोग्रेसिव फैमिलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस टाइप 3 (पीएफआईसी) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी थी। रजिया के परिवार को पीएफआईसी के घातक परिणाम की जानकारी थी क्योंकि उनकी पहली बेटी की तीन साल पहले इसी बीमारी से भारत में मौत हो गई थी।

# एलएसी पर भारत के साथ सहयोग को चीन तैयार

बीजिंग, एजेंसी



विदेश मंत्री वांग यी



अजीज डोभाल

- चीन के विदेश मंत्री ने अजीत डोभाल के समक्ष रखा प्रस्ताव

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को ठीक से संभालने के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है। वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने मंगलवार को डोभाल को भेजे अपने संदेश में कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे व बढ़ते वैश्विक महत्व वाला है। वांग ने हाल में कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर एस जयशंकर से मुलाकात की थी। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

भारत-चीन की 3,488 किलोमीटर तक फैली सीमा के जटिल विवाद से व्यापक तौर पर निपटने के लिए 2003 में गठित, विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। गलवान में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार को छोड़कर दोनों देशों के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए। अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत की है। 22वीं बैठक होने वाली है।

### भारत कई इलाकों से पीछे हटने का बना रहा है दबाव

चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक पूर्वी लद्दाख में चार बिंदुओं- गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानन दबन (गोगरा) से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। भारत पीएलए पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना हटाने का दबाव बना रहा है। उसका कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति असामान्य बनी रहेगी तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती। चीन का अपना पक्ष है कि सीमा का प्रश्न संपूर्ण चीन-भारत संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता, और इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए एवं ठीक से संभाला जाना चाहिए।

## एक नजर

### ईरान के नए राष्ट्रपति 30 जुलाई को लेंगे शपथ

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान 30 जुलाई को शपथ लेंगे। ईरानी संसद के प्रेसिडियम के सदस्य मोजतबा यूसेफी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने यूसेफी के हवाले से कहा 14वां चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को होगा। पेजेशकियान (69) ने 5 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने। पेजेशकियान कुल 30,510,157 वोट में से 16,384,403 वोट हासिल किए और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन हैं।

### सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 7 घायल

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में गौतेंग प्रांत के मेराफोंग स्थानीय नगर पालिका में बुधवार सुबह एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 12 विद्यार्थियों सहित 13 लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। प्रांत में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति एवं मनोरंजन के लिए कार्यकारी परिषद के सदस्य माटोम चिलोएन ने बताया कि छात्रों को ले जा रही एक मिनीबस को सुबह करीब 6:45 बजे एक पिकअप ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गयी और उसमें आग लग गयी। चिलोएन ने बताया कि बस में सवार 11 छात्र रॉकलैंड्स प्राइमरी स्कूल से थे और एक कार्लटनविले के लार्सकूल ब्लिवूरुइट्सिग से था।

### रूस यूक्रेन संघर्ष में 600 यूक्रेनी सैनिक मारे गये

**मास्को।** रूस के दक्षिणी सैन्य समूह के साथ पिछले 24 घंटों के दौरान संघर्ष में यूक्रेन सशस्त्र बलों के करीब 600 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने लगभग 600 सैनिक, छह वाहन, दो 152-मिमी डी-20 बंदूकें और दो अमेरिका निर्मित 105-मिमी एम119 हॉवित्जर तोप नष्ट हो गये। रूस के सैन्य समूह के बलों ने पांच यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। इस दौरान यूक्रेन के करीब 510 सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन के रूस के जैपैड (पश्चिम) सैन्य समूह के साथ लड़ाई में 495 सैनिक मारे गये हैं।

# आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

## ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा- रूस और यूक्रेन शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण

वियना, एजेंसी

भारत एवं ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान कर आर्थिक, शैक्षणिक एवं उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने का फैसला किया तथा इसके साथ ही दोनों देशों ने यूक्रेन में युद्धविराम एवं शांति स्थापित करने के लिए मिल कर काम करने का संकल्प जताया। वियना की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच यहां चांसलरी भवन में आयोजित द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच के रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से भी मुलाकात की।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यात्रा 41 साल बाद हो रही है। बैठक के बाद मोदी ने कहा मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा लोकतंत्र और कानून का राज जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और समान हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।



ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।



वियना में बैठक में मोदी के साथ उपस्थित जयशंकर।



मोदी संग सेल्फी लेते चांसलर नेहमर।

- यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में चल रहे विवादों पर की चर्चा

### जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी चुनौतियां सामने खड़ी

मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर भी हमने विचार साझा किये। जलवायु के विषय में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठजोड़, आपदारोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठजोड़ (सीडीआरआई), बॉयोफ्यूल अलायन्स जैसी हमारी पहलों से जुड़ने के लिए हम ऑस्ट्रिया को आमंत्रित करते हैं। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए सहमत हैं।

### यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए

चांसलर नेहमर ने अपने वक्तव्य में बैठक के बारे में कहा प्रधानमंत्री मोदी और मैं सहमत हैं कि पश्चिम और वैश्विक दक्षिण के देशों को स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में चुने गए रास्ते को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस संबंध में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए। ऑस्ट्रिया हर संभव प्रयास करेगा और संवाद स्थल के रूप में भी काम करने के लिए तैयार है। नेहमर ने कहा, मोदी और मैं आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।

### बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा

मोदी ने कहा कि वियना में आज का बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा और हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाएगा। विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में हम ऑस्ट्रियाई और भारतीय तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग समझौते के बहुत करीब हैं। फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में साझेदारी करेंगे।

# कोई गलती न करें, रूस युद्ध में विफल हो रहा है : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो की 75वीं वर्षगांठ पर यूक्रेन को वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन के लिए वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की और कहा कि रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए नाटो सदस्य देशों के नेताओं का स्वागत करते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली, यूक्रेन को पांच अतिरिक्त, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण वायु-रक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे।

आगामी महीनों में अमेरिका और उसके साझेदारों की यूक्रेन को कई अतिरिक्त वायु-रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने बताया कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब ''हम अहम वायु-रक्षा प्रणालियां भेजें तो यूक्रेन अग्रिम मोर्चे पर हो। बाइडेन ने कहा रूस के 3,50,000 से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं या घायल हो गए हैं, करीब 10 लाख रूसी नागरिक, जिनमें से कई युवा लोग हैं, वे रूस छोड़कर जा चुके हैं क्योंकि उन्हें अपने देश में कोई भविष्य नहीं दिखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हम जानते हैं कि पुतिन यूक्रेन में रुकेंगे नहीं। लेकिन कोई गलती भी न करें, यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है और रोकेगा।

### मेरे प्रोत्साहन के बिना नाटो गठबंधन नहीं होता : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अन्य सदस्य देशों को अपना योगदान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित न किया होता तो आज नाटो गठबंधन नहीं होता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा है कि अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद अब तक नाटो नहीं होता।

## भारतीय मूल के दो नागरिकों को धोखाधड़ी के लिए जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के दो सिंगापुरी नागरिकों को यहां की एक अदालत ने कम से कम 50 कंपनी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी ठहराते हुए अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई है। उप लोक अभियोजक मैथ्यू चू ने अदालत को बताया कि दोषी की दो कंपनी क्वाट्र्ज रिसोर्सेज और किओरा वर्ल्डवाइड को बैंक खातों के जरिए धन प्राप्त हुआ जिसमें चीन और संयुक्त अरब अमीरात से लेनदेन भी शामिल है। स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में बताया गया कि ईशान शर्मा (34) को चार सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है जिस पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त कांधिबन लेचुमननसामी (36) को उपरोक्त दोनों कपनियों में सिर्फ नाम का निदेशक बनाया और उसे कंपनी के कामकाज में दखल नहीं देने के लिए कहा।

# हम कभी भी सेना में भारतीयों को भर्ती नहीं करना चाहते थे

नई दिल्ली, एजेंसी



- रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई

रूस ने कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में भर्ती किए गए भारतीयों की वापसी के भारत के आह्वान से संबंधित मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहा है। उसने कहा कि उनकी भर्ती पूरी तरह से एक व्यावसायिक मामला है।

रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने कहा कि मॉस्को कभी नहीं चाहता था कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें और संघर्ष के संदर्भ में उनकी संख्या नगण्य है। उन्होंने कहा हम इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ हैं। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे का जल्द समाधान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया, जिसके बाद रूस ने रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया था और इसके एक दिन बाद बाबुश्किन का बयान आया। बाबुश्किन ने कहा कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हम पूरी तरह स्पष्ट कर देते हैं कि हमने कभी नहीं चाहा कि भारतीय रूस की सेना में शामिल हों। आप इस पर रूस के अधिकारियों द्वारा कभी कोई घोषणा नहीं देखेंगे।

## हूती विद्रोहियों का तीन अमेरिकी, इजराइली जहाजों पर हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह अरब सागर और अदन की खाड़ी में अमेरिका तथा इजराइल के स्वामित्व वाले तीन जहाजों पर हमले का किया है। अल-मसीरा टीवी ने मंगलवार को हूती प्रवक्ता याह्या सरिया के हवाले से बताया कि अमेरिका और इजरायल के जहाज माएर्स्क सेंटोसा, मार्थोपोलिस तथा एमएससी पटनारी को निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि पहले अभियान में अरब सागर में अमेरिकी जहाज, माएर्स्क सेंटोसा को कई बैलिस्टिक और अन्य मिसाइलों से निशाना बनाया गया जबकि दूसरे अभियान में अरब सागर में जहाज, मार्थोपोलिस को ड्रोन से निशाना बनाया गया क्योंकि यह जहाज इज़रायली बंदरगाह की ओर जा रहा था। उन्होंने कहा कि तीसरे अभियान में 'अदन की खाड़ी में इजरायली जहाज एमएससी पटनारी को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया।

# सेना ने गाजा सिटी को तुरंत खाली करने का दिया आदेश

यरूशलम, एजेंसी



- सेना ने उत्तर, दक्षिण व मध्य गाजा में नए सिरे से हमले शुरू किए

इजराइली सेना ने सभी फिलिस्तीनियों को गाजा सिटी को तुरंत खाली कर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है। इजराइली सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र के उत्तर, दक्षिण और मध्य में नए सिरे से हमले शुरू किए हैं जिनमें पिछले 48 घंटों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

सैन्य गतिविधियों में वृद्धि ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ कतर की राजधानी दोहा में इजराइली अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, ताकि गाजा के हमास आतंकवादी समूह के साथ काफी समय से लंबित संघर्षविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके। सेना ने शहर में पर्चे गिराए, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया और कहा गया, गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इससे पहले मध्य गाजा में बुधवार तड़के इजराइल के हवाई हमले में छह बच्चों और तीन महिलाओं समेत 20 फलस्तीनी मारे गए जिनमें से कुछ इजराइली सेना द्वारा घोषित कथित सुरक्षित क्षेत्र के अंदर थे। मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह और उसके आसपास के शरणार्थी शिविरों पर लगातार दूसरी रात ये घातक हमले किए गए। इजराइल का कहना है कि वह नौ महीने से जारी सैन्य हमले के बाद गाजा के विभिन्न हिस्सों में फिर से संगठित हो रहे हमास चरमपंथियों को निशाना बना रहा है।

## कई फ्रांसीसी सांसद वामपंथी गठबंधन से मुक्ति चाहते हैं

**पेरिस।** फ्रांस में कई वामपंथी सांसदों ने प्रस्ताव दिया है कि संसदीय चुनावों में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन की जीत के बाद संसद में एक अलग समूह बनाया जाए। यह जानकारी फ्रेंच ब्रॉडकास्टर बीएफएमटीवी ने दी।

निर्वाचित सांसदों ने ग्रीन्स पार्टी और फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी, जो गठबंधन का हिस्सा हैं, को गठबंधन से अलग होने और अपना समूह बनाने की पेशकश की है। बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल की शुरुआत सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन, एलेक्सिस कॉर्बिएर और फ्रेंकोइस रफिन ने की, जिन्होंने मंगलवार को उक्त पार्टियों को एक आधिकारिक पत्र भेजा। सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन ने बताया कि नए समूह का उद्देश्य कथित रूप से जीन-ल्यूक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोव्ड पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी के साथ प्रतिस्पर्धा करना है।

# मोदी-पुतिन मिलाप से अमेरिका परेशान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों तथा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेल-मिलाप को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसने अपनी इन चिंताओं को भारत सरकार के साथ निजी स्तर पर बातचीत में और सीधे भी प्रकट किया है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इस तरह की चिंता मोदी की मास्को यात्रा के दौरान व्यक्त की गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी के पुतिन के गले मिलने के विषय में संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा हम रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर अपनी चिंताओं के बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हमने इसे भारत सरकार के साथ निजी तौर पर और सीधे भी इसे रखा है तथा हम ऐसा करते आ रहे हैं। इस संबंध में हमारे रूख में बदलाव नहीं आया है। मोदी-पुतिन मिलाप पर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की आपत्ति जता चुके हैं, तो क्या इसका भारत पर विश्वास और उसके साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा इस पर मिलर ने कहा वह यूक्रेन में संप्रभुता तथा भौगोलिक अखंडता के सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र के सिद्धांतों के अनुसार, किये जाने वाले प्रयासों को समर्थन दे।

### मोदी की रूस यात्रा की गूंज पेंटागन तक सुनाई दी

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की गूंज अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन में भी सुनाई दी। पेंटागन के प्रेस प्रवक्ता मेजर जनरल पैट रेडर से मोदी-पुतिन मुलाकात के समय के बारे में पूछा गया, जो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की शिखर बैठक के ठीक पहले हुई है। उनसे सवाल किया गया कि क्या इसे देखते हुए अमेरिका भारत को हथियारों की बिक्री करने के अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करेगा।

### रणनीतिक साझेदार बना रहेगा भारत : अमेरिका

राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने कहा है कि रूस के साथ संबंधों को लेकर चिंताओं के बावजूद भारत वाशिंगटन का रणनीतिक साझेदार बना रहेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन और विदेश विभाग के प्रवक्ताओं ने रूस के साथ भारत के रिश्तों और मोदी के मॉस्को दौरे से जुड़े सवालों पर मंगलवार को अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा भारत और रूस के बीच काफी लंबे समय से रिश्ते हैं।

## ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं : हैरिस



**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडेन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं। यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा।

परिवर्तन | कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पीपीबी पहुंची

# मानसून आया वायु प्रदूषण में सुधार लाया

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचारः** मानसून आया तो कृषि के साथ वायु प्रदूषण में राहत लाया है। मानसून की बारिश से मध्य हिमालय क्षेत्र में वायु प्रदूषण की मात्रा में काफी हद तक सुधार आ गया है। कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पहुंच गई है। गर्मी के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड चार गुना, जबकि ओजोन की मात्रा ढाई गुना बढ़ गई थी।

इस बार की गर्मी कई मायनों में याद की जाएगी। जिसमें वायु प्रदूषण ने भी आसमान छूने में कसर नही छोड़ी। ओजोन व कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा सर्वाधिक रही। जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 800 (पीपीबी) पार्ट पर बिलियन पहुच गई थी, जो सामान्य से चार गुना अधिक दर्ज की गई। इसी क्रम में ओजोन की मात्रा 100 पीपीबी पहुच गयी थी, जो सामान्यतः 40 पीपीबी होनी चाहिए। इसकी सामान्य मात्रा 200 पीपीबी होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के मुताबिक इन दिनों 300 पीपीबी पहुच गई है। ओजोन की मात्रा में भी काफी सुधार आ गया है, जो 60 पीपीबी पहुच गया है। आने वाले दिनों में बारिश में इनकी मात्रा में अधिक सुधार आएगा और वायु प्रदूषण की स्थिति सामान्य अवस्था में लौट आएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण में वृद्धि की प्रमुख वजह जंगलों की आग है। इस बार वनाग्नि ने हिमालय की तलहटी में जंगलों के जंगल स्वाहा कर दिए।

### एरीज कार्यशाला में खुलेंगे वायु प्रदूषण के रहस्य

**नैनीताल:** एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा मनीष नाजा ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में इस बार गर्मी के दौरान वायु प्रदूषण की मात्रा में अधिक वृद्धि दर्ज की गई । एरीज वायु प्रदूषण को लेकर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। जिसमें वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य हानि मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा सैटेलाइट व स्पेस सैंसर आधुकनिक तकनीक के जरिए वायु प्रदूषण मापन पर चर्चा की जाएगी।